हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, पटना, आरा एवं रांची से प्रकाशित

Page 11 खेल



**श्रीलंका के एंजेलो मैथ्यूज ने टेस्ट क्रिकेट को कहा अलविदा, 118 मैच, 15 साल से ज्यादा...**

Page 10 देश



**मालदीव में समुंद्र किनारे शांति खोज रहे तेज प्रताप यादव ने लगाया ध्यान**

कृष्ण पक्ष, अश्विनी, विक्रम संवत् 2082

• औरंगाबाद • शनिवार • 24 मई 2025 • वर्ष 27 • अंक 162 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00

## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
| --- | --- |
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹ 97,530 | ₹ 1,00,000 |



## आज का इतिहास

**2001 :** नेपाल के 15 वर्षीय शेरपा तेंबा शेरी माउंट एवरेस्ट की चोटी को फतह करने वाले सबसे कम उम्र के पर्वतारोही बने

**2002 :** रूस और संयुक्त राज्य अमेरिका ने मास्को संधि पर हस्ताक्षर किए।

## न्यूज बाइट्स

### भारत गौरव ट्रेन 31 मई से चलेगी, ज्योतिर्लिंग के होंगे दर्शन

**दरभंगा (नि.सं.)।** आईआरसीटीसी 31 मई से भारत गौरव ट्रेन शुरू करने जा रहा है। यह ट्रेन धनबाद से रवाना होगी। यात्रा 12 रात और 13 दिन की होगी। ट्रेन उज्जैन, द्वारका, सोमनाथ, शिरडी, नासिक, पुणे और औरंगाबाद के प्रमुख धार्मिक स्थलों तक जाएगी। वापसी 12 जून को होगी। धनबाद से चलने वाली यह ट्रेन हजारीबाग रोड, कोडरमा, गया, राजगीर, बिहारशरीफ, बख्तियारपुर, पटना, आरा, बक्सर, दिलदारनगर और पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्टेशन पर रुकेगी। इन स्टेशनों से यात्री सवार हो सकेंगे। दरभंगा से यदि कम से कम 10 यात्री होते हैं, तो ट्रेन दरभंगा से भी गुजरेगी।

### बिहार में जल्द होगा एक लाख 20 हजार शिक्षकों का ट्रांसफर

**पटना (नि.सं.)।** सरकारी स्कूलों में कार्यरत लगभग 1.20 लाख शिक्षकों के लिए राहत भरी खबर है। राज्य सरकार 27 मई से शिक्षकों के तबादले की बड़ी प्रक्रिया शुरू करने जा रही है। शिक्षा विभाग ने इसे 10 जून तक पूरा करने का लक्ष्य रखा है। इस बार शिक्षकों को पहली बार अंतर जिला और अंतर प्रखंड तबादले का विकल्प मिलेगा, जिससे वे अपनी सुविधा के मुताबिक स्कूल चुन सकेंगे। शिक्षा विभाग ने तबादले की प्रक्रिया को पारदर्शी और व्यवस्थित बनाने के लिए खास सॉफ्टवेयर तैयार किया है।

### अरवल का स्टार्टअप सेल बिहार में तीसरे स्थान पर

**अरवल (नि.सं.)।** राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय, अरवल के स्टार्टअप सेल ने एक बार फिर जिले और कॉलेज का नाम रोशन किया है। उद्योग विभाग, बिहार सरकार द्वारा अप्रैल 2025 के लिए जारी स्टार्टअप सेल रैंकिंग में कॉलेज को राज्य स्तर पर तीसरा स्थान प्राप्त हुआ है। इस अवसर पर प्राचार्य प्रो. प्रणव कुमार ने स्टार्टअप सेल की पूरी टीम को बधाई दी और उनके निरंतर प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह सफलता महाविद्यालय के छात्रों, फैकल्टी सदस्यों और स्टार्टअप टीम के समर्पण का परिणाम है। स्टार्टअप सेल के अंतर्गत युवाओं को बिजनेस आइडिया डेवलप करने, मेंटरशिप, ट्रेनिंग, नेटवर्किंग और सरकारी योजनाओं की जानकारी दी जाती है। यह सेल बिहार सरकार की बिहार स्टार्टअप नीति 2022 के अंतर्गत कार्य कर रहा है, जिसके तहत योग्य स्टार्टअप्स को 10 लाख तक की सीड फंडिंग प्रदान की जाती है। अरवल जिले के लिए गौरव का क्षण है। जिले स्थित राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय, अरवल के स्टार्टअप सेल ने बिहार सरकार के उद्योग विभाग द्वारा अप्रैल 2025 में जारी स्टार्टअप सेल रैंकिंग में राज्य भर में तीसरा स्थान प्राप्त कर एक बार फिर कॉलेज और जिले का नाम रौशन किया है।

**बिहार में रेलवे के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की दिशा में एक और कदम : एशिया के सबसे पुराने रेल कारखाने का होगा कायाकल्प**

# रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने वैगन पीओएच विस्तार परियोजना की रखी आधारशिला

विशेष संवाददाता | मुंगेर/कोलकाता

- 545 से बढ़ाकर 800 वैगन प्रति माह की हुई ओवरहॉलिंग क्षमता
- केंद्रीय मंत्री ललन सिंह, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी एवं विजय कुमार सिन्हा रहे मौजूद





केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को मुंगेर जिला के जमालपुर लोकोमोटिव वर्कशॉप में वैगन पीओएच क्षमता वृद्धि परियोजना की आधारशिला रखी। इस परियोजना के तहत वर्कशॉप की ओवरहॉलिंग क्षमता को 545 से बढ़ाकर 800 वैगन प्रति माह किया जाएगा। लगभग 78.96 करोड़ रुपये की लागत से यह परियोजना न केवल वैगनों की उपलब्धता बढ़ाएगी बल्कि परिचालन दक्षता में भी सुधार लाएगी। बता दें कि केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव बिहार दौरे पर पटना पहुंचे थे जहां उन्होंने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मुलाकात की तथा बिहार में रेलवे से जुड़ी परियोजनाओं पर चर्चा की। दिन भर के कार्यक्रम के दौरान रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने पटना से जमालपुर के बीच विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर केंद्रीय पंचायती राज, मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह और बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी तथा विजय कुमार सिन्हा भी उपस्थित थे। जमालपुर पहुंचने के बाद रेल मंत्री ने स्टेशन का निरीक्षण किया और 30 करोड़ रुपये की लागत से हो रहे पुनर्विकास कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिए। इसके बाद वर्कशॉप का दौरा कर उन्होंने वैगन निर्माण शॉप, क्रेन शॉप, और अन्य प्रमुख इकाइयों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान निर्मित बॉक्सएन वैगन, बीएलसीएस वैगन, ब्रेक वैन और 140 टन क्रेन, 8-व्हीलर टावर कार तथा जमालपुर जैक जैसे उत्पादों की सराहना की। इस दौरान पूर्व रेलवे एवं पूर्व मध्य रेलवे के अधिकारीगण समेत वर्कशॉप कर्मचारियों ने रेल मंत्री का पारंपरिक तरीके से गर्मजोशी से स्वागत किया। वहीं इंडियन रेलवे इंस्टीच्यूट ऑफ मैकेनिकल एंड इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के दौरे के दौरान रेल मंत्री ने 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' नामक एक विस्तृत विकास योजना वाली पुस्तिका का विमोचन किया। इसमें वेल्डिंग, न्यूमेटिक्स, हाइड्रोलिक्स और मेक्ट्रोनिक्स विषयों के प्रशिक्षण के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर उन्नयन की कार्ययोजनाएं शामिल हैं।

### गैर-रेलकर्मियों के बच्चों को भी मिलेगा पढ़ाई और प्रशिक्षण

रेल मंत्री ने घोषणा किया कि अगले वर्ष 2026 से 'इरिमी' संस्थान में यह व्यवस्था लागू हो जाएगी। इसके लिए गतिशक्ति विश्वविद्यालय के कुलपति को एक माह के अंदर यहां भेजा जाएगा। वे इस बात का अध्ययन कर व्यवस्था करेंगे कि किस प्रकार इस क्षेत्र के नौजवानों को भी रेलवे के इस संस्थान में पढ़ाई व प्रशिक्षण की व्यवस्था हो सके। रेलमंत्री ने इसके लिए स्थानीय सांसद एवं केंद्रीय मंत्री ललन सिंह के प्रति आभार व्यक्त किया कि उन्होंने इस प्रकार के सुझाव दिए। जिससे गैर रेलकर्मी भी अब इस संस्थान में प्रशिक्षण प्राप्त कर पाएंगे। रेल मंत्री ने कहा कि यह संस्थान विकसित भारत के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। जिसमें पढ़कर यहां के युवा देश और विदेश के विभिन्न बड़े संस्थानों में काम करने का गौरव प्राप्त करेंगे।

## मलेशिया के कुल रेल नेटवर्क के बराबर है बिहार का रेल नेटवर्क!



निज संवाददाता | पटना

जमालपुर पहुंचे केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि वर्ष 2009 से 2014 के मध्य बिहार में रेलवे के विकास के लिए प्रतिवर्ष औसतन 1,132 करोड़ रुपए आवंटित किए गए थे जिसे प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में बढ़ाकर इस वर्ष 10 हजार 66 करोड़ रूपये कर दिया गया है, जो कि पिछली सरकार की तुलना में 09 गुना ज्यादा है। बिहार में जहां 2009-14 के मध्य औसतन प्रतिवर्ष 64 किमी नई लाइन का निर्माण होता था वहीं 2014 से 2024 के मध्य औसतन प्रतिवर्ष 167 किमी नई लाइन का निर्माण हुआ है जो लगभग 2.5 गुणा ज्यादा है । इसी तरह बिहार में जहां 2009-14 के मध्य औसतन प्रतिवर्ष 30 किमी रेलवे ट्रैक का विद्युतीकरण होता था वहीं 2014 से 2024 के मध्य औसतन प्रतिवर्ष 275 किमी रेलवे ट्रैक का विद्युतीकरण हुआ है जो लगभग 09 गुणा ज्यादा है। बिहार में 2014 से 1832 किमी नई लाईन का निर्माण किया जा चुका है जो लगभग मलेशिया के कुल रेल नेटवर्क के बराबर है । इसके साथ ही बिहार में 2014 से 3020 किमी रेलवे ट्रैक का विद्युतीकरण किया जा चुका है तथा बिहार में रेलवे का 100 प्रतिशत विद्युतीकरण हो चुका है । इन सभी प्रयासों से बिहार के सामाजिक-आर्थिक स्थिति समृद्ध होगी। पूरे भारत में 34000 किमी रेलवे ट्रैक बिछाए गए। इसके अलावा, 50,000 किमी से अधिक मार्गों का विद्युतीकरण किया गया है जिससे तेल आयात पर निर्भरता घटी है। प्रधानमंत्री की बिहार के प्रति प्रतिबद्धता का उदाहरण देते हुए उन्होंने बताया कि पहली वंदे भारत ट्रेन भागलपुर से और पहली नमो भारत ट्रेन जयनगर से चलाई गई। ये सभी प्रयास बिहार में समृद्ध सामाजिक-आर्थिक स्थिति लाने की दिशा में उठाए गए हैं। इस अवसर पर विधायक प्रणव कुमार, अजय कुमार सिंह, राजीव कुमार सिन्हा, लाल मोहन गुप्ता, पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह, पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक मिलिन्द देउस्कर समेत कई अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा ने रेलवे के योगदान के लिए आभार व्यक्त किया, वहीं राजीव रंजन सिंह ने विकास के सूक्ष्म दृष्टिकोण की प्रशंसा की।

## नागरिक अधिकार सुनिश्चित करने के लिए नए आपराधिक कानूनों पर अमल जरूरी : शाह

एजेंसी | नयी दिल्ली



केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को यहां आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू के साथ राज्य में तीन नए आपराधिक कानूनों के कार्यान्वयन पर समीक्षा बैठक की और कहा कि नागरिकों को अधिकार दिलाने के लिए नए आपराधिक कानूनों का जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन आवश्यक। बैठक में पुलिस, जेल, कोर्ट, अभियोजन और फॉरेन्सिक से संबंधित विभिन्न नए प्रावधानों के कार्यान्वयन और वर्तमान स्थिति की समीक्षा की गई। बैठक में केन्द्रीय गृह सचिव, आंध्र प्रदेश के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक, महानिदेशक सहित गृह मंत्रालय और आंध्र प्रदेश के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। श्री शाह ने कहा कि तीन नए आपराधिक कानून, भारतीय संविधान की भावना को ज़मीन पर उतारने के लिए हैं। उन्होंने कहा कि नए आपराधिक कानूनों के बनने मात्र से नागरिक अधिकार को बल नहीं मिलेगा, बल्कि नागरिकों को अधिकार दिलाने के लिए इन कानूनों का ज़मीनी स्तर पर पूर्ण कार्यान्वयन आवश्यक है। उन्होंने कहा कि नए आपराधिक कानूनों के पूर्ण अमल से ही नागरिकों को उनके अधिकार मिल सकते हैं जिसके लिए तकनीक का उपयोग और निरंतर निगरानी अतिआवश्यक है।

केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि आंध्र प्रदेश को नए आपराधिक कानूनों के पूर्ण कार्यान्वयन के लिए सटीक समीक्षा करनी चाहिए जिससे राज्य में नए कानूनों पर जल्द से जल्द अमल सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कहा कि 60 और 90 दिन की समयसीमा के अंदर आरोपपत्र दाखिल करने और आरोप तय करने के लिए समयसीमा तय करने पर जोर देना ज़रूरी है। श्री शाह ने कहा कि आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री महीने, मुख्य सचिव 15 दिन और राज्य के गृह सचिव और पुलिस महानिदेशक सप्ताह में एक बार राज्य में नए आपराधिक कानूनों के कार्यान्वयन की स्थिति की समीक्षा करें।

## जून महीने का राशन शुरू

निज संवाददाता | पटना

पटना में खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग ने राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत लाभान्वित लोगों के लिए एक महत्वपूर्ण सूचना जारी की है। जिन लाभुकों ने किसी कारणवश मई 2025 का राशन तय समय-सीमा के भीतर प्राप्त नहीं किया है, वे अब भी अपने नजदीकी जन वितरण प्रणाली विक्रेता (पीडीएस डीलर) के पास जाकर बायोमेट्रिक सत्यापन के माध्यम से अपना राशन ले सकते हैं। विभाग ने स्पष्ट किया है कि विभाग को विभिन्न सूचना माध्यमों के जरिये यह जानकारी मिली कि अब भी राज्य के कई लाभुक ऐसे हैं जिन्होंने मई महीने का राशन नहीं लिया है। ऐसे लाभुकों को राहत देते हुए विभाग ने मई महीने के खाद्यान्न प्राप्त करने का एक और अवसर देने का निर्णय लिया है। ऐसे सभी लाभुक, जो किसी वजह से मई 2025 का राशन प्राप्त करने से वंचित रह गए हैं, वे सबसे पहले ई-पॉस मशीन पर बायोमेट्रिक सत्यापन करवाकर मई महीने का राशन प्राप्त कर सकते हैं। इसके बाद, वे पुनः उसी ई-पॉस मशीन पर दूसरी बार बायोमेट्रिक सत्यापन करवा कर जून 2025 का राशन भी प्राप्त कर सकेंगे। खास बात यह है कि जिन लाभुकों ने पहले ही मई महीने का राशन प्राप्त कर लिया है, उन्हें 22 मई 2025 से ही जून महीने का राशन दिया जाना शुरू हो चुका है। वे सीधे जाकर जून महीने के लिए तय खाद्यान्न को बायोमेट्रिक सत्यापन के बाद अपने नजदीकी डीलर से ले सकते हैं। इस पूरी व्यवस्था का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी पात्र लाभुक राशन से वंचित न रह जाए और सभी को समय पर खाद्यान्न की उपलब्धता सुनिश्चित की जा सके। विभाग ने आम जन से अपील की है कि वे इस सुविधा का लाभ उठाएं और तय प्रक्रिया के अनुसार अपने राशन की प्राप्ति सुनिश्चित करें। खाद्य विभाग की यह पहल उन गरीब और ज़रूरतमंद लोगों के लिए राहत का संकेत है, जो किसी कारणवश राशन प्राप्त नहीं कर पाए थे। साथ ही, यह राज्य सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है कि कोई भी व्यक्ति भूखा न रहे और सभी को आवश्यक सुविधाएं सुलभ रूप से प्राप्त हों।

## प्रधानमंत्री 29-30 मई को बिहार दौरे पर, पटना से लेकर औरंगाबाद व गोपालगंज तक को देंगे विकास की सौगातें

### नबीनगर में सुपर थर्मल पावर प्लांट की रखेंगे आधारशिला

- स्थानीय युवाओं को रोजगार और उद्योगों को निर्बाध बिजली आपूर्ति।

निज संवाददाता | पटना



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 29 और 30 मई को दो दिवसीय बिहार दौरे पर रहेंगे। यह दौरा विकास योजनाओं के लोकार्पण और शिलान्यास के साथ-साथ आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक दृष्टिकोण से भी काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। अपने इस प्रवास के दौरान प्रधानमंत्री लगभग 30 हजार करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं की सौगात देंगे। अपने दौरे की शुरुआत प्रधानमंत्री पटना एयरपोर्ट से करेंगे, जहां वे 65150 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में बने नए टर्मिनल भवन का उद्घाटन करेंगे। इस टर्मिनल के शुरू होते ही पटना एयरपोर्ट की यात्री क्षमता 25 लाख से बढ़कर एक करोड़ सालाना हो जाएगी, जबकि दैनिक उड़ानों की संख्या 34 से बढ़कर 75 तक पहुंचने की उम्मीद है। यह टर्मिनल न केवल बिहार की एयर कनेक्टिविटी को बेहतर बनाएगा, बल्कि पर्यटन, व्यापार और औद्योगिक निवेश को भी नया आयाम देगा। पटना एयरपोर्ट से प्रधानमंत्री सीधे बीजेपी प्रदेश कार्यालय पहुंचेंगे। यहां वे बिहार बीजेपी के सांसदों, विधायकों और प्रदेश पदाधिकारियों से मुलाकात कर आगामी विधानसभा चुनाव की रणनीति पर मंथन करेंगे। बूथ सशक्तीकरण अभियान पर विशेष चर्चा होगी, जो बीजेपी के मिशन बिहार 2025 की रीढ़ साबित हो सकता है। अपने दौरे के दूसरे दिन, 30 मई को प्रधानमंत्री औरंगाबाद जिले के नबीनगर में 29947.91 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले सुपर थर्मल पावर प्लांट की आधारशिला रखेंगे। यह प्लांट एनटीपीसी का देश में दूसरा सबसे बड़ा उत्पादन संयंत्र होगा, जिससे बिहार को 1500 मेगावाट बिजली मिलने की उम्मीद है। इस परियोजना से राज्य में ऊर्जा संकट कम होगा और उद्योगों को निर्बाध बिजली आपूर्ति मिल सकेगी। इसके साथ ही स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी खुलेंगे।

प्रधानमंत्री गोपालगंज शहर की बंजारी-हजियापुर एलिवेटेड रोड का वर्चुअल लोकार्पण भी करेंगे। 184.9 करोड़ रुपये की लागत से बनी 2.75 किलोमीटर लंबी यह सड़क शहर को भीषण जाम से राहत दिलाएगी। निर्माण की जिम्मेदारी एएससी इंफ्रा कंपनी ने ली थी और अब यह पूरी तरह तैयार है। इस परियोजना से एनएच-27 पर ट्रैफिक की सुगमता बढ़ेगी और नागरिकों को तेज, सुगम आवागमन की सुविधा मिलेगी।

## जीविका दीदियों की सहायता के लिए बनेगा 'जीविका निधि बैंक'

निज संवाददाता | पटना

बिहार में महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत 'जीविका निधि बैंक' की स्थापना की जा रही है। इस बैंक के माध्यम से जीविका समूह की महिलाओं को उनकी व्यावसायिक आवश्यकताओं के अनुरूप किफायती ब्याज दर पर ऋण प्रदान किया जाएगा। इसका उद्देश्य न केवल ऋण की त्वरित उपलब्धता सुनिश्चित करना है, बल्कि सामुदायिक निधियों से जुड़े जोखिमों को भी न्यूनतम करना है। बैंक में ऐसे ऋण उत्पाद तैयार किए जाएंगे, जो बड़ी राशि की मांग को समय पर पूरा कर सकें। इससे छोटे स्तर पर चल रहे व्यवसायों को मजबूती मिलेगी और महिलाएं आत्मनिर्भर बन सकेंगी। स्वयं सहायता समूह की सदस्य महिलाओं को वार्षिक 12% की ब्याज दर पर पूंजीगत ऋण मिलेगा। भविष्य में आवश्यकतानुसार ब्याज दरों में परिवर्तन का अधिकार प्रबंधन समिति को होगा। 'जीविका निधि बैंक' का संचालन बिहार राज्य जीविका निधि साख सहकारी संघ लिमिटेड के अंतर्गत किया जाएगा। इसका पंजीकरण बिहार सहकारी सोसाइटी अधिनियम 1935 के तहत किया जाएगा। बैंक के प्रबंधन में आम निकाय, प्रतिनिधि आम निकाय, प्रबंधन समिति और पदाधिकारी सक्रिय भूमिका निभाएंगे। प्रत्येक क्लस्टर स्तर पर बैंक संचालन के लिए 10 लाख रुपये की दीर्घकालिक जमा राशि दी जाएगी।

साथ ही, जीविका निधि पर एक निर्धारित ब्याज दर पर प्रतिवर्ष ब्याज देने की व्यवस्था भी होगी।

### सरकारी और संस्थागत सहयोग

इस परियोजना को सशक्त बनाने हेतु राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा 110 करोड़ रुपये की सहायता राशि दी जाएगी। इसके साथ ही राज्य सरकार नाबार्ड, एलआईसी, राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम, भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक आदि संस्थाओं से लिए गए ऋण के लिए गारंटर की भूमिका निभाएगी। इससे बैंकिंग संस्थाओं का भरोसा भी बढ़ेगा और ऋण प्राप्ति प्रक्रिया आसान होगी। 'जीविका निधि बैंक' न केवल महिला उद्यमिता को बढ़ावा देगा, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में आर्थिक गतिविधियों का भी केंद्र बनेगा।

## आईजीआईएमएस में 701 करोड़ की निर्माण योजनाएं प्रगति पर 300 करोड़ की नई परियोजनाओं को मंजूरी : मंत्री मंगल पांडेय

निज संवाददाता | पटना



पटना के इंदिरा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान (आईजीआईएमएस) में स्वास्थ्य सेवाओं के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की दिशा में तेज़ी से काम चल रहा है। गुरुवार को राज्य के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने संस्थान परिसर में 16 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली बाउंड्री वॉल, सड़क निर्माण और नाला परियोजना का शिलान्यास किया। इस अवसर पर आयोजित समारोह की अध्यक्षता विधायक संजीव चौरसिया ने की, जिसमें कई वरिष्ठ अधिकारी और जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे। स्वास्थ्य मंत्री ने जानकारी दी कि आईजीआईएमएस में कुल 701 करोड़ रुपये की निर्माण योजनाएं पहले से चल रही हैं और वर्ष के अंत तक इनका कार्य पूरा कर लिया जाएगा। इसके साथ ही 300 करोड़ रुपये की नई योजनाओं को भी स्वीकृति मिल चुकी है, जिनकी शुरुआत इसी वर्ष से की जाएगी। उन्होंने कहा कि आईजीआईएमएस को अत्याधुनिक चिकित्सा संस्थान के रूप में विकसित करने का काम जारी है, जिसमें न सिर्फ अस्पताल भवन बल्कि सड़कों, सीवर सिस्टम, बाउंड्री वॉल और अंडरग्राउंड केबल ट्रेंच जैसी आधारभूत सुविधाओं का निर्माण भी शामिल है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि लगभग 1470 मीटर लंबी और 10 फीट ऊंची नई बाउंड्री वॉल बनाई जाएगी, जिसमें चार वॉच टावर भी होंगे। इसके साथ ही छह मीटर चौड़ी सड़क और दो ट्रेन (सीवर और जल निकासी के लिए) का निर्माण किया जाएगा। इस परियोजना की कुल लागत 16 करोड़ रुपये होगी। उन्होंने आगे बताया कि जून महीने में संस्थान में आधुनिक फिजियोथेरेपी मशीनों का उद्घाटन किया जाएगा, साथ ही बच्चों के लिए विशेष कैंसर वार्ड, दो मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर, 24 नई डायलिसिस मशीनें और 20 बेड की क्रिटिकल केयर मेडिसिन यूनिट की शुरुआत भी की जाएगी।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने पिछले कुछ महीनों में स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य किया है। बीते चार महीनों में 800 हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर और हेल्थ सब सेंटरों के निर्माण का आदेश जारी हुआ है।

**गुरु के अस्त होने से जुलाई में नहीं होगी शादी, 11 जून को गुरु और 11 दिसंबर को शुक्र होंगे अस्त**

## शादी-ब्याह के 10 दिन शेष, छह जुलाई से नहीं होंगे शुभ कार्य

निज संवाददाता | पटना

### शादी-ब्याह में प्रमुख ग्रहों की शुभता जरूरी

शादी-विवाह के लिए शुभ मुहूर्त का होना बड़ा महत्वपूर्ण होता है। वैवाहिक बंधन को सबसे पवित्र रिश्ता माना गया है। इसलिए इसमें शुभ मुहूर्त का होना जरूरी है। शास्त्रों में शादी के शुभ योग के लिए नौ ग्रहों में बृहस्पति, शुक्र एवं सूर्य का शुभ होना जरूरी है। रवि-गुरु का संयोग सिद्धिदायक और शुभफलदायी होते हैं। इन तिथियों पर शादी-विवाह को बेहद शुभ माना गया है।

शुभ मुहूर्त में शादी-ब्याह का सीजन अपने अंतिम दौर में है। ज्येष्ठ शुक्ल द्वादशी तक अब सिर्फ 10 दिन लग्न के शेष बचे हैं। इसके बाद पांच माह बाद नवंबर में फिर से शादी-ब्याह का दौर चलेगा। गुरु के अस्त होने से आषाढ़ में विवाह संस्कार नहीं होंगे। गुरु के उदय होने पर चातुर्मास आरंभ हो जाएगा। चातुर्मास के दौरान मांगलिक कार्य बंद होंगे। फिर नवंबर में नौ दिन और दिसंबर में चार दिन विवाह मुहूर्त है। इसके बाद अगले वर्ष फरवरी से शादी के लग्न मुहूर्त आरंभ होगा। आषाढ़ शुक्ल एकादशी को हरिशयन एकादशी छह जुलाई रविवार से आरंभ होकर एक नवंबर देवोत्थान एकादशी शनिवार तक शुभ कार्य बंद रहेगा। बनारसी पंचांग के अनुसार 10 और मिथिला पंचांग के अनुसार सात लग्न मुहूर्त शेष है।ज्योतिष आचार्य पंडित राकेश झा के अनुसार ज्येष्ठ शुक्ल पूर्णिमा 11 जून बुधवार की शाम 6.40 बजे गुरु पश्चिम दिशा में अस्त होंगे। इसके बाद आषाढ़ शुक्ल द्वादशी में सात जुलाई सोमवार की शाम तीन बजे गुरु उदय होंगे। हरिशयन एकादशी छह जुलाई से चातुर्मास आरंभ होगा फिर एक नवंबर को देवउठनी एकादशी के बाद 18 नवंबर से सभी मांगलिक कार्य आरंभ हो जाएगा। इसके 24 दिन बाद पौष कृष्ण सप्तमी में 11 दिसंबर गुरुवार की मध्यरात्रि 12 बजे शुक्र ग्रह पूर्व दिशा में अस्त होंगे।

## कर्मचारी राज्य बीमा सोसाइटी को केंद्र की मंजूरी

निज संवाददाता | पटना

केंद्र सरकार ने बिहार में कर्मचारी राज्य बीमा सोसाइटी (ईएसआई सोसाइटी) के गठन को मंजूरी दे दी है, जिससे राज्य के संगठित क्षेत्र के लाखों कामगारों और उनके परिवारों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिलेंगी। यह सोसाइटी कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948 की धारा 58(5) के तहत गठित की गई है और इसका नेतृत्व बिहार के मुख्य सचिव करेंगे। इस स्वीकृति के बाद बिहार देश का पांचवां राज्य बन गया है, जहां स्वास्थ्य सुविधाओं के बेहतर क्रियान्वयन के लिए ईएसआई सोसाइटी का गठन किया गया है। सोसाइटी के गठन से राज्य में ईएसआई योजना से जुड़े लगभग 4.5 लाख बीमित कामगारों और उनके परिवारों को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने व उसे सुदृढ़ बनाने के लिए सोसाइटी को प्रशासनिक प्रबंधन एवं वित्तीय व्यवस्था संचालित करने की स्वायत्ता प्राप्त हो गई है। सोसाइटी अपने स्तर पर चिकित्सा अधिकारियों, नर्सिंग व पारा मेडिकल कर्मियों की प्रतिनियुक्ति या संविदा आधारित नियुक्तियाँ कर सकेगी, जिससे बीमितों को चिकित्सा सुविधाएँ आसानी से उपलब्ध कराई जा सकेंगी। इसके अलावा, सोसाइटी के माध्यम से राज्य के लगभग 4.5 लाख कर्मचारियों और उनके लगभग 20 लाख परिवार को निःशुल्क बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिलेगी।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### विद्युत चोरी के आरोप में चार पर 6.78 लाख का जुर्माना

**बोधगया।** बोधगया बिजली चोरी रोकने के लिए गुरुवार को बिजली विभाग ने बोधगया शहरी क्षेत्र में छापेमारी की। टीम ने चार लोगों पर कार्रवाई की। कनीय विद्युत अभियंता ऋषभ रंजन ने बताया कि मस्तीपुर के धीरज कुमार पर 5 लाख 6 हजार 781 रुपए का जुर्माना लगाया गया। बैजू बिगहा की तिलकी देवी पर 7 हजार 131 रुपए, पच्छट्टी के दिनेश कुमार पर 58 हजार 486 रुपए और मिया बिगहा की कौशल्या देवी पर 1 लाख 6 हजार 509 रुपए का जुर्माना किया गया। इन सभी ने मीटर से पहले पीवीसी तार जोड़कर बिजली की चोरी की थी। छापेमारी टीम ने मौके से तार और अन्य सामान जब्त किया। जब्त सामान बोधगया थाने को सौंपा गया। चारों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने के लिए थाने में पत्र भेजा गया है।

### बिजली चोरी के विवाद में जेई की पिटाई, हालत गंभीर

**मानपुर।** मानपुर बुनियादगंज थाना से महज 500 मीटर दूर ग्रामीणों ने बिजली विभाग के कनीय अभियंता उत्तरी रत्नेश कुमार की जमकर पिटाई कर दी। हमले में जेई गंभीर रूप से जख्मी हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने आक्रोशित ग्रामीणों के बीच से जेईई को बाहर निकाला और अपने कब्जे में लिया। ग्रामीणों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि मामला भ्रष्टाचार से जुड़ा है। सूत्रों के अनुसार, बुधवार को जेईई उत्तरी रत्नेश कुमार ने अलीपुर गांव में एक घर में बिजली चोरी को लेकर छापेमारी की थी। लेकिन पूर्व कनीय अभियंता के रिश्तेदार, जो मानव बल के रूप में कार्यरत है, ने बीच-बचाव कर मामला रफा-दफा करवा दिया था। गुरुवार को कनीय अभियंता फिर से बिजली चोरी के आरोपी के घर पहुंचे। आरोपी और उसके परिजन रत्नेश कुमार को देखकर भड़क उठे। इसके बाद उन्होंने मारपीट शुरू कर दी। दैनिक भास्कर ने जख्मी जेईई और उनके सहयोगी मानव बल से संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन उन्होंने फोन काट दिया। अपर थानाध्यक्ष धन्नू कुमार सिंह ने बताया कि जख्मी अधिकारी ने लिखित शिकायत दी है। मामला पंजीकृत कर जांच की जाएगी।

### सड़क हादसे में बाइक सवार दो दोस्तों की मौत

**नालंदा।** नालंदा में गुरुवार शाम राजगीर-गिरियक मुख्य मार्ग पर सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवक की मौत हो गई। दोनों काफी अच्छे दोस्त थे और प्रॉपर्टी डिलिंग का काम करते थे। मामला राजगीर थाना क्षेत्र के ऑर्डिनेंस फैक्ट्री के गेट नंबर 2 के पास का है। मृतकों की पहचान मानपुर थाना क्षेत्र के गोनावां गांव के रहने वाले उपेंद्र प्रसाद के 40 साल के बेटे निरंजन कुमार पटेल और अस्थावां थाना क्षेत्र के नोआवां गांव के रहने वाले कौशलेंद्र प्रसाद के 40 साल के बेटे अंजनी रंजन के रूप में की गई है। घटना के संबंध में मृतक के परिजन ने बताया कि अंजनी रंजन और निरंजन कुमार पटेल अच्छे दोस्त थे। दोनों जमीन खरीद बिक्री करते थे। काम के सिलसिले में राजगीर गए थे। जहां से लौटने के वक्त यह हादसा हुआ है। पुलिस की ओर से हम लोगों को हादसे की जानकारी मिली। आशंका है कि गाड़ी के चकमा देने की वजह से यह हादसा हुआ है। सड़क हादसे की सूचना पर मॉडल अस्पताल पहुंचे। इस मामले में राजगीर थाना अध्यक्ष रमन कुमार ने बताया कि बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पोल में टकरा गई। इस हादसे में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए राजगीर अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टर ने दोनों युवक को मृत घोषित कर दिया। इसके उपरांत शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु बिहार शरीफ मॉडल अस्पताल भेज दिया गया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

### नालंदा में संदिग्ध हालत में बुजुर्ग की मौत

**नालंदा।** नालंदा में संदिग्ध हालत में बुजुर्ग की मौत हो गई। सिर पर जख्म के निशान मिले हैं। गुरुवार को परिजनों से विवाद हुआ था। मृतक की पहचान शिव जमादार(65) के तौर पर हुई है। घटना बेन थाना क्षेत्र के माड़ी गांव की है।

**सिर पर चोट लगने से हुई मौतः** मृतक के पुत्र छोटू ने बताया कि गुरुवार देर शाम पिताजी शराब पीकर घर लौटे थे। घर में कहासुनी होने के बाद फिर शराब पीने चले गए। देर रात घर लौटे। बिना खाना खाने अपने कमरे में सोने चले गए। सुबह काफी देर तक जब नहीं उठे तो जाकर देखा। अचेत होकर जमीन पर गिरे थे। सिर के पीछे चोट भी लगी थी। 15 दिन पहले दूसरे बेटे ने भैंस बेची थी। जिसका रुपए वो मांग रहे थे। नहीं देने पर फांसी लगाने का प्रयास किया था। सिर में चोट लगने से मौत की आशंका है।

**घरेलू विवाद खुदकुशी की आशंकाः** वहीं, बेन थानाध्यक्ष रवि कुमार ने बताया कि सूचना मिली थी कि एक बुजुर्ग ने फांसी लगा खुदकुशी कर ली है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घरेलू विवाद में खुदकुशी की बात सामने आ रही है। आवेदन मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

### नालंदा में टॉप-10 कुख्यात अपराधी गिरफ्तार

**नालंदा।** नालंदा पुलिस ने टॉप-10 में शामिल कुख्यात अपराधी सूरज कुमार उर्फ सूर्या को गिरफ्तार किया है। लूटपाट मामले में वांटेड था। पिछले 6 महीने से फरार चल रहा था। मौसी के घर छिपकर रह रहा था। नूरसराय थानाध्यक्ष रजनीश कुमार ने बताया कि सूरज ढिबरापर गांव में अपने मौसी के घर छिपा था। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने छापेमारी कर उसे गिरफ्तार कर लिया। बाइक, कूरियर बॉय से लूट समेत कई मामलों में पुलिस तलाश कर रही थी। गिरफ्तार अपराधी चंडी के बेलसंड गांव का रहने वाला है।

**लूट, डकैती समेत कई मामले दर्जः** सूरज के खिलाफ नूरसराय, रहुई, चंडी पुलिस स्टेशन में लूट, डकैती समेत गंभीर मामले दर्ज है। छापेमारी में नूरसराय थानाध्यक्ष रजनीश कुमार, रहुई थानाध्यक्ष कुणाल कुमार, दारोगा संजीव कुमार, सुमन सौरभ, राजू कुमार, राजकुमार चौधरी समेत पुलिस टीम शामिल थी।

### अविश्वास प्रस्ताव में 7 वार्ड सदस्य नहीं होंगे शामिल

**बोधगया।** झिकटिया पंचायत में उप मुखिया सुनैना देवी के खिलाफ लाया जा रहा अविश्वास प्रस्ताव अब कमजोर पड़ता दिख रहा है। गुरुवार को पंचायत के 12 में से 7 वार्ड सदस्यों ने बीपीआरओ अंजू शर्मा को आवेदन देकर प्रस्ताव से अलग होने की जानकारी दी। इन सदस्यों में प्रतिमा कुमारी, श्रावण कुमार, अखिलेश चौधरी, यादोदरी देवी, सुनीता देवी, पिंटू कुमार और सूनैना देवी शामिल हैं। इनका कहना है कि उप मुखिया के कामकाज में कोई बड़ी कमी नहीं है। विकास कार्य भी ठीक से हो रहे हैं। इससे पहले 9 मई 2025 को 12 वार्ड सदस्यों ने बीडीओ को पत्र देकर उप मुखिया के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने की मांग की थी। लेकिन पंचायत सचिव और राजस्व कर्मचारी की हड़ताल के कारण बैठक की तारीख तय नहीं हो सकी थी। अब 7 सदस्यों के पीछे हटने से प्रस्ताव के पारित होने की संभावना कम हो गई है। प्रस्ताव पास करने के लिए दो-तिहाई बहुमत जरूरी होता है। यह मामला पंचायत की राजनीति में गुटबाजी और आपसी मतभेद को उजागर करता है।

### मकई के खेत से बरामद हुआ हथियार कारतूस

**नालंदा।** नालन्दा की भागनबिगहा ओपी क्षेत्र में पुलिस की सक्रियता से एक बड़ी सफलता मिली है। गुप्त सूचना के आधार पर की गई कार्रवाई में अवैध हथियारों का जखीरा बरामद किया गया है। सदर डीएसपी -2 संजय कुमार जायसवाल ने बताया कि भागनबिगहा थानाध्यक्ष को प्राप्त गुप्त सूचना के आधार पर ग्राम तूफानगंज में मकई के खेत में घटना को अंजाम देने हेतु कुछ असामाजिक तत्वों ने अवैध हथियार छुपाकर रखे गए थे। इस महत्वपूर्ण जानकारी पर तत्काल कार्रवाई करते हुए, भागनबिगहा थानाध्यक्ष एवं सशस्त्र बल के साथ वरीय पदाधिकारी स्वयं घटनास्थल पर पहुंचे।

**मकई खेत से बरामद हुआ हथियारः** थाना प्रभारी के नेतृत्व में गठित टीम ने ग्राम तूफानगंज पहुंचकर मकई के खेत एवं आसपास के क्षेत्र में व्यापक तलाशी अभियान चलाया। तलाशी अभियान के दौरान पुलिस टीम को तीन (03) एक नाली देसी बंदूक, एक कारतूस का खोखा बरामद हुआ।

**पुलिस टीम की भूमिकाः** इस सफल अभियान में भागनबिगहा ओपी के थानाध्यक्ष शैलेश कुमार झा, दारोगा रणविजय कुमार समेत भागन विगहा ओपी के शस्त्र पुलिस बल के जवान मौजूद रहें।

# घर तक पानी पहुंचाने के लिए 10 दिन का अल्टीमेटम

निज संवाददाता। नालंदा

वर्षों से जल संकट झेल रहे बिहार शरीफ के पहाड़ी इलाकों के निवासियों के लिए राहत की खबर है। वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री डॉ. सुनील कुमार के सक्रिय हस्तक्षेप के बाद हिरण्य पर्वत स्थित बड़ी पहाड़ी, मंसूर नगर और छोटी पहाड़ी के निवासियों को जल्द ही नल जल योजना का पानी मिल सकेगा। निरीक्षण करने पहुंचे उप नगर आयुक्त शम्स रजा ने स्थानीय अधिकारियों को निर्देश देते हुए 10 दिनों का अल्टीमेटम दिया है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि इस अवधि में प्रत्येक घर तक नल जल योजना का पानी नहीं पहुंचाया गया तो संबंधित संवेदक के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। समस्या की गंभीरता को समझते हुए यह जानना आवश्यक है कि पहाड़ी क्षेत्रों में बसे हजारों गरीब परिवार लगभग दो वर्षों से सरकारी नल जल योजना के पानी की प्रतीक्षा कर रहे हैं। केंद्र सरकार और राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी "हर घर जल योजना" के तहत जबकि शहर के अन्य हिस्सों में पानी पहुंच चुका है, वहीं भौगोलिक कठिनाइयों के कारण



पहाड़ी इलाकों के निवासी अभी भी जल संकट का सामना कर रहे हैं। हालांकि इन क्षेत्रों में पाइप लाइन बिछाने का काम पूरा हो चुका है और कुछ घरों तक कनेक्शन भी पहुंच गया है, लेकिन मंसूर नगर से छोटी पहाड़ी तक के बड़े हिस्से में अभी भी कनेक्शन का काम अधूरा है। यह स्थिति स्थानीय निवासियों के लिए गंभीर चुनौती बनी हुई है।

**मंत्री के निर्देश पर तत्काल कार्रवाईः** स्थानीय विधायक और वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री डॉ. सुनील कुमार ने इस समस्या की गंभीरता को समझते हुए नगर निगम के पदाधिकारियों को तत्काल समाधान के लिए निर्देश दिए थे। मंत्री के इस पहल के परिणामस्वरूप उप नगर आयुक्त शम्स रजा के नेतृत्व में एक टीम हिरण्य पर्वत पहुंची। निरीक्षण के दौरान उप नगर आयुक्त के साथ नगर निगम के पीएचडी जूनियर इंजीनियर सतपाल और मंत्री प्रतिनिधि शिवम राज भी उपस्थित रहे। टीम ने स्थानीय निवासियों की समस्याओं को बारीकी से सुना और समझा।

**कड़े निर्देश के साथ समाधान का आश्वासनः** निरीक्षण के दौरान उप नगर आयुक्त शम्स रजा ने मंत्री प्रतिनिधि और स्थानीय निवासियों की उपस्थिति में संवेदक को सख्त निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि दस दिनों के भीतर इस समस्या का पूर्ण समाधान होना चाहिए। प्रत्येक घर तक पानी पहुंचाना होगा, अन्यथा संबंधित संवेदक के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने स्थानीय निवासियों को आश्वासन देते हुए कहा कि जल संकट को दूर करने के लिए सभी आवश्यक उपाय किए जा रहे हैं। "अतिशीघ्र ही मंसूर नगर से लेकर छोटी पहाड़ी तक के प्रत्येक घर में पानी पहुंचने लगेगा। पहाड़ी क्षेत्रों का जल संकट शीघ्र ही समाप्त हो जाएगा।

## प्रभावती महिला अस्पताल की सफाईकर्मी हड़ताल पर

निज संवाददाता। गया

गया शहर के सबसे बड़े महिला अस्पताल, प्रभावती हॉस्पिटल की सफाई व्यवस्था गुरुवार को पूरी तरह चरमरा गई। अस्पताल की 50 से ज्यादा महिला सफाई कर्मियों ने कार्य बहिष्कार कर दिया। ये सभी महिलाएं जीविका के जरिए बीते 11 महीनों से अस्पताल में सफाई कर रही थीं, लेकिन उन्हें अब तक केवल 3 महीने का ही वेतन मिल सका है। बाकी के 6 महीने की सैलरी अटकी हुई है। आक्रोशित सफाई कर्मियों ने अस्पताल परिसर में प्रबंधन और जीविका समूह के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। उनका कहना है कि पैसा नहीं, तो काम नहीं। हड़ताल पर बैठी बेबी देवी ने बताया कि उनकी बेटी की शादी 28 मई को है। मेहनत का पैसा भी यहां नहीं मिला रहा है। एडवांस की तो बात ही छोड़िए। अब परिवार कैसे चलेगा। उन्होंने दुख जताया कि यदि बकाया वेतन नहीं मिलता है तो परिवार संकट में आ जाएगा।



**रोजमर्रा का खर्च चलाना मुश्किलः** वहीं, आशा देवी ने कहा कि हर बार जीविका समूह वेतन के नाम पर आज-कल का झुनझुना थमा देता है। अब तो 7वां महीना चल रहा है, लेकिन हमारी सैलरी का कोई अता-पता नहीं। प्रदर्शनकारी महिलाओं का कहना है कि रोजमर्रा का खर्च चलाना मुश्किल हो गया है। राशन दुकानदार भी अब उधार देने से मना कर चुके हैं। घर की आर्थिक स्थिति दयनीय हो गई है, पर यहां तो कोई सुनने वाला नहीं है। महिलाएं कह रही हैं कि जब तक बकाया वेतन नहीं मिलेगा, तब तक काम पर वापस नहीं लौटेंगी। हालात यह हैं कि अस्पताल की सफाई व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हो चुकी है। मरीजों और परिजनों को गंदगी से परेशानी हो रही है।

## आवास सहायकों को आवास पूर्ण कराने का टास्क


निज संवाददाता। गया

फतेहपुर प्रखंड मुख्यालय स्थित सभाकक्ष में गुरुवार को बीडीओ शशि भूषण साहू ने आवास सहायकों के साथ समीक्षा बैठक की। इसमें प्रखंड में अब तक जितने भी लाभुकों को आवास योजना लाभ मिला उनमें से कितने लाभुकों का आवास बना है, कितने का अधूरा है और कितने लाभुक राशि लेने के बाद भी आवास नहीं बनाएं हैं इसका समीक्षा किया। इस दौरान आवास सहायकों को लाभुकों से मिल उनका आवास पूर्ण कराने का टास्क दिया गया। साथ ही राशि लेकर आवास नहीं बनाने वाले लाभुक को चिन्हित कर उनपर एफआईआर दर्ज कराने का भी निर्देश दिया गया। बीडीओ ने चेतावनी देते हुए यह भी कहा कि आवास योजना में किसी तरह की गड़बड़ी कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बीडीओ शशिभूषण



साहू ने बताया कि वर्ष 2018 में स्वीकृत आवास की राशि लाभुकों के बीच हस्तानांतरण कर दिया गया है। इसके साथ ही शेष बचे 1293 लाभुकों को भी प्रथम किस्त की राशि हस्तांतरित कर दिया गया है। साथ ही 600 लाभुकों के खाते में द्वितीय किस्त की राशि भेज दी गई है। प्रखंड में मुख्यमंत्री सहायता योजना का 15 आवास और मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना का 43 आवास अपूर्ण है। उन्होंने बताया कि राशि मिलने के बाद लाभुकों को हरहाल में आवास बनाना है। जो लाभुक राशि लेकर अभी तक आवास पूर्ण रूप से नहीं बनाएं हैं उनपर दबाव बनाकर आवास पूर्ण कराने का निर्देश आवास सहायकों को दिया गया है। बैठक में सभी आवास सहायक, पंचायत सचिव, जेई, कम्प्यूटर आपरेटर सहित नाजिर भी मौजूद रहे।

## गया जिले में 1 जून से शुरू होगा समर कैंप




♦ बच्चों को अपनी प्रतिभा निखारने का मिलेगा मौका, गर्मी की छुट्टियां बनेंगी यादगार

निज संवाददाता। गया

गर्मी की छुट्टियों को बच्चों के लिए यादगार बनाने की पूरी तैयारी किलकारी बिहार बाल भवन ने कर ली है। 1 जून से सुबह 7 से शाम 5 बजे तक समर कैंप में बच्चों के मनोरंजन के साथ उनकी प्रतिभा को निखारने का सुनहरा मौका मिलेगा। 25 जून तक चलने वाले इस कैंप में बच्चों को करीब 2 दर्जन विधाओं में निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस कैंप में लोक नृत्य, कथक नृत्य, पत्थर कला, मूर्तिकला, ठुमरी गायन, क्राक म्यूजिक, नाटक, शास्त्रीय गायन, एस्ट्रोनॉमी, कराटे, कबड्डी, वॉलीबॉल, एथलेटिक्स, ताइक्वांडो, फोटोग्राफी, कंप्यूटर, ईमेल, इंटरनेट, संबलपुरी नृत्य जैसे विषयों पर विशेषज्ञों की ओर से प्रशिक्षण दिया जाएगा। खास बात यह है कि इसमें प्रशिक्षण देने के लिए देशभर के विशेषज्ञों को आमंत्रित किया गया है। नई दिल्ली से एस्ट्रोनॉमी के अमित पांडे, कोलकाता से निलंजन, संबलपुरी नृत्य के लिए उड़ीसा की सूची शरण और ज्योतिर्मय, बांस कला में रामकुमार रवानी, लिप्पन आर्ट में पिंटू कुमार, चाइनीज आर्ट में कल्पना कुमारी सहित दर्जनों प्रशिक्षक शामिल रहेंगे।

**रचनात्मकता और क्रिएटिविटी पर खास जोर रहेगाः** इसके अलावा हर शाम फन गेम और भ्रमण का आयोजन किया जाएगा। शास्त्रीय संगीत में गया की प्रसिद्ध ठुमरी गायक सुरेंद्र सौरभ, तबला वादन में दिनेश कुमार, लोक गीत में संदीप सिंह प्रशिक्षण देंगे। कंप्यूटर-इंटरनेट की ट्रेनिंग निशि खान देंगी। नाटक में राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय की वर्षा कुमारी व राहुल कुमार अभिनय की बारीकियां सिखाएंगे। प्रत्येक विधा में रचनात्मकता और क्रिएटिविटी पर खास जोर रहेगा। इस बार समर कैंप में करीब डेढ़ हजार बच्चों की उपस्थिति का लक्ष्य रखा गया है। रजिस्ट्रेशन निःशुल्क है और जारी है। किलकारी के प्रमंडलीय अधिकारी राजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि किसी भी स्कूल का स्टूडेंट्स यहां आयोजित होने वाले समर कैंप में भाग ले सकता है। उसे अपनी प्रतिभा को निखारने के भरपूर अवसर के साथ अच्छे प्रशिक्षक मिलेंगे।

## तकनीकी जानकारी से किसान बनेंगे आत्मनिर्भर

निज संवाददाता। नालंदा

शहर के टाउन हॉल में गुरूवार को शारदीय अभियान सह खरीफ महोत्सव का आयोजन किया गया। महोत्सव का उद्घाटन अपर समाहर्ता मंजीत कुमार, नोडल पदाधिकारी मुख्यालय शारदा शर्मा एवं डीएओ राजीव कुमार ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में कृषि प्रणाली से संबंधित नवीनतम तकनीक के बारे में जानकारी दी गई। अपर समाहर्ता ने कहा कि कृषि मनुष्य के लिए सबसे बड़ी जरूरत है। जिस अनाज से हम पेट भर रहे हैं वह किसानों की मेहनत का ही फल है। कृषि के क्षेत्र जो भी नए-नए खोज हो रहे हैं उससे किसानों को अपग्रेड करते रहें। ताकि किसान इन तकनीक के सहारे कृषि प्रणाली में बदलाव ला सकें। जब किसान खुशहाल होंगे तभी देश और राज्य विकास करेगा। उन्होंने कहा कि विभाग ने जो लक्ष्य दिया है उसे समय पर पूरा कर लें ताकि किसानों को लाभ मिल सके। इस मौके पर फार्मर आईडी रजिस्ट्री में बेहतर काम करने वाले कुल 37 बीएओ, कृषि समन्वयक, राजस्व कर्मी एवं किसान सलाहकार को सम्मानित किया गया। कर्मी को सम्मानित करते अधिकारी। मिलेगा शंकर प्रभेद का बीज डीएओ ने कहा कि इस वार शंकर प्रभेद के धान के बीज किसानों को अनुदानित दर पर उपलब्ध कराया जाएगा। प्रभेद चयन के लिए किसान स्वतंत्र होंगे। जिले में कुल 140000 हेक्टयेर में धान के खेती का लक्ष्य रखा गया है। प्रखंडवार लक्ष्य निर्धारित कर दिया गया है। इसके अलावा स्वीट कार्न एवं बेबी कार्न के बीज पर अनुदान की राशि में वृद्धि की गई है। अनुदान की राशि 50 प्रतिशत से बढ़ाकर 70 प्रतिशत कर दिया गया है। ताकि ज्यादा से ज्यादा संख्या में किसान इन फसलों की खेती करें। इस वार 2500 हेक्टेयर में शंकर मक्का लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। डीएओ ने कहा कि किसानों को सिर्फ अनुदान देकर आत्म निर्भर नहीं बनाया जा सकता है। उन्हें तकनीकी जानकारी देनी होगी। इस जानकारी से किसान लाभांवित होते हैं तभी संपर्क में रहना पसंद करेंगे। योजना सिर्फ मार्गदर्शन और सहायता के लिए होती है। आगे बढ़ने के लिए किसान को खुद मेहनत करना होगा। ये लोग थे उपस्थित कार्यक्रम में कृषि वैज्ञानिक डॉ. राजीव पद्मनाथन, डॉ. नीरू कुमारी, डीडीएम नाबार्ड अमृत बरनवाल, जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ. रमेश कुमार, डीएफओ शंभु कुमार, सहायक निदेशक भूमयी संरक्षण अजीत प्रकाश, सहायक निदेशक उद्यान राकेश कुमार, सहायक निदेशक कृषि अभियंत्रण अभिमन्यु कुमार, सहायक निदेशक रसायन दुर्गा रंजन, आत्मा के उप परियोजना निदेशक अविनाश कुमार, एसएओ बिहारशरीफ बिजेश कुमार, एसएओ हिलसा सत्येन्द्र कुमार, बीएओ, कृषि समन्वक, किसान सलाहकार एवं प्रगतिशील किसान उपस्थित थे।

## जलाशयों के शोध पर डॉ. श्वेता को डॉक्टरेट की उपाधि

**गया।** जगजीवन महाविद्यालय, गयाजी की वरिष्ठ सहायक प्राध्यापिका डॉ. श्वेता पांडेय को जल प्रबंधन और शहरीकरण के प्रभावों पर किए गए महत्त्वपूर्ण शोध कार्य के लिए डॉक्टरेट की उपाधि प्रदान की गई है। यह उपाधि उन्हें रांची जिले के जलाशयों की वर्तमान स्थिति और उसके आसपास के सामाजिक-आर्थिक जीवन पर प्रभावों के गहन अध्ययन के लिए प्रदान की गई है। डॉ. श्वेता पांडेय के इस शैक्षणिक उपलब्धि पर जगजीवन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सत्येंद्र प्रजापति ने उन्हें आशीर्वाद एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह न केवल कॉलेज के लिए गर्व का विषय है।

प्रगत संगणन विकास केंद्र
CENTRE FOR DEVELOPMENT OF ADVANCED COMPUTING
इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार

सी-डैक, इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एम.ई.आई.टी.वाई.) की एक प्रमुख वैज्ञानिक संस्था है, जो राष्ट्रीय महत्व के विभिन्न अनुसंधान व विकास कार्यों के संपादन में लगी हुई है।

सी-डैक प्रतिनियुक्ति के आधार पर केंद्रों में विभिन्न ग्रुप ए एस एंड टी पदों के लिए आवेदन आमंत्रित करता है:

| पद का नाम | पदों की संख्या | 7 सीपीसी के अनुसार वेतनमान |
|---|---|---|
| वैज्ञानिक डी | 47 | स्तर 12 |
| वैज्ञानिक ई | 11 | स्तर 13 |
| वैज्ञानिक एफ | 5 | स्तर 13 क |

अधिक विवरण और पात्रता शर्तों के लिए, कृपया हमारी वेबसाइट https://www.cdac.in पर जाएं
ऑनलाइन आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि - रोजगार समाचार में प्रकाशन की तिथि से ३० दिन तक

वि. सं. CORP/GR.A/02/2025
निदेशक (मा.सं.वि), सी-डैक

राष्ट्रीय विकास के लिए प्रौद्योगिकी उन्नति

cbc06132/12/0003/2526

## गया के मलिन बस्ती में पेयजल की समस्या

निज संवाददाता। गया

गया में भीषण गर्मी में पानी की किल्लत से लोग परेशान हैं। गेवाल बिगहा बथान मलिन बस्ती के लोग मुख्य सड़क पर लगे नल से सुबह-शाम पानी भरते हैं। वार्ड नंबर-34 के पार्षद की ओर से भी कोई व्यवस्था नहीं की गई है। बस्ती के 250 घरों में लोग पानी की समस्या से परेशान हैं।

**पानी लाने के लिए मेन रोड पर जाना पड़ता हैः** स्थानीय लोगों का कहना है कि घरों के आगे नल जल योजना के तहत पाइप लाइन बिछाया गया है। लेकिन अभी तक इसमें पानी नहीं आ रहा है। मजबूरी में मुख्य सड़क पर पानी लेने के लिए महिलाओं को जाना पड़ता है। घर की महिलाओं के साथ बच्चे भी पानी भरने जाते हैं। कई बार हादसे भी हो चुके हैं। हमेशा डर बना रहता है। आग लगने के बाद स्थिति बड़ी गंभीर हो जाती है। गुस्से में आकर लोग दमकलकर्मी पर हमला कर देते हैं।

SHAHABAD DUGDH UTPADAK SAHKARI SANGH LTD.
शाहाबाद दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लिमिटेड
ARA DAIRY, KATIRA, ARA, DISTT.:BHOJPUR-802 301 (BIHAR)
E-mail: aradairyara@gmail.com
COMFED

शादुसःअभि0:2133
दिनांकः—23.05.2025

निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्यों के लिए वैसे संवेदक जिनका निबंधन बिहार सरकार के भवन निर्माण विभाग/ग्रामीण कार्य विभाग/जल संसाधन विभाग या कॉम्फेड के समुचित श्रेणी में है, से मुहरबन्द निविदाएँ आमंत्रित की जाती है। कॉम्फेड को छोड़कर अन्य विभागों में निबंधित संवेदकों को परिमाण विपत्र के क्रय के समय यह साक्ष्य जमा करना होगा कि उनके द्वारा विगत चार वर्षों में नीचे उल्लिखित कार्यों के लागत का जिसके लिए निविदा दे रहे है या उससे अधिक का कम से कम दो अलग-अलग समान प्रकृति का कार्य अवश्य पूरा किया गया हो। इस साक्ष्य के आभाव में परिमाण विपत्र निर्गत नही किया जाएगा।
परिमाण विपत्र अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय/शाहाबाद दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि0, आरा के वेव साइट **(www.smusudhaara.com)** से **दिनांक 13.06.2025 के 3.00 बजे अपराह्न** तक क्रय किया जा सकता है। वेव साइट से डाउनलोड किये गए परिमाण विपत्र का मूल्य डिमाण्ड ड्राफ्ट के रूप में शाहाबाद दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि0, आरा के नाम से देय होगा। निविदा निबंधित डाक या कुरियर द्वारा भेजे जाने पर ही स्वीकार की जाएगी। निविदा जमा करने की **अंतिम तिथि 16.06.2025 के 3.00 बजे अपराह्न** तक होगी। प्राप्त निविदाएँ निविदादाता या उनके प्रतिनिधि के समक्ष **दिनांक 16.06.2025 को 3.30 बजे अपराह्न** मे खोली जाएगी। विलम्ब से प्राप्त निविदा के लिए शाहाबाद जिम्मेवार नहीं होगा। कॉम्फेड के संवेदकों को छोड़कर अन्य संवेदको को निविदा प्रपत्र के साथ सभी कागजात यथा जी0एस0टी0, पैन निबंधन, भुगतान प्रमाण-पत्र, राजपत्रित पदाधिकारी द्वारा अभिप्रमाणित प्रति संलग्न करना होगा अन्यथा इसके अभाव में निविदा पर विचार नही किया जाएगा। निविदा की तिथि बढ़ाने या रद्द करने का अधिकार शाहाबाद दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि0, आरा को सुरक्षित रहेगा।

| क्र0 सं0 | विवरणी | प्रक्कलित राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Sheding work between Plant Building & Product Building at Ara Dairy, Ara. | 2,39,774.00 | 4,795.00 | 500.00 | 01 (One) Month |
| 2 | Construction of Kitchen Room at 2nd Floor Administrative Building at Ara Dairy, Ara. | 2,56,866.00 | 5,137.00 | 75 0.00 | 02 (Two) Month |

प्रबंध निदेशक

कार्यपालक अभियंता (यॉ0) का कार्यालय
सिंचाई यॉत्रिक प्रमंडल, औरंगाबाद
e-mail id- eemechabad18@gmail.com
बिहार सरकार

भाड़े पर वाहन लेने हेतु अल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण सूचना संख्या (NIQ)– 01/2025–26

सिंचाई यॉत्रिक प्रमण्डल, औरंगाबाद के अंतर्गत प्रमंडलाधीन योजनाओं के गहन अनुश्रवण एवं नहरों/बराज/अवर प्रमडलों/प्रशाखाओं के अंतर्गत नहर गेट/निरीक्षण एवं उच्चाधिकारियों की बैठक में भाग लेने इत्यादि कायों हेतु भाड़े पर एक या एक से अधिक वाहन (बोलेरो/स्कॉर्पियों) के लिए निम्नांकित शर्तो के अधीन ईच्छुक वाहन मालिको /फर्म से अल्पकालीन कोटेशन आमंत्रित किया जाता है, जिसे प्रत्येक ग्रुप के लिए अलग–अलग मुहरबंद लिफाफे में **दिनांक– 30/05/2025 को 3:00 बजे अपराह्न तक** सिंचाई यॉत्रिक प्रमण्डल, औरंगाबाद कार्यालय में जमा किया जायेगा और **उसी दिन 3:30 बजे अपराह्न** में खोला जाएगा। कोटेशनदाता या उनके प्राधिकृत प्रतिनिधि कोटेशन खुलने के समय उपस्थित रहेगें।

कार्य की विवरणी निम्न प्रकार हैः–

| ग्रुप सं0 | कार्यालय का नाम | वाहन की संख्या | (उद्धत दर रू0 में) प्रतिमाह की दर से | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 1. | सिंचाई यॉत्रिक प्रमंडल औरंगाबाद। | 01 | | सिंचाई यॉत्रिक अवर प्रमण्डल पॉकी, शिविर–मोहम्मदगंज एवं सिंचाई यॉत्रिक अवर प्रमण्डल अम्बा हेतु। |
| 2. | सिंचाई यॉत्रिक प्रमंडल औरंगाबाद। | 01 | | सिंचाई यॉत्रिक अवर प्रमण्डल, नवीनगर, शिविर–औरंगाबाद / सिंचाई यॉत्रिक अवर प्रमण्डल, औरंगाबाद एवं सिंचाई यॉत्रिक अवर प्रमण्डल, संख्या–2 गोह हेतु। |

विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।
(ई0 विकास कुमार)
कार्यपालक अभियंता (यांत्रिक)
सिंचाई यॉत्रिक प्रमंडल, औरंगाबाद
PR- 004205 (WRD) 2025-26

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार

# रोज लाखों लीटर पानी निकालती कंपनी

# गंगा की जगह भूमिगत पानी ले रहा पेप्सी प्लांट: 12 फीट गिरा जलस्तर

## गिरिराज बोले- बंद हो प्लांट

**बेगूसराय, एजेंसी।** बेगूसराय के बरौनी में बियाडा (बिहार इंडस्ट्रियल एरिया डेवलपमेंट अथॉरिटी) की जमीन के 10-20 किमी के दायरे में 3 साल में 20 फीट तक जलस्तर गिर गया है। भूगर्भ शास्त्री और ग्रामीणों का कहना है ऐसा पेप्सी कंपनी के बॉटलिंग प्लांट के कारण हो रहा है। प्लांट में मोटे-मोटे 8 बोरिंग प्लांट में हुए, जिसमें 2 बोरिंग पिछले साल फेल हो गए, 6 बोरिंग से लगातार हर दिन करीब 12 लाख लीटर पानी निकाला जा रहा है। जिसके कारण इलाके का जलस्तर लगातार गिर रहा है। ढाई साल पहले जहां पर 15 से 20 फीट के लेवल पर पानी आता था, वहां 40 फीट पर पानी पहुंच गया है। चापाकल से पानी कम आ रहा, कई बोरिंग फेल हो रहे हैं। इसके कारण आसपास के करीब 7 गांव की 30 हजार से अधिक की आबादी ने विरोध शुरू कर दिया है।

लोग चाहते हैं कि प्लांट बंद हो जाए या प्लांट अपने लिए दूसरी व्यवस्था करे। लोगों का कहना है कि पानी से बदबू भी आने लगा है। वहीं, केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने भी पेप्सी के प्लांट का विरोध जताया है, उनका कहना है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने उद्घाटन करने आए थे तो उन्होंने कहा था कि पेप्सी गंगा से जल लेकर अपना उत्पादन करेगा और पानी हार्वेस्ट किया जाएगा, लेकिन न तो गंगा से जल ले रहे हैं और न ही हार्वेस्ट कर रहे हैं। प्लांट बंद करना होगा।

**समस्या किसी ने नहीं सुनी तो लोगों ने चलाया हस्ताक्षर अभियान :** सीएम नीतीश कुमार ने 15 अप्रैल 2022 को प्लांट का उद्घाटन किया था। लोगों को लगा था कि बेगूसराय का विकास होगा, लेकिन उद्घाटन के 3 साल बाद ही लोग चाह रहे कि प्लांट बंद हो जाए। जल स्तर में यह कमी सिर्फ पेप्सी के बॉटलिंग प्लांट वरुण बेवरेज प्राइवेट लिमिटेड के आसपास ही नहीं, बल्कि असुरारी, बथौली, मालती, पपरौर, हवासपुर, बीहट से लेकर पकठौल तक के गांव में हो गई है। लोग परेशान हैं, लेकिन इनकी कोई सुन नहीं रहा है। पिछले 1 साल से आंदोलन के बाद भी जब स्थानीय लोगों की बात किसी ने नहीं सुनी तो व्यापक पैमाने पर हस्ताक्षर अभियान शुरू किया गया है। जिसके प्रथम चरण में 10,000 हस्ताक्षर करके आवेदन डीएम को सौंपने का लक्ष्य है। इसके लिए बड़ी तेजी से हस्ताक्षर कराए जा रहे हैं।

**प्लांट को हमारे माथे पर थोप दिया गया :** आंदोलन का नेतृत्व कर रहे प्रियम रंजन ने बताया कि 2022 में यहां पेप्सी प्लांट लगा। जब से प्लांट लगा है, जल संकट शुरू हो गया है। सिंचाई तक आफत हो गई है। जिस प्लांट को दक्षिण भारत, यूपी के हरदोई, बिहार के हाजीपुर से भगाया गया, हाजीपुर में अभी भी पानी की समस्या बरकरार है, उस प्लांट को हमारे माथे पर थोप दिया गया। हम लोग ऐसे ही पानी से जूझ रहे हैं। हम बेगूसराय वाले पहले ही दुनिया के सबसे प्रदूषित शहर थे। एक पानी बचा था, उसकी भी स्थिति गड़बड़ा रही। पानी में आयरन सहित ऐसे केमिकल मिल रहे हैं जो शरीर, त्वचा और जीवन के लिए हानिकारक हैं। इसी के लिए हमने हस्ताक्षर अभियान शुरू किया है। पेप्सी से फायदा-रोजगार तो मिला नहीं, ऊपर से हम लोग जल संकट झेल रहे हैं। तालाब सूखा है, हमारा पानी ही निकाल कर पूरी दुनिया को पहुंचाया जा रहा है। यह उत्तर भारत का सबसे अधिक कैपेसिटी का बॉटलिंग प्लांट है। हम लोग पेप्सी प्लांट से लेकर बेगूसराय के डीएम कार्यालय तक पदयात्रा करेंगे। मांग करेंगे की इस पर कार्रवाई हो, कार्रवाई नहीं हुई तो बड़े स्तर पर आंदोलन होगा।




**भूगर्भीय जल हम गरीब लोगों के लिए है :** बीहट निवासी राजेश ने कहा कि पहले जलस्तर अच्छा था। हम लोग पानी से धनी थे, लेकिन जब से पेप्सी प्लांट लगा है, तब से पानी का दोहन हो रहा है। 10 फीट तक अगल-अलग इलाके में लेवल डाउन हो रहा है। हमारी आने वाली पीढ़ी को काफी परेशानी होगी। ये समस्या बहुत आगे तक जाएगी। पेप्सी तो प्लांट बंदकर चला जाएगा, लेकिन हमारा परिवार-समाज पानी की समस्या से जूझता रहेगा। पेप्सी को भूगर्भीय जल नहीं निकालना चाहिए। बगल में गंगा जी हैं, वहां से पानी ले ले या फिर कोई व्यवस्था करे। भूगर्भीय जल हम गरीब लोगों के लिए है।

**100 फीट तक बोरिंग करवाना पड़ रहा है :** असुरारी निवासी खिरण सिंह बताते हैं कि अब 100 फीट पाइप डलवाने पर पानी निकलता है। जब से पेप्सी आया है, तब से यही हाल है। इसका तो सिर्फ पानी का ही कारोबार है। 100 गाड़ी पानी रोज बाहर भेजा जाता है। पानी कहां से मिलेगा। पहले 40 फीट पर बोरिंग में काम चल जाता था, अब 100 फीट करवाना पड़ता है, तब पानी मिलता है।

**पानी में बदबू भी है :** पपरौर निवासी रेखा देवी ने बताया कि पानी की बहुत समस्या है। पहले वैशाख में भी पानी की समस्या नहीं होती थी। अब चापाकल पानी ही नहीं देता है, जब से पेप्सी प्लांट खुला, यह हाल हो गया है। 10-20 हैंडल में थोड़ा सा पानी निकलता है, पानी बहुत बदबू देता है।

**30 बार चापाकल का हैंडल चलाने पर भरती बाल्टी :** उषा देवी ने बताया कि जब से पेप्सी प्लांट खुला है, काफी परेशानी है। पहले 10 बार चापाकल का हैंडल चलाने पर बाल्टी भर जाती थी, अब 25-30 हैंडल में भी बाल्टी नहीं भरती है। शुगर पेशेंट हैं, चापाकल चलाने में बड़ी परेशानी होती है, स्नान करना मुश्किल हो जाता है। हम गरीब लोग किसको क्या कहें।

**आने वाले दिनों में पानी खरीदना पड़ेगा :** मनोज कुमार पाठक का कहना है कि चापाकल का स्तर दिनों-दिन नीचे गिरता जा रहा है। पेप्सी खुलने के कुछ दिन बाद ही परेशानी शुरू हो गई। दिनों दिन जलस्तर नीचे ही जा रहा है, आने वाले समय में हम लोगों पर बहुत प्रभाव पड़ने वाला है। पानी खरीदना पड़ेगा।

**नेता-मंत्री आते हैं, फोटो खिंचवाकर चले जाते :** राजकुमार राय ने बताया कि पेप्सी का प्लांट लगने से पानी का लेयर काफी नीचे चला गया है। कभी-कभी स्नान करने के लिए सोचना पड़ता है। कई बार बगैर स्नान किए ही ऑफिस जाना पड़ता है। पानी की बहुत गंभीर समस्या है, समस्या को लेकर लगातार पेप्सी और अधिकारियों को आवेदन दे रहे हैं, लेकिन इस पर किसी प्रकार का कोई संज्ञान लिया जाता है। नेता-मंत्री आते हैं, अपना काम करके निकल जाते हैं, उन लोगों को आवेदन देने से कोई फायदा नहीं है। हम लोग ऐसे जनप्रतिनिधि को चुन कर लाए हैं जो सिर्फ फोटो खिंचवाने के लिए आते हैं। काम की बात करें तो वह कुछ करते ही नहीं। पानी की स्थिति यही रही तो मरना पड़ेगा और कोई विकल्प नहीं है। वातावरण दूषित हो गया है, जलस्तर नीचे जा रहा है, लोग करें भी तो क्या करें, मरने के सिवा कोई विकल्प नहीं है। हवासपुर, पपरौर, असुरारी, बीहट, बथौली सहित पूरे क्षेत्र में पानी की जटिल समस्या है।

**गर्मी में समस्या ज्यादा गंभीर हो रही :** चापाकल बोरिंग मिस्त्री सुधीर पासवान का कहना है कि पहले 15 से 20 फीट पर पानी मिल जाता था। अभी 35 से 40 फीट पर पानी मिलता है, गर्मी के समय में तो अब काफी तेजी से जलस्तर भाग रहा है। पूरे इलाके में यह समस्या हो रही है। पेप्सी प्लांट खुलने के बाद से और जलस्तर लगातार नीचे जा रहा है।

**इंडस्ट्री जो बल्क में पानी निकाल रही, पॉलिसी बनानी होगी :** भूगर्भ शास्त्री और जीडी कॉलेज में भूगोल के एचओडी डॉ. रविकांत आनंद कहते हैं कि बिहार मैदानी क्षेत्र में आता है। नदियों के मामले में हमारा बिहार बहुत रिच है। भारत की सबसे बड़ी नदी गंगा बिहार के बीचो-बीच से गुजरती है और गंगा के बगल में हमारा बेगूसराय है। यहां बहुत सारे इंडस्ट्री लग रहे हैं और उसके लिए पानी की आवश्यकता होती है। हमारा बिहार मानसून पर निर्भर करता है। 3-4 महीना मानसून होता है, उसी में हमारा अंडरग्राउंड वाटर रिचार्ज होता है, लेकिन 3-4 महीने में जितना अंडरग्राउंड वाटर रिच नहीं होता है। उससे अधिक अंडरग्राउंड वाटर निकाला जा रहा है। इसके कारण वाटर लेवल धीरे-धीरे नीचे की ओर जा रहा है। यदि ऐसा चलता रहा तो आगे भविष्य में सरकार, हमें और सब को यह सोचना होगा कि अंडरग्राउंड वाटर को कैसे बचाया जा सके। इसका एक ही उपाय है कि रेन वाटर हार्वेस्टिंग करें, लेकिन सिर्फ रेनवाटर हार्वेस्टिंग से नहीं होगा। इंडस्ट्री जो बल्क में पानी निकाल रही है, उसको पॉलिसी बनानी होगी। जिससे कि वहां के आसपास के लोगों को दिक्कत नहीं हो, खेती करने में दिक्कत नहीं हो और उनका भी काम हो। हम लोग चाहते हैं कि अंडरग्राउंड वाटर को लेकर जल्द से जल्द ऐसा प्लान बने की अंडरग्राउंड वाटर कैसे बचे। प्लांट के एक अधिकारी मनोज कुमार ने कहा कि लोगों को भ्रम है कि पेप्सी कंपनी लगी है, तो ज्यादा पानी खींच रही है। हम जितना पानी खींचते हैं, उससे ज्यादा सोसाइटी को देते हैं। गवर्नमेंट ने जो एनओसी दी है, उसमें कंडीशन है कि 50 प्रतिशत पानी रिचार्ज करना है। हम उससे ज्यादा पानी रिचार्ज करते हैं। लोगों को भ्रम है कि लेवल डाउन हो रहा है। हमने पानी की गहराई मापने के लिए मीटर लगा रखे हैं, उसका डाटा ऑनलाइन जाता है। हम पानी को चार्ज करते हैं वाटर हार्वेस्टिंग से वाटर लेवल बढ़ रहा है, घट नहीं रहा है। हम जमीन के अंदर पानी फिल्टर करके भेजते हैं। साल में करीब ढाई लाख हजार लीटर हम लोग यूज करते हैं।

### गिरिराज सिंह बोले, किसानों को पटवन में भी परेशानी

स्थानीय सांसद और केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह कहते हैं कि पेप्सी का प्लांट जब से खुला है लोग परेशान हैं। यहां के लोग हस्ताक्षर अभियान चला रहे हैं। पेप्सी के कारण भूगर्भीय जलस्तर काफी नीचे गिर रहा है। पानी पीने में कठिनाई हो रही है, किसानों को पटवन में परेशानी हो रही है। 10 से 20 किलोमीटर तक जलस्तर काफी नीचे जा रहा है। जलस्तर पहले भी गिर रहा था, लेकिन जब से पेप्सी का प्लांट खुला है, तब से और ज्यादा जलस्तर गिर रहा है।

### उद्घाटन के वक्त एचआर ने क्या कहा था ?

पेप्सिको की फ्रेंचाइजी कम्पनी वरुण बेवरेजेज लिमिटेड के एचआर हिमांशु ठाकुर ने कहा था कि बॉटलिंग प्लांट विश्व स्तरीय उन्नत तकनीक से युक्त पूर्वोत्तर भारत का सबसे बड़ा पेप्सी बॉटलिंग प्लांट का शुभारंभ किया जा रहा है। जिसकी उत्पादन क्षमता शीतल पर 16.22 मिलियन केस और पैकेज्ड ड्रिंकिंग वॉटर 8.34 मिलियन केस, पैक्ड जूस 7.02 मिलियन केस है। उत्पादन के रूप में यहां पेप्सी से संबंधित मिरांडा, मोटेण्ड्यू, सेवनअप सहित अन्य पेय पदार्थ तैयार किये जायेंगे। कहा कि मार्च 2021 से कार्य शुरू किया गया था।

### कंपनी 13 लीटर हर दिन पानी निकाल रही

बीहट निवासी और पर्यावरण के क्षेत्र में काम करने वाले डॉ. कुंदन कुमार ने बताया कि वाटर लेवल कम होने का कारण पानी का गलत इस्तेमाल है। यह गंगा का मैदानी भाग है। यहां वरुण बेवरेज के नाम से पेप्सी का उत्पाद बनाने वाली कंपनी खुली। कंपनी 12-13 लाख लीटर हर दिन भूगर्भ से जल निकाल रही है। जिससे क्षेत्र में जल स्तर लगातार नीचे गिर रहा है। लोगों ने जब आवाज उठाई तो पेप्सी ने कहा कि हमने वाटर रिसाइक्लिंग के लिए 2 तालाब बनाकर रखे हैं, 27000 पौधे लगाएं हैं। सवाल उठता है कि बियाडा ने केवल 55 एकड़ जमीन दी है, जिसमें प्लांट है, तालाब है। 27000 पेड़ लगाने के लिए कम से कम 263 एकड़ भूमि चाहिए। पेप्सी वाले कहते हैं कि हम वाटर रिसाइक्लिंग करते हैं तो जलस्तर ऊपर आ रहा है। पेप्सी झूठा आंकड़ा पेश कर रहा है। पेप्सी वाले बताएं कि हरदोई, हाजीपुर और दक्षिण के राज्यों से करोड़ों पूंजी निवेश के बाद 5 साल में ही क्यों भाग गए। इसका सीधा कारण है कि जहां वह प्लांट लगाते हैं, वहां जलस्तर घटता है। पानी निकालने के बाद कंपनी भाग जाती है। 2 साल पहले सबमर्सिबल लगाए थे, अब मिस्त्री कहता है कि 10 फीट लेयर नीचे चला गया है और पाइप लगाना होगा।

## प्रजापति समाज की हुंकार रैली होगी एतिहासिक

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** अगामी 25 मई को मिलर हाईस्कूल पटना में होने वाले प्रजापति हुंकार रैली की तैयारी को लेकर बिहार कुम्हार प्रजापति समन्वय समिति के प्रदेश उपाध्यक्ष शिव शंकर पंडित के नेतृत्व में बुधवार को कई जगह बैठक हुई। साहु रोड मूर्ति गली गणेश पंडित के आवास, हरिसभा चौक, अघोरिया बाजार, कच्ची पक्की, रतवारा में जनसंपर्क कर समाज के लोगों से अधिक से अधिक संख्या में रैली में भागीदारी की अपील की गई। उन्होंने कहा कि यह रैली एतिहासिक होने वाली है। समाज के सभी लोग उत्साहित हैं। उस दौरान प्रदेश संगठन सचिव शंकर पंडित, जिला अध्यक्ष डॉ. रामनरेश पंडित, जिला सचिव दीनेश्वर पंडित, पूर्वी अनुमंडल अध्यक्ष यदुनंदन पंडित ने संयुक्त रूप से कहा कि कुम्हार समाज की राजनैतिक, आर्थिक और सामाजिक रूप से पिछड़ेपन की बात सभी राजनैतिक दल करते हैं। मगर सत्ता, पद और सरकार में भागीदारी की बात वे नहीं करते हैं। अब कुम्हार समाज अनदेखी स्वीकार नहीं करेगा।

## शहीद संतोष यादव के परिजनों से मिले तेजस्वी हर संभव मदद का दिलाया भरोसा



### सरकार से शहीद की पत्नी को सरकारी नौकरी देने की मांग

**भागलपुर, एजेंसी।** नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव गुरुवार देर शाम भागलपुर पहुंचे। इस्माइलपुर के भिट्ठा गांव में शहीद संतोष यादव परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया। शहीद की तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी और संवेदना जताई। परिवार को हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि बिहार सरकार की घोषणा के अनुसार 50 लाख रुपए दिलवाने के लिए प्रयास करेंगे। शहीद की पत्नी को राज्य सरकार सरकारी नौकरी दे। संतोष यादवने देश की रक्षा करते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया। उनकी वीरता, निष्ठा और देशभक्ति हर भारतीय के लिए प्रेरणा स्रोत बनी रहेगी। शौर्य, पराक्रम और बलिदान देश के लिए गर्व की बातहै। गांव में उनके नाम से रोड बनाया जाए और अस्पताल का नामाकरण भी होना चाहिए। तत्काल आर्थिक मदद की भी घोषणा की।

### सत्ता सिर्फ कुर्सी का नाम नहीं है

वहीं, बिहार राज्य बाल श्रमिक आयोग के पूर्व अध्यक्ष डॉ. चक्रपाणि हिमांशु ने कहा कि आरजेडी शहीद संतोष यादव के परिवार के साथ है। तेजस्वी यादव मानवीय संवेदना, करुणा और नैतिक सामाजिक जिम्मेदारी के प्रतीक हैं। सत्ता सिर्फ कुर्सी का नाम नहीं है, बल्कि यह जमीन से जुड़े रहने और लोगों के दुख दर्द को समझने का नाम है। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद संजय यादव, झारखंड सरकार में मंत्री संजय यादव, पूर्व विधायक रामविलास पासवान, पूर्व विधायक अमित राणा, आरजेडी नेता अवनीश कुमार, अलख निरंजन पासवान, गौतम बनर्जी, शैलेश यादव, संजय मंडल, मो. कलीम खान, सुभाष यादव समेत कई नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।




## अररिया कोर्ट ने दो तस्करों को सुनाई 6 साल की सजा:शराब तस्करी मामले में सुनाया फैसला

**अररिया, एजेंसी।** अररिया व्यवहार न्यायालय के एक्सक्लूसिव एक्ससाइज कोर्ट-02 ने शराब तस्करी के दो आरोपियों को 6 साल की सजा सुनाई है। न्यायाधीश संतोष कुमार गुप्ता की अदालत ने मुजफ्फरपुर निवासी चालक बलेन्द्र कुमार और वैशाली निवासी खलासी विकास कुमार को दोषी करार दिया। दोनों को 2-2 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया है। साथ ही जुर्माना नहीं भरने की स्थिति में दोनों को 6-6 माह की अतिरिक्त साधारण कारावास भुगतनी होगी।

**तेल टैंकर में छिपाकर कर रहे थे तस्करी :** यह मामला 28 जनवरी 2025 का है। उत्पाद विभाग की टीम ने दोपहर 12 बजे अररिया जीरो माइल पर एक तेल टैंकर की तलाशी ली थी। तलाशी के दौरान टैंकर के चेंबर से 1800 लीटर विदेशी शराब बरामद की गई थी। आरोपियों ने शराब को बड़ी चालाकी से छिपा रखा था, लेकिन उत्पाद विभाग की सक्रियता से मामला उजागर हो गया।

**सरकारी वकील की पैरवी से हुआ फैसला :** सरकार की ओर से इस मामले की पैरवी स्पेशल पब्लिक प्रॉसिक्यूटर रामा नंद मंडल ने की। कोर्ट ने उनके द्वारा प्रस्तुत साक्ष्यों और गवाहों के बयानों के आधार पर दोनों आरोपियों को दोषी करार दिया। वहीं, बचाव पक्ष की ओर से सजा में नरमी बरतने की अपील की, जिसे अदालत ने खारिज कर दिया।

**कड़ा संदेश, शराब माफिया पर लगेगी लगाम :** यह फैसला उत्पाद स्पेशल 714/2025, कांड संख्या 37/25 के तहत सुनाया गया है। स्थानीय प्रशासन और उत्पाद विभाग इसे शराब तस्करी के खिलाफ एक मजबूत और संदेशात्मक कार्रवाई मान रहे हैं। इस फैसले से शराब माफियाओं के हौसले पस्त होंगे और कानून-व्यवस्था को मजबूती मिलेगी।

## राहुल गांधी की सभा के लिए राजगीर में हॉल खाली नहीं, अब जून में होगा बिहार दौरा

**पटना, एजेंसी।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी का बिहार दौरा मई के बजाय अब जून में होगा। पहले 27 मई को नालंदा में पिछड़ा वर्ग के छात्रों के साथ संवाद कार्यक्रम में उनके आने का कार्यक्रम था। संविधान सुरक्षा सम्मेलन आयोजन समिति के सदस्य मंजीत आनंद साहू ने बताया कि इस महीने राजगीर में कार्यक्रम के लिए कन्वेंशन हॉल खाली नहीं है। इस वजह से अब राहुल गांधी का जून के दूसरे सप्ताह में बिहार दौरा होने की संभावना है। राहुल गांधी अब अगले महीने नालंदा जिले के राजगीर में संविधान सुरक्षा सम्मेलन को संबोधित करने के साथ ही पिछड़े वर्ग के छात्रों के साथ संवाद करेंगे। हालांकि अभी तारीख तय नहीं हुई है। बता दें कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का इस साल यह पांचवां बिहार दौरा होगा। आगामी बिहार विधानसभा चुनाव से पहले वे 2025 में 4 बार राज्य के दौरे पर आ चुके हैं। राहुल गांधी ने इस साल की शुरुआत में 18 जनवरी को पटना के बापू सभागार में संविधान सुरक्षा सम्मेलन को संबोधित किया था। इसके बाद 5 फरवरी और 7 अप्रैल को पटना के एसके मेमोरियल हॉल में उन्होंने विभिन्न कार्यक्रम में शिरकत की। इसके बाद इस माह 15 मई को भी बिहार आए थे और दरभंगा में छात्र संवाद के बाद पटना के सिनेमा हॉल में ज्योतिबा फुले के जीवन पर आधारित फिल्म फुले देखी थी।





## बिहार में एक और रूट पर नमो भारत ट्रेन चलाने की तैयारी, 2 शहरों में विकल्प देख रहा रेलवे

**पटना, एजेंसी।** बिहार में एक और रूट पर नमो भारत (वंदे मेट्रो) ट्रेन चलेगी। पटना से गयाजी या बक्सर के लिए नमो भारत ट्रेन चलाने की तैयारी की जा रही है। रेलवे द्वारा दोनों रूट पर पर इस ट्रेन के परिचालन की फिजिबिलिटी देखी जा रही है। हाल ही में पटना से मधुबनी जिले के जयनगर तक बिहार की पहली नमो भारत ट्रेन चलाई गई थी। अब पटना से एक और शहर के लिए यह ट्रेन चलाने की तैयारी है। दरअसल, जयनगर वाली नमो भारत ट्रेन का रैक 8 घंटे तक पटना जंक्शन रेलवे स्टेशन पर खड़ा रहता है। यह ट्रेन सुबह 10 बजे पटना पहुंच जाती है और शाम 6 बजे के आसपास जयनगर के लिए रवाना होती है।

इस बीच की अवधि का इस्तेमाल अन्य मार्गों पर करने को लेकर लगातार मांग की जा रही है। ऐसे में रेलवे यह विचार कर रहा है कि इस अवधि में इसका परिचालन पटना से बक्सर या गयाजी के लिए किया जाए। अभी तक रेलवे ने आधिकारिक तौर पर कोई भी फैसला नहीं लिया है। पटना से बक्सर और गयाजी, इन दोनों मार्गों पर नमो भारत ट्रेन के परिचालन की अवधि देखी जाएगी। इसके बाद ही रेलवे निर्णय लेगा। दानापुर रेल मंडल के एडीआरएम आधार राज ने कहा कि दोनों मार्गों में से जिस मार्ग पर चलाना सुगम और अनुकूल होगा, वहां नमो भारत ट्रेन चलाई जाएगी। पटना-जयनगर नमो भारत ट्रेन की शुरुआत पिछले महीने ही हुई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 24 अप्रैल को वर्चुअल तरीके से हरी झंडी दिखाकर इसे रवाना किया था। पटना से जयनगर के बीच सप्ताह में 6 दिन यह ट्रेन चल रही है। पहले इसका नाम वंदे मेट्रो था। इसका किराया 85 रुपये से शुरू होकर अधिकतम 340 रुपये है। नमो भारत ट्रेन को कम दूरी वाले शहरों के बीच चलाने के लिए डिजाइन किया गया है। यह पूरी तरह वातानुकूलित ट्रेन है।

## हिन्दू मंदिर में करिए शिवलिंग की पूजा महाबोधि मंदिर बौद्ध को सौंप दीजिए: आठवले



**पटना, एजेंसी।** रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आठवले) के अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले ने सलाह दी है कि बोधगया का महाबोधि महाविहार मंदिर बौद्ध लोगों के हवाले कर देना चाहिए। आठवले ने महाबोधि मंदिर के गर्भगृह में भगवान बुद्ध के ठीक सामने स्थापित शिवलिंग की पूजा परिसर में ही बने हिन्दू मंदिर में करने की भी सलाह दी और कहा कि बुद्ध मंदिर में शिवलिंग की पूजा ठीक नहीं है। बौद्ध धर्म को मानने वाले आठवले ने गुरुवार को पटना में एक पत्रकार सम्मेलन के दौरान बोधगया मंदिर प्रबंध समिति से हिन्दुओं को हटाकर सिर्फ बौद्धों को रखने की मांग को लेकर गया में चल रहे आंदोलन पर भी अपनी बात रखी।

बता दें कि बिहार सरकार द्वारा बनाए गए बोधगया मंदिर कानून 1949 के तहत बोधगया मंदिर प्रबंधन समिति (बीटीएमसी) ही महाबोधि मंदिर परिसर की व्यवस्था देखती है। 1953 में लागू इस कानून के मुताबिक समिति में अध्यक्ष समेत 9 सदस्य हो सकते हैं। 4 बौद्ध और 4 हिन्दू सदस्यों के अलावा गया के पदेन डीएम समिति के अध्यक्ष होते हैं। पहले डीएम भी तभी अध्यक्ष हो सकते थे जब वो हिन्दू हों और ऐसा ना होने पर राज्य सरकार किसी हिन्दू को अध्यक्ष मनोनीत करती थी। 2013 में नीतीश कुमार की सरकार ने इसमें संशोधन करके डीएम के लिए हिन्दू धर्म का होने की शर्त हटा दी जिससे कोई भी डीएम हो, वो समिति का चेयरमैन बनाया जा सके। आठवले ने पटना में मंदिर प्रबंध समिति को लेकर कहा- पूरे देश के बौद्ध लोगों की ये मांग है कि 1949 में जो बिहार विधानसभा ने कानून बनाया, उसमें इस ट्रस्ट में चार लोग बौद्ध, चार लोग हिन्दू और कलेक्टर हिन्दू होगा तो वो होगा। मेरा कहना है कि अगर हिन्दू मंदिर में कोई बौद्ध ट्रस्टी नहीं होता है तो हमारे ट्रस्ट मेंज कानून होगा लेकिन वो संविधान लागू होने के पहले का है।

उस कानून को बदलना चाहिए और उसमें 8 ट्रस्टी जो हैं, 8 ट्रस्टी बुद्धिस्ट होने चाहिए। हमारी एक ही मांग है। हिन्दू विरोधी मांग नहीं है। बौद्धों का मंदिर बौद्धों के हवाले कर दो। महाबोधि मंदिर के गर्भगृह में स्थापित शिवलिंग और उसकी पूजा को लेकर आठवले ने पत्रकारों से कहा- शिवलिंग की पूजा हिन्दू धर्म के लोगों को करनी है, उनका तो धर्म है, लेकिन वो बुद्ध मंदिर, बुद्ध विहार में नहीं होना चाहिए। शिवलिंग पूजा जरूर होनी चाहिए लेकिन वो पूजा बुद्ध मंदिर के परिसर में होना ठीक नहीं है। हिन्दू मंदिर भी बगल में है, वहां वो पूजा होती तो अच्छी बात है। वो भी पूजा करें।

### कुशवाहा ने कांग्रेस से पूछा था कि

अगले दिन 4 अप्रैल को राष्ट्रीय लोक मोर्चा के अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा ने भी राज्यसभा में इस मसले को उठाया था। वक्फ बोर्ड में गैर-मुस्लिमों को रखने का विपक्षी दलों के विरोध के जवाब में उपेंद्र कुशवाहा ने कांग्रेस को याद दिलाया कि उसकी सरकार ने बिहार में बोधगया मंदिर कानून बनाया था, जिसमें हिन्दुओं को रखा गया। कुशवाहा ने कांग्रेस से पूछा था कि तब आपको नहीं लगा था कि बौद्ध मंदिर है तो सिर्फ बुद्धिस्टों को ही होना चाहिए। उन्होंने किरेन रिजिजू को उनके भी बौद्ध धर्म से होने की याद दिलाते हुए कहा था कि दुनिया भर में संदेश गया है कि बोधगया में आंदोलन चल रहा है। कुशवाहा ने कहा था कि एक ही मंदिर की बात है, सरकार बौद्धों को सौंप दे और उसके प्रबंधन का काम बुद्धिस्टों को अपने हिसाब से करने दे।

## संक्षिप्त समाचार

### आयुष्मान कार्ड अभियान 26 से

**कौआकोल (नवादा) (नि॰सं॰)।** कौआकोल प्रखण्ड में राज्य सरकार के निर्देश पर 26 मई से 28 मई तक विशेष अभियान चलाकर आयुष्मान कार्ड बनाया जाएगा। उक्त आशय की जानकारी देते हुए बीडीओ डॉ॰ अखिलेश कुमार ने बताया कि राज्य सरकार का उद्देश्य है कि हर नागरिक को बिना पैसे के बेहतर इलाज की सुविधा मिले। इसी क्रम में प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना और मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत पात्र लाभार्थियों का आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए 26 से 28 मई विशेष अभियान चलाया जायेगा। उन्होंने बताया कि आयुष्मान कार्ड प्रखण्ड के सभी जनवितरण दुकानों, वसुधा केंद्रों एवं अन्य सम्बन्धित स्थानों पर निःशुल्क बनाई जाएगी। उन्होंने 20 सूत्री के सभी सदस्यों समेत जनप्रतिनिधियों से इस अभियान को सफल बनाने के लिए विशेष रूप से जागरूकता अभियान चलाने की अपील किया है। बीडीओ ने बताया कि प्रत्येक वार्डों में वार्ड सभा, पंचायत समिति, आंगनबाड़ी, आशा कार्यकर्ताओं और जनप्रतिनिधियों के सहयोग से प्रचार-प्रसार किया जायेगा।

### शहीद मनीष के नाम पर बनेगा अस्पताल

**कौआकोल (नवादा) (नि॰सं॰)।** प्रखण्ड के पाण्डेयगंगौट गांव निवासी व भारतीय सेना के जवान मनीष कुमार के 14 मई को ड्यूटी के दौरान शहीद हो जाने के बाद उनके याद में गांव में अस्पताल बनाया जाएगा। इसके लिए शुक्रवार को आयोजित प्रखण्ड 20 सूत्री की बैठक में सदस्यों ने सर्वसम्मति से पाण्डेयगंगौट गांव में 6 बेड का अस्पताल बनाने का प्रस्ताव पारित किया गया। 20 सूत्री सदस्य मुकुल कुमार सिंह ने इस मुद्दा को उठाते हुए सीओ से जमीन चिन्हित करने का अनुरोध किया। सदस्यों ने कहा कि शहीद मनीष के नाम पर उनके गांव में अस्पताल बनने पर उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

### बैठक के दौरान दारोगा बेहोश

**कौआकोल (नवादा) (नि॰सं॰)।** कौआकोल प्रखण्ड परिसर के सभागार कक्ष में आयोजित प्रखण्ड 20 सूत्री की बैठक में भाग लेने पहुंचे रूपौ थाना के दारोगा एसआई ध्रुव हाजरा अचानक बेहोश होकर कुर्सी से गिर गए। जिससे बैठक में थोड़ी देर के लिए अचानक अफरातफरी मच गई। बाद में 20 सूत्री के सदस्यों एवं अधिकारियों के सहयोग से प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ॰ रामप्रिय सहगल के द्वारा निजी वाहन से दारोगा को कौआकोल पीएचसी ले जाकर इलाज किया गया। बताया जाता है कि बीपी प्रॉब्लम के कारण एसआई अचानक चक्कर खाकर गिर पड़े।

### बैठक में उठा भ्रष्टाचार का मुद्दा

**कौआकोल (नवादा) (नि॰सं॰)।** शुक्रवार को प्रखण्ड परिसर अवस्थित सभागार कक्ष में आयोजित बैठक में विभिन्न योजनाओं की समीक्षा के दौरान सदस्यों ने विभिन्न विभागों में व्याप्त भ्रष्टाचार का मुद्दा उठाया। 20 सूत्री अध्यक्ष दिलीप कुमार ने दरावां के आवास सहायक आदित्य कुमार पर योजनाओं में अनियमितता बरतने एवं भ्रष्टाचार में लिप्त रहने का आरोप लगाते हुए अविलंब हटाने का मुद्दा उठाया। वहीं बैठक में कौआकोल बाजार को अतिक्रमण मुक्त करने, नल-जल योजना में सुधार लाने, बैठक से अनुपस्थित अधिकारियों से कारणपृच्छा करने सहित अन्य मुद्दों को प्रमुखता से उठाया गया। इसके अलावे जनवितरण, शिक्षा, आंगनबाड़ी, स्वास्थ्य, कृषि आदि विभागों की भी समीक्षा के दौरान समस्याओं को प्रमुखता से उठाया गया। 20 सूत्री सदस्य अजित वर्मा ने कहा कि कौआकोल में जनवितरण में काफी घटिया अनाज मुहैय्या कराया जा रहा है, जिस पर सुधार की आवश्यकता है।

### 3000 लीटर महुआ शराब किया विनष्टीकरण




**रजौली (नवादा) (नि॰सं॰)।** थाना क्षेत्र के हरदिया पंचायत के सुदुरवर्ती जंगली क्षेत्र झराही में एक शराब भट्ठी को पुलिस बलों ने ध्वस्त किया। साथ ही दो शराब तस्करों को भी गिरफ्तार किया गया। थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि जंगली क्षेत्र में शराब भट्ठी की सूचना मिलने पर थाने में पदस्थापित पीएसआई सचिन कुमार एवं पीटीसी जयप्रकाश चौधरी के अलावे सशस्त्र बलों के सहयोग से छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान एक शराब भट्ठी, जहां बृहद पैमाने पर शराब बनाया जा रहा था, उसे ध्वस्त किया गया। साथ ही प्लास्टिक के बड़े-बड़े टंकी में रखे लगभग 3000 जावा महुआ शराब को जमीन पर बहाकर विनष्ट किया गया। वहीं मौके से देशी महुआ शराब के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार तस्करों की पहचान नावाडीह गांव निवासी रोहन सिंह के पुत्र लालजीत सिंह एवं स्व॰ महादेव सिंह के पुत्र नारायण सिंह के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष ने बताया कि जब्त शराब एवं गिरफ्तार शराब तस्करों के विरुद्ध बिहार उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। वहीं गिरफ्तार लोगों को शुक्रवार को स्वास्थ्य जांच के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। बताते चलें को पिछले दिन हरदिया के सुदुरवर्ती जंगली क्षेत्र से पुलिस बलों ने दो बाइकों पर लदे 250 लीटर देशी महुआ शराब की खेप पहुंचाने के दौरान एक तस्कर को भी गिरफ्तार कर भेज दिया गया था।

### बदमाशों ने रास्ते में किया हमला



**रजौली (नवादा) (नि॰सं॰)।** थाना क्षेत्र के रामदासी गांव लौट रहे एक युवक के साथ कुछ बदमाशों ने बाबा बांध मोड के समीप जमकर मारपीट किया। साथ ही युवक के पास रहे मोबाइल और गले में रहे सोने के चेन को छीन कर भाग खड़े हुए। पीड़ित रामदासी गांव निवासी कैलाश यादव के पुत्र रंजन यादव ने बताया कि बीते गुरुवार की संध्या लगभग 6 बजे अपने घर लौट रहे थे, इसी बीच बाबा बांध मोड के समीप गांव के ही कुलदीप यादव के पुत्र अजीत यादव व रंजन यादव, महेश यादव के पुत्र चंद्रदीप यादव, स्व॰ फ्रौदी यादव के पुत्र कुलदीप यादव एवं स्व॰ बढ़हन यादव के पुत्र बलबीर यादव अपने-अपने हाथों में लाठी डंडा आदि रखे हुए थे एवं मेरा रास्ता रोककर गाली-गलौज करने लगे। विरोध किए जाने पर उक्त लोगों ने जमकर मारपीट करना शुरू कर दिया। इस दौरान पीड़ित युवक घायल होकर जमीन पर बेहोश होकर गिर पड़ा। जिसके बाद उक्त लोगों ने घायल युवक के पास रहे मोबाइल एवं गले में रहे एक भर के सोने के चेन को छीन कर भाग खड़े हुए। स्थानीय लोगों एवं परिजनों की सहायता से घायल युवक को अनुमंडलीय अस्पताल में इलाज हेतु भर्ती कराया गया। अस्पताल में घायल युवक के सिर में टांके दिए गए एवं साथ में जरूरी दवाइयां देकर उन्हें घर भेज दिया गया। घायल युवक ने बताया कि घटना की लिखित शिकायत थाना में दिया गया है। इस बाबत थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि मारपीट मामले में एक आवेदन प्राप्त हुआ है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

### बैठक में योजनाओं पर हुई समीक्षा

**वारिसलीगंज (नवादा) (नि॰सं॰)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित ई-किसान भवन के सभागार में शुक्रवार को बिहार सरकार द्वारा मनोनीत प्रखंड 20-सूत्री क्रियान्वयन समिति की पहली बैठक आयोजित की गई। क्रियान्वयन समिति बैठक की अध्यक्षता 20-सूत्री अध्यक्ष सुमन कुमार एवं संचालन बीडीओ पंकज कुमार ने की। सर्वप्रथम सूचना के बावजूद बैठक में अनुपस्थित रहने के कारण सदस्यों ने रोष व्यक्त करते हुए अंचलाधिकारी के कार्यों की निंदा की गई। जबकि शिक्षा, स्वास्थ्य, बाल विकास परियोजना, खाद्य आपूर्ति, पंचायतीराज, मनरेगा, कल्याण, बिजली, प्रशासन, श्रम संसाधन, इंदिरा आवास, आय, आवासीय, जाति सहित अन्य वैसे तमाम योजनाएं जो राज्य सरकार द्वारा संचालित की जा रही है। उन सभी योजनाओं में संबंधित विभाग द्वारा कौन-कौन सी योजनाएं संचालित की जा रही है, उसकी क्रमशः जानकारी सदस्यों ने ली और सरकार द्वारा आमलोगों के लिए चलाई जा रही तमाम जनकल्याणकारी योजनाओं को शत-प्रतिशत जमीनी बनाने के लिए 20-सूत्री सदस्यों ने अधिकारियों को कहा गया।

# बुनियाद केन्द्र में नेत्र जांच शिविर में पहुंचे 72 ग्रामीण जांच के बाद नि:शुल्क चश्मा का किया वितरण

**निज संवाददाता** | रजौली (नवादा)



रजौली प्रखंड परिसर के बुनियाद केंद्र में शुक्रवार को बड़े पैमाने पर नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर खास तौर पर 50 वर्ष और उससे अधिक उम्र के बुजुर्गों के लिए रखा गया था, जिसमें कुल 72 लोगों की आंखों की विस्तार से जांच की गई। शिविर में नेत्र सहायक सुमन सौरभ के साथ-साथ प्रबंधक प्रेम शंकर प्रसाद, फिजियोथैरेपिस्ट गौरव कुमार, और कार्यपालक सहायक शशि कुमार सहित स्वास्थ्य विभाग की पूरी टीम मौजूद रही, जिन्होंने जांच प्रक्रिया को सुचारू रूप से संपन्न करवाया। बुनियाद केंद्र के प्रबंधक प्रेम शंकर प्रसाद ने बताया कि जांच के दौरान 12 बुजुर्गों में मोतियाबिंद की पुष्टि हुई है। मोतियाबिंद एक ऐसी गंभीर नेत्र रोग है, जिसमें आंख का लेंस धुंधला हो जाता है, जिससे दृष्टि कम हो जाती है और यदि समय पर इलाज न हो तो अंधापन भी हो सकता है। उन्होंने कहा कि इन मरीजों को बेहतर इलाज के लिए नवादा के सदर अस्पताल में रेफर कर दिया गया है, जहां आयुष्मान भारत योजना के तहत मोतियाबिंद के ऑपरेशन निशुल्क कराए जाते हैं। इस योजना के तहत मरीजों को न केवल ऑपरेशन मुफ्त मिलेगा, बल्कि उसके बाद की देखभाल भी निःशुल्क होगी। प्रबंधक ने यह भी बताया कि नेत्र जांच के बाद सभी जरूरतमंद मरीजों को निःशुल्क चश्मा वितरित किया गया। यह चश्मा उनकी दृष्टि सुधारने में मदद करेगा और उनकी दिनचर्या को बेहतर बनाएगा। उन्होंने यह स्पष्ट किया कि बुनियाद केंद्र में हर शुक्रवार को नियमित रूप से नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा, जिसमें खासकर 50 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों की जांच होगी और जरूरतमंदों को उपयुक्त चश्मे उपलब्ध कराए जाएंगे। उन्होंने आम जनता से अपील की कि वे अपने आस-पास के बुजुर्गों और दृष्टि संबंधी समस्याओं से जूझ रहे लोगों को आधार कार्ड और दो पासपोर्ट साइज फोटो के साथ शुक्रवार को बुनियाद केंद्र जरूर भेजें ताकि उनकी आंखों की जांच हो सके और उन्हें उचित उपचार मिल सके। इसके अलावा, प्रबंधक ने यह भी बताया कि अगले दिन यानी शनिवार को धमनी पंचायत के पलाकी गांव स्थित आंगनबाड़ी केंद्र एवं बहादुरपुर पंचायत के सामुदायिक भवन में भी निःशुल्क चश्मे का वितरण किया जाएगा। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले और अधिक लोगों को फायदा मिलेगा, जो अपनी दृष्टि सुधारने के लिए आवश्यक सहायता प्राप्त कर सकेंगे। यह नेत्र जांच शिविर ग्रामीण क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण पहल है, क्योंकि दूर-दराज के गांवों में स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी के कारण आंखों की बीमारियों का सही समय पर पता लगाना और इलाज कराना मुश्किल होता है। ऐसे शिविरों से बुजुर्गों को समय पर उचित उपचार मिल पाता है, जिससे उनकी जिंदगी में रोशनी बनी रहती है। बुनियाद केंद्र के इस प्रयास से क्षेत्र में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ेगी और लोगों में आंखों की देखभाल को लेकर सचेतना आएगी। प्रबंधक प्रेम शंकर प्रसाद एवं उनकी टीम ने इस सेवा को लगातार जारी रखने का संकल्प लिया है ताकि सभी जरूरतमंद लोगों तक नेत्र स्वास्थ्य सेवाएं पहुंच सकें और उनकी जिंदगी में सुधार हो सके।

## प्राथमिक विद्यालय बिगहा में बाल संसद चुनाव सम्पन्न

**निज संवाददाता** | रजौली (नवादा)

प्रखंड क्षेत्र के हरदिया पंचायत स्थित प्राथमिक विद्यालय बिगहा में बाल संसद का चुनाव सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर विद्यालय में एक आमसभा आयोजित की गई, जिसमें बच्चों को बाल संसद की अवधारणा, उद्देश्य, महत्व एवं विभिन्न मंत्रालयों की भूमिकाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। प्रधानाध्यापिका सुधा कुमारी के सक्षम नेतृत्व में यह प्रक्रिया पारदर्शिता और उत्साहपूर्वक पूरी की गई। इस दौरान बच्चों में लोकतांत्रिक मूल्यों की समझ विकसित करने और नेतृत्व क्षमता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से यह आयोजन किया गया। चुनाव परिणाम के बाद आयुष कुमार प्रधान मंत्री, उपप्रधान मंत्री विक्रम कुमार,शिक्षा मंत्री सौभाग्य कुमार, उप शिक्षा मंत्री अंश कुमार, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता मंत्री आदित्य कुमार, उप स्वास्थ्य एवं स्वच्छता मंत्री सत्यम साव, जल एवं कृषि मंत्री आंशिक कुमारी, उप जल एवं कृषि मंत्री नंदिनी कुमारी, पुस्तकालय एवं विज्ञान मंत्री पीयूष कुमार, उप पुस्तकालय एवं विज्ञान मंत्री रिशु कुमारी, सांस्कृतिक एवं खेल मंत्री राधिका कुमारी एवं उप सांस्कृतिक एवं खेल मंत्री राधिका कुमारी निर्वाचित हुई। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकगणों में पुष्पा सिन्हा, नीतू कुमारी सिंह, पंकज कुमार एवं अनीता कुमारी उपस्थित रही और पूरे आयोजन में सक्रिय भूमिका निभाई। इस प्रक्रिया में पिरामल फाउंडेशन के प्रशांत सोनटक्के का विशेष सहयोग रहा, जिन्होंने बाल संसद की प्रक्रिया को सफलतापूर्वक संचालित कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। बच्चों को न सिर्फ उनकी भूमिका और दायित्वों से अवगत कराया गया, बल्कि लोकतंत्र की प्रक्रिया और उसके महत्व की भी व्यावहारिक जानकारी दी गई। चुनाव प्रक्रिया में विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी यह दर्शाती है कि भावी नागरिक के रूप में वे अपनी जिम्मेदारियों को लेकर सजग हैं।

## ग्रामीण महिलाओं को सशक्त बनाने की पहल

**निज संवाददाता** | नवादा (रजौली)

अनुमंडल क्षेत्र के सिरदला प्रखंड के खटांगी पंचायत अन्तर्गत बकड़झोली ग्राम में हैंड इन हैंड इंडिया एवं जॉकनिक फाउंडेशन के सौजन्य से ग्रामीण महिलाओं को सशक्त बनाने के पहल के तहत चलाए जा रहे पांच दिवसीय चूड़ी एवं बाला बनाने के कौशल प्रशिक्षण कार्यशाला का समापन किया गया। कार्यशाला मे 30 स्थानीय ग्रामीण महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यशाला में ग्रामीण महिलाओं ने विभिन्न प्रकार के चूड़ी एवं बाला बनाकर अपनी कला का प्रदर्शन किया। साथ ही वित्तीय साक्षरता एवं बाजार जुड़ाव से सम्बन्धित जरूरी प्रशिक्षण सत्र से जानकारियां भी अर्जित की।इस अवसर पर प्राथमिक विद्यालय बकड़झोली के प्रधानाध्यापिका किरण कुमारी एवं हैंड इन हैंड संस्था के शिक्षा समन्यवयक् डॉ. अभय कुमार द्वारा परिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही बताया गया कि महिलाओं को सशक्त बनाकर पूरे समाज को सशक्त किया जा सकता है। उद्योगों को बढ़ाने से ही देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी एवं ग्रामीण महिला स्वरोजगार स्थापित कर आत्मनिर्भर बन सकेंगी। प्रशिक्षण समाप्ति के बाद फील्ड समन्वयक रविंद्र कुमार ने बताया कि संस्था विगत कई वर्षों से नवादा, गया एवं नालंदा के पिछड़े क्षेत्रो मे बाल मैत्रीपूर्ण और एकीकृत समुदाय को बढ़ावा प्रदान करने एवं महिला सशक्तिकरण की पहल करती आ रही है। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों द्वारा कार्यशाला मे अपने पांच दिनों के अनुभव को साझा किया एवं संस्था को कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन करने के लिए धन्यवाद दिया।

## इंटर विद्यालय बलिया में मशाल खेल महोत्सव का हुआ आयोजन, खिलाड़ियों को भूखे लौटना पड़ा

**निज संवाददाता** | रजौली (नवादा)




प्रखंड क्षेत्र के शिरोडावर पंचायत के बलिया गांव स्थित इंटर विद्यालय के प्रांगण में प्राचार्य रंजीत कुमार की अध्यक्षता में मशाल खेल महोत्सव 2025 का आयोजन किया गया।महोत्सव की विधिवत शुरुआत संचालक रंजीत कुमार, उत्क्रमित मध्य विद्यालय बलिया के प्रधानाध्यापक दिनेश प्रसाद और विशिष्ट शिक्षक सह राजौली प्रखंड शिक्षक नेता अजित कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किये। संकुल स्तरीय खेल आयोजन में चौथा, बौढी कला, फुलवरिया, सोहदा और बलिया के मध्य विद्यालयों छात्र-छात्राओं ने काफी उत्साहित होकर कबड्डी, लंबी छलांग, गोला फेंक, साइकिल दौड आदि खेल में भाग लिया। खेल आयोजन में सभी छात्र-छात्राओं का उत्साह देखने लायक था। छात्र से अधिक छात्राओं में उत्साह प्रदर्शित हो रहा था। सभी अपने अपने विद्यालय से बच्चे को अनुशासित तरीके से शिक्षक के संरक्षण में सभी छात्रों को लेकर आये।खेल आयोजन में सभी शिक्षकों ने काफी सहयोग किये। सभी शिक्षक और छात्रों के सहयोग से खेल का आयोजन कर प्रखंड में भेजने हेतु चयन किया गया है। अंतिम दिन सभी चयनित और जीतने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया जाएगा। संकुल के खेल महोत्सव में सहयोग देनेवाले शिक्षक अशोक कुमार, सुनील कुमत,रीना रंजन, स्वाति कुमारी, ज्योत्स्ना कुमारी, शनि कुमार, कौशिक राज, सुधीर दास, अभिमन्यु कुमार पांडेय, सिराजुल आलम, मोहमद कैफ, नितेश उपाध्याय, निवेदिता, राशिद सर, संजू कुमारी, रोशन कुमार, आशीष कुमार, राजेन्द्र कुमार, राहुल पांडेय व प्रणय कुमार शामिल रहे। शिक्षक नेता अजित कुमार ने मशाल खेल महोत्सव कार्यक्रम 2025 के पहल की सराहना की है। साथ ही कहा कि अब हमारे बिहार के बच्चे के खेल प्रतिभा जो गांव में छिपा है। इस योजना से गांव के छिपी हुई खेल प्रतिभा को खोज कर हम अपने पंचायत, प्रखंड, राज्य और देश का नाम करेंगे। सभी बच्चों को उनके उज्वल भविष्य की कामना करते है। वहीं खिलाड़ी छात्र - छात्राओं के लिए भोजन व्यवस्था संकुल में नहीं होने के कारण छात्रों को भूखे ही वापस लौटना पड़ा, जो खेल महोत्सव के उत्साह को प्रभावित किया। इस मामले में शिक्षक नेता अजित कुमार ने बताया कि अगर छात्रों को भोजन व्यवस्था नहीं किया गया है, तो शिक्षा मंत्री व एसीएस सिद्धार्थ सर से प्रार्थना है कि संकुल, प्रखंड और जिला स्तर पर खिलाड़ी छात्र-छात्राओं को भोजन व्यवस्था कर उत्साह बढ़ाने की कृपा करें।

## सरकारी योजनाओं के बेहतर ढंग से क्रियान्वयन पर की गई चर्चा

**निज संवाददाता** | कौआकोल (नवादा)



प्रखण्ड मुख्यालय के सभागार कक्ष में शुक्रवार को लगभग 12 वर्षों के लम्बे अंतराल के बाद 20 सूत्री सह प्रखण्ड कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखण्ड 20 सूत्री सह प्रखण्ड जदयू अध्यक्ष दिलीप कुमार कुशवाहा ने किया। बैठक की शुरुआत में नवमनोनित 20 सूत्री अध्यक्ष दिलीप कुमार का बीडीओ डॉ॰ अखिलेश कुमार ने जबकि उपाध्यक्ष अंकित विश्वकर्मा का सीओ मनीष कुमार द्वारा बुके देकर स्वागत किया गया। इसके बाद अध्यक्ष सहित सभी सदस्यों एवं अधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलित कर बैठक की शुरूआत किया गया। बैठक में सर्वप्रथम सभी सदस्यों एवं अधिकारियों ने अपना परिचय दिया। इसके बाद बैठक के मुख्य एजेंडा महिला संवाद कार्यक्रम, डॉ॰ भीमराव अम्बेदकर समग्र सेवा अभियान, तथा अन्य विभागीय योजनाओं की जानकारी एवं अद्यतन स्थिति पर विशेष रूप से चर्चा किया गया। बैठक की अध्यक्षता करते प्रखण्ड अध्यक्ष दिलीप कुमार ने कहा कि यह बहुत ही सौभाग्य की बात है कि एक लंबे अरसे के बाद यह बैठक आयोजित की गई है। इसके लिए वे सभी सदस्यों का धन्यवाद देते हैं। उन्होंने बैठक में उपस्थित अधिकारियों को नियम के अनुरुप कार्य करने की नसीहत दी तथा कहा कि विभागीय कार्यों एवं जनता से जुड़ी योजनाओं में किसी तरह की गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में सदस्यों ने प्रखंड स्तर की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की एवं इसकी समीक्षा की गयी। मौके पर 20 सूत्री सदस्य अजित वर्मा, मुकुल सिंह, देवेंद्र सिंह, महेंद्र पासवान, शिवालक प्रसाद, ओमप्रकाश चौहान, अविनाश उर्फ मुकेश सिंह, हुसैना खातून, संगीता कुमारी,मन्नू चन्द्रवंशी, बबलू चौधरी, अवधेश राउत, संजू मांझी समेत एमओ राजीव कुमार, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ॰ रामप्रिय सहगल, टीबीओ डॉ॰ हरिशंकर शरण, बीईओ सुशील कुमार, मनरेगा पीओ प्रमोद मिस्त्री, बीसीओ कुन्दन बर्णवाल, सीडीपीओ अंजली कुमारी, बिजली जेई अनीश कुमार, प्रधान सहायक संजय कुमार शम्मा, नाजिर गोपाल कुमार, बीडब्ल्यूओ लोकेशनाथ चौधरी, जीविका के बीपीएम, पीएचईडी जेई, स्वास्थ्य प्रबंधक रविचन्द प्रसाद आदि मौजूद थे।

## कृषि विज्ञान केंद्र में धान के बीज का बिक्री हुआ शुरू



**निज संवाददाता** | कौआकोल (नवादा)

कृषि विज्ञान केंद्र,ग्राम निर्माण मण्डल सर्वोदय आश्रम सोखोदेवरा नवादा में शुक्रवार से किसानों के बीच धान के बीज का बिक्री कार्य शुरू किया गया। इसकी जानकारी देते हुए कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों ने बताया कि ग्राम निर्माण मंडल के प्रधानमंत्री अरविंद कुमार की देखरेख में राजेंद्र स्वेता एवं सबौर सुरभित प्रजाति के धान के बीज का वितरण पचास रुपये प्रति किलोग्राम की दर से बिक्री का कार्य शुरू किया गया। वैज्ञानिकों ने बताया कि उक्त बीज उन्नत किस्म की है। पहले दिन धान के बीज की खरीद के लिए किसानों की लंबी कतारें देखी गई।

## विभिन्न संकुलों में मशाल के तहत दूसरे दिन भी खेलकूद प्रतियोगिता




**निज संवाददाता** | कौआकोल (नवादा)

प्रखण्ड के विभिन्न संकुलों में मशाल कार्यक्रम के तहत दूसरे दिन भी शुक्रवार को खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रखण्ड के गायत्री प्रोजेक्ट बालिका इंटर विद्यालय कौआकोल के प्रभारी प्राचार्य संदीप कुमार,इंटर विद्यालय कौआकोल के प्रभारी प्राचार्य श्याम कुमार वर्मा,बापू इंटर विद्यालय पाण्डेयगंगौट के प्रभारी प्राचार्य अजय कुमार, उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय बरौन बाजितपुर में प्रभारी प्राचार्य अनिल कुमार,उच्च माध्यमिक विद्यालय लालपुर में प्रभारी प्रधानाध्यापक प्रमोद कुमार समेत विभिन्न संकुलों में विभिन्न प्रकार के खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता को लेकर विद्यालय के छात्र-छात्राओं में काफी उत्साह देखा जा रहा है। तथा विद्यालय द्वारा आयोजित विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में बच्चों द्वारा बढ़-चढ़कर भाग लिया जा रहा है। प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी सुशील कुमार ने बताया कि सरकारी विद्यालयों में अध्यनरत छात्र-छात्राओं में प्रतिभावान खिलाड़ियों की पहचान के लिए मशाल कार्यक्रम के तहत तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन गुरुवार से शुरू किया गया है। जिसके तहत विद्यालय में बच्चों के बीच दौड़, कबड्डी दौड़, ऊंची कूद आदि प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का समापन शनिवार को होगा।

## नेशनल फाउंडेशन फॉर इंडिया द्वारा धर्मदेव पासवान को मिला भारत रत्न श्री सी. सुब्रमण्यम अवॉर्ड

**निज संवाददाता** | नवादा




नवादा जिला के आती गांव के साधारण परिवार से तालुक रखने वाले सामाजिक कार्यकर्ता धर्मदेव पासवान पिता विष्णुदेव पासवान को 22 मई को नेशनल फाउंडेशन फॉर इंडिया नई दिल्ली ने एनएफआई के संस्थापक अध्यक्ष भारत रत्न श्री सी. सुब्रमण्यम अवॉर्ड से सम्मानित किया। बताते चले कि धर्मदेव पासवान बताते हैं कि अपने भारत देश में कई तरीके के कार्य हैं लेकिन जो हमारा देश का प्रियंबल बोलता है कि हम सभी देश के नागरिक को एक समान शिक्षा, स्वास्थ एवं जीने का अधिकार है, लेकिन इसी देश में अलग अलग जाति, भेदभाव से लोग ग्रसित हैं, उसी कड़ी को आगे बढ़ाते हुए धर्मदेव ने समाज की सबसे अंतिम पायदान पर जीवन बसर करने वाले समुदाय के लिए 15 वर्ष तक लगातार कार्य किया और हज़ारों महिला, युवा लड़कियों, पुरुषों और को उनके हक अधिकार और समानता से जीने की राह दिखाई और हज़ारों बड़े बड़े उपलब्धियां भी दिखाया जिससे समाज आर्थिक रुप से सशक्त हुआ है। पासवान ने बताया कि यह अवॉर्ड बहुत बड़ी अवॉर्ड है, जो हमारे जैसे हज़ारों सामाजिक कार्यकर्ता को एक प्रेरणा देंगी समाज में कार्य करने के लिए जो भारत को एक बेहतर निर्माण के लिए एक दिशा देगा। यह अवॉर्ड भारत के वैसे सामाजिक कार्यकर्ता को दिया जाता है जो समाज के अंतिम पायदान पर खड़ी समुदाय के लिए कार्य करता है और उसके जीवन में बदलाव के लिए हमारे जैसे सामाजिक कार्यकर्ता दिन रात मेहनत करके उन्हे उनके अधिकार के लिए लड़ते रहते हैं। पासवान ने बताया कि यह सम्मान का असली हकदार समाज के उन सभी छोटे छोटे कार्यकर्ता को जाता है, जिन्होंने दिन रात मेहनत करके समाज बदलाव में साथ दिया और बिना एकजुटता के कोई भी कार्य संभव नहीं होता है। एन एफ आई के निर्देशक विराज पटनायक ने बताया कि स्मृति में स्वैच्छिक क्षेत्र के कार्यकर्ताओं और सामुदायिक नेताओं के लिए फेलोशिप की स्थापना की है। एनएफआई का मानना है कि सक्रिय सामाजिक नेतृत्व और सामुदायिक भागीदारी में ठोस सामाजिक परिवर्तन लाने की क्षमता है। कई सामुदायिक नेता स्थानीय मुद्दों को संबोधित करने के लिए उत्कृष्ट कार्य करते हैं और मामूली वेतन और कठिन कार्य स्थितियों के बावजूद जमीनी स्तर पर काम करने में लंबे समय तक बिताते हैं। नागरिक समाज क्षेत्र अपनी ताकत उनके विशाल अनुभव और जमीनी स्तर पर मुद्दों की गहरी समझ से प्राप्त करता है और उन पर निर्भर करता है। सी. सुब्रमण्यम पुरस्कार मध्य-करियर सामुदायिक नेताओं और स्वैच्छिक क्षेत्र के कार्यकर्ताओं को नागरिक कार्रवाई को संगठित करने और सबसे हाशिए पर रहने वाले लोगों को उनके अधिकारों और हकों तक पहुँचने में सक्षम बनाने के लिए प्रोत्साहित करता है। यह चयनित उम्मीदवारों को उनके नेतृत्व गुणों को बढ़ाने और समकालीन मुद्दों पर प्रेरणा और समझ बढ़ाने के अवसर प्रदान करता है। यह कठिन परिस्थितियों में अकेले काम करने वालों के लिए उपलब्ध समर्थन आधार को बढ़ाने के लिए व्यक्तियों और संस्थानों का एक नेटवर्क बनाता है। उन्हें नकद पुरस्कार देने के अलावा, NFI एक वार्षिक नेतृत्व अभिविन्यास कार्यक्रम की सुविधा प्रदान करता है, जिसे नेतृत्व के मुद्दों, सामाजिक नेताओं के गुणों और रचनात्मक कार्यों में नेतृत्व की प्रासंगिकता पर साथियों द्वारा चिंतन के लिए डिज़ाइन किया गया है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### आरा में आज 4 घंटे तक कटेगी बिजली

**आरा।** आरा शहर के आनंद नगर फीडर से आज 4 घंटे तक बिजली की सप्लाई ठप रहेगी। मेंटेनेंस वर्क को लेकर सुबह 10 बजे से दोपहर 2 तक बजे तक बिजली कटेगी। इस दौरान जर्जर तार और पोल को ठीक किया जाएगा। कनीय विद्युत अभियंता ने बताया कि सड़क चौड़ीकरण का काम चल रहा है। सपना सिनेमा मोड़ के पास रेल पोल लगाने का काम किया जाएगा। इस वजह से आनंद नगर फीडर से विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। शहरवासियों से अपील करते हुए कहा कि से समय से अपना जरूरी काम निपटा लें। साथ ही पानी को स्टोर कर के रख लें। मेंटेनेंस का काम पूरा होती ही कनेक्शन चालू कर दिया जाएगा। आनंदनगर, बस स्टैंड, श्री टोला, जवाहर टोला, सपना सिनेमा, सपना सिनेमा मोड़, नेहरू नगर, मवेशी अस्पताल, शिवपुर, रीगल होटल, संत अस्पताल, प्रकाश पूरी, शिवगंज, नेहरु नगर के आसपास के इलाकों में बिजली कटेगी।

### स्कूल में समर कैंप में रहा मेला जैसा माहौल

**कोईलवर।** स्थानीय कोईलवर प्रखंड के मध्य सह उच्च माध्यमिक विद्यालय, चंदा काजीचक में गुरुवार को भारतीय भाषा पर आधारित समर कैंप का आयोजन हुआ। बिहार शिक्षा परियोजना परिषद, पटना के निर्देश पर आयोजित इस कैंप का उद्देश्य छात्रों में संवाद कौशल, आत्मविश्वास और सांस्कृतिक समझ को बढ़ाना है। कार्यक्रम का उद्घाटन सेवानिवृत्त शिक्षक और साहित्यकार राजाराम सिंह "प्रियदर्शी", संकुल समन्वयक नीतीश्वर कुमार और प्रधानाध्यापक डा. दया शंकर प्रसाद ने संयुक्त तरीके से फीता काटकर किया। समर कैंप का मुख्य आकर्षण छात्रों द्वारा तैयार किए गए 25 तरह के व्यंजनों की प्रदर्शनी रही। स्टॉलों पर ब्रेड पकौड़ा, गुपचुप, चाट मसाला, इडली-डोसा, खीर-पुड़ी, लिट्टी-चोखा, पास्ता, ममोज, सत्तू की ठंढई, ग्रीन मैंगो जूस, सोडा पानी जैसे देशी-विदेशी स्वाद मौजूद थे। हर स्टॉल पर व्यंजन के नाम और कीमत की जानकारी दी गयी थी। विद्यालय परिसर का माहौल मेले जैसा रहा। अभिभावक, अतिथि और शिक्षक स्टॉलों पर जाकर बच्चों से व्यंजन बनाने की विधि और उनके प्रयासों की जानकारी ले रहे थे। बच्चों ने आत्मविश्वास और रचनात्मकता से सभी का दिल जीत लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षिका अर्चना कुमारी, सुधा तिवारी, सुषमा गुप्ता, शालिनी, उषा कुमारी, विनिता कुमारी, रजिया खातून, सीमा कुमारी और छाता रिया, अनुष्का व अन्य रहे।

### टैक्स निजीकरण का विरोध जनता के हित में : पूर्व पार्षद

**आरा।** नगर निगम की गुरुवार को हुई साधारण बोर्ड की बैठक में टैक्स वसूली के निजीकरण के प्रस्ताव पर गहमा-गहमी देखने को मिली। बैठक के दौरान पूर्व डिप्टी मेयर सह वार्ड पार्षद मालती देवी ने जनहित को ध्यान में रखते हुए इस प्रस्ताव का कड़ा विरोध किया। उनके इस रुख की सराहना करते हुए पूर्व वार्ड पार्षद अमरेंद्र कुमार ने कहा कि मालती चाची हमारे लिए मां समान हैं। उन्होंने जिस साहस और दृढ़ता से टैक्स निजीकरण का विरोध किया है, वह जनता के हित में एक ऐतिहासिक कदम है। पूरा आरा उनके इस फैसले के लिए उनका आभारी है। शायद यही वजह है कि जनता आज भी उन्हें निर्विरोध चुनती है। पूर्व वार्ड पार्षद ने कहा कि टैक्स वसूली के निजीकरण से आम जनता पर अनावश्यक बोझ पड़ेगा और पारदर्शिता प्रभावित होगी।

### कायमनगर-माणिकपुर सड़क पर जलजमाव का निकला हल

**आरा।** बड़हरा विधानसभा के कायमनगर भाया बिरमपुर-माणिकपुर मुख्य सड़क निर्माण में आ रही जलजमाव की समस्या का समाधान गुरुवार को बड़हरा विधायक सह पूर्व मंत्री राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने किया। लगभग 13 करोड़ रुपए की लागत से बन रही इस सड़क पर बिरमपुर और पुतलीगंज गांव में जलजमाव और नाले की समस्या के कारण निर्माण कार्य रुका हुआ था। विधायक ने ग्रामीण कार्य विभाग के पदाधिकारियों, संवेदक और दोनों गांवों की जनता के साथ बैठक की। मौके पर ही समाधान निकाला गया। तय हुआ कि नाले का निर्माण कर जलजमाव रोका जाएगा। विधायक ने पदाधिकारियों और संवेदक को निर्देश दिया कि नाले के साथ-साथ सड़क निर्माण भी जल्द पूरा किया जाए। विधायक ने कहा कि यह सड़क कई पंचायतों को जोड़ती है। लंबे समय से जलजमाव के कारण लोग रास्ता बदलकर आते-जाते थे। पहले भी समाधान की कोशिश हुई थी, लेकिन आम सहमति नहीं बनने से काम रुका था। अब सहमति बन गई है। निर्माण कार्य तेजी से होगा। तय समय पर काम पूरा होगा। लोगों को आवागमन में कोई परेशानी नहीं होगी। उन्होंने कहा कि बड़हरा क्षेत्र में पुराने सड़कों की मरम्मत के साथ नई सड़कों का भी निर्माण हो रहा है। विकास कार्य तेजी से चल रहे हैं। मैं क्षेत्र की जनता की समस्याओं के समाधान के लिए हमेशा तत्पर हूं। मौके पर कार्यपालक अभियंता नीरज कुमार, सहायक अभियंता माही कुमारी, कनीय अभियंता पप्पु कुमार, संवेदक तुलसी सिंह, छोटक प्रसाद, रामाधार पासवान आदि थे।

### दो फीडरों से 23 मई को 8 घंटे बिजली रहेगी बंद

**आरा** | शुक्रवार 23 मई को शहर के दो फीडरों से जुड़े कई इलाकों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। आनंद नगर फीडर से सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक 4 घंटे बिजली नहीं रहेगी। मोती टोला फीडर से दोपहर 1:30 बजे से शाम 5 बजे तक 3.5 घंटे बिजली बंद रहेगी। आनंद नगर फीडर से जुड़े इलाकों में सपना सिनेमा मोड़ के पास सड़क चौड़ीकरण के लिए रेल पोल पर तारों को दुरुस्त करने का काम होगा। इसके कारण आनंद नगर, बस स्टैंड, श्री टोला, जवाहर टोला, सपना सिनेमा, सपना सिनेमा मोड़, नेहरू नगर, मवेशी हॉस्पिटल, शिवपुर, रीगल होटल, संत हॉस्पिटल, प्रकाश पुरी, शिवगंज और आसपास के क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति ठप रहेगी। मोती टोला फीडर से जुड़े इलाकों में बायपास सड़क निर्माण के दौरान पोल और तारों को हटाने का काम होगा। इसके कारण मोती टोला, बलुवाहिया, रोजा, कसाई टोला, दूध कटोरा आदि जगहों पर बंद रहेगी।

### वीकेएसयू में प्रोन्नति के लिए दूसरा पेपर 24 को

**आरा।** वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय में कार्यरत शिक्षकेतर कर्मियों की प्रोन्नति प्रक्रिया जारी है। इसके लिए सौ अंक की दूसरी लिखित परीक्षा 24 मई को होगी। परीक्षा विश्वविद्यालय के रसायनशास्त्र विभाग और जूलॉजी विभाग में ली जाएगी। इससे पहले 16 मई को पहला पेपर लिया गया था। पहले पेपर से वंचित छह कर्मियों को भी परीक्षा देने का मौका दिया गया है। इनकी परीक्षा 26 मई को होगी। ये कर्मी पहले पेपर और कंप्यूटर ज्ञान की परीक्षा में शामिल नहीं हो सके थे। प्रोन्नति प्रक्रिया को लेकर विश्वविद्यालय प्रशासन काफी सक्रिय है। सब कुछ ठीक रहा तो परीक्षा का परिणाम सोमवार या मंगलवार तक जारी कर दिया जाएगा। इसके बाद 50 अंक का इंटरव्यू लिया जाएगा।

### आरा में एआईपीएफ चैप्टर का गठन, संयोजक बने प्रो. दूधनाथ

**आरा।** ऑल इंडिया पीपुल्स फोरम (एआईपीएफ) के आरा चैप्टर का गठन गुरुवार को शहर के कैलाश नगर में हुई बैठक में किया गया। बैठक में वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय में दर्शनशास्त्र के प्रोफेसर दूधनाथ चौधरी को चैप्टर का संयोजक चुना गया। शहर के सामाजिक-राजनीतिक कार्यकर्ता राजनाथ राम को सह संयोजक बनाया गया। बैठक में एडवोकेट अमित कुमार गुप्ता उर्फ बंटी, शिक्षा कार्यकर्ता बिमल सिंह यादव, दीपक कुमार चन्द्रवंशी समेत कई लोग मौजूद रहे। एआईपीएफ की राष्ट्रीय परिषद के सदस्य संतोष सहर भी बैठक में शामिल हुए। बैठक में एक प्रस्ताव पारित कर यह निर्णय लिया गया कि जनता के जन मुद्दों पर चल रहे आंदोलनों और नागरिक समाज के नेताओं को अभियान चलाकर एआईपीएफ से जोड़ा जाएगा। गौरतलब है कि एआईपीएफ का गठन 14-15 मार्च 2019 को नई दिल्ली के अंबेडकर भवन में एक राष्ट्रीय सम्मेलन के जरिये किया गया था।

### जिलाधिकारी ने कहा-पराली प्रबंधन का व्यापक स्तर पर कराएं प्रचार-प्रसार

**बक्सर।** बक्सर कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंध अभिकरण आत्मा की ओर से गुरुवार को इटाढ़ी रोड स्थित विश्वनाथ नगर के विश्वनाथ गार्डेन के सभागार में जिलास्तरीय खरीफ महाभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन डीएम अंशुल अग्रवाल ने दीप प्रज्वलित कर किया वहीं मंच संचालन अमान अहमद ने की। मौके पर डीएम अंशुल अग्रवाल ने कहा कि आगामी दिनों में प्रखंड स्तर पर खरीफ महाभियान का आयोजन दिनांक 26 मई से 1 जून तक एवं पंचायत स्तर पर किसान चौपाल का आयोजन 2 जून से 21 जून तक किया जायेगा।

# बहन के प्रेम प्रसंग का विरोध करने पर मर्डर


मृतक सत्यम कुमार

निज संवाददाता। आरा

पटना-डीडीयू रेल खंड स्थित आरा रेलवे स्टेशन पर छात्र का मर्डर हुआ था। पाटलीपुत्र- चंडीगढ़ सुपरफास्ट एक्सप्रेस ट्रेन पर चढ़ने के दौरान सत्यम कुमार (26) को बदमाशों ने एक महीने पहले पीटा था। इलाज के दौरान इसकी मौत हो गई थी। इस मामले में 3 बदमाशों की गिरफ्तारी हुई है। प्रेम-प्रसंग का विरोध करने पर प्रतिशोध में छात्र की हत्या की गई थी। पटना रेल एसपी अमृतेंदु शेखर ठाकुर ने प्रेस वार्ता की। उन्होंने जानकारी दी। आरा टाउन थाना के एमपीबाग, पत्थर गली वार्ड-दस मुहल्ला निवासी कुमार रिशु उर्फ शशांक, नवादा थाना क्षेत्र के श्रीटोला वार्ड-36 निवासी नीतीश कुमार अरेस्ट हुआ है। टाउन थाना के महादेवा,शिव मंदिर रोड वार्ड-20 मोहल्ला निवासी आदित्य राज को गिरफ्तार किया गया है। तीन मोबाइल जब्त हुआ है। जबकि, मुख्य आरोपित रवि कुमार समेत उसके अन्य दोस्तों की तलाश जारी है। मृतक युवक की बहन का आरा के एम.पी बाग मोहल्ला निवासी रवि कुमार से प्रेम-प्रसंग था। जिसका विरोध उसका भाई सत्यम करता था।

**बहन के प्रेमी को दी थी चेतावनीः** युवक ने अपनी बहन और मुख्य षड्यंत्रकारी रवि को चेताया भी था। यह बात रवि को अच्छा नहीं लगा था। जिसके प्रतिशोध में दोस्तों के साथ षड्यंत्र रच उसने आरा रेलवे स्टेशन पर सत्यम के साथ मारपीट की थी। यह बात मुख्य आरोपित को पता था कि सत्यम इलाज कराने जाने के लिए रेलवे स्टेशन जाने वाला है, तो योजनाबद्ध तरीके से घटना को अंजाम दिया था। मृत छात्र बिहिया थाना के ओसाई गांव निवासी हरिद्वार ठाकुर के बेटे थे। वे स्नातक के छात्र थे। परिवार टाउन थाना क्षेत्र के पश्चिम टोला मोहल्ला में रहता है। 27 अप्रैल की रात मृतक सत्यम अपने पिता हरिद्वार ठाकुर के साथ इलाज कराने लखनऊ जाने के लिए निकले थे।आरा रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर दो पर पाटलीपुत्र-चंडीगढ़ सुपरफास्ट एक्सप्रेस ट्रेन पर चढ़ रहे थे, उसी दौरान कुछ अज्ञात तत्वों ने पीट-पीटकर अधमरा कर दिया था।

**इलाज के दौरान गई थी जानः** युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गए थे। जिसके बाद उन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल ,आरा से पटना रेफर कर दिया गया था। इस दौरान 12 मई को छात्र की मौत हो गई थी। मृत छात्र के भाई सतीश कुमार के बयान पर 13 मई को प्राथमिकी दर्ज की गई थी। कांड के सफल खुलासा के लिए दानापुर रेल डीएसपी प्रशांत के नेतृत्व में एक एसआईटी टीम का गठन किया गया था। टीम में आरा आरपीएफ इंस्पेक्टर दीपक कुमार, बक्सर रेल इंस्पेक्टर रंजीत कुमार और आरा रेल थानाध्यक्ष रणधीर कुमार शामिल थे। रेल एसपी के अनुसार कांड का वैज्ञानिक और तकनीकी अनुसंधान हुआ। इसके साथ-साथ सीसीटीवी फुटेज के अलावा मानवीय रूप से सूचना इकट्ठा किया गया है। सबसे पहले एम.पी बाग पत्थर गली निवासी कुमार रिशु उर्फ शशांक को आरा महिला थाना रोड से पकड़ा गया। श्रीटोला निवासी नीतीश कुमार को आरा सिमेंट गोदाम के पास पकड़ा गया। दोनों की निशानदेही पर महादेवा ,शिव मंदिर रोड निवासी दीपक राज को पकड़ा गया। रेल थानाध्यक्ष रणधीर कुमार ने बताया कि तीनों के खिलाफ रेल पुलिस को तकनीकी साक्ष्य मिला है।

# आरा-पटना नेशनल हाईवे पर सड़क हादसे में मजदूर की मौत

निज संवाददाता। आरा



आरा-पटना नेशनल हाईवे पर गुरुवार देर रात तेज रफ्तार ट्रक ने ऑटो में टक्कर मार दी। टक्कर के बाद ऑटो ट्रैक्टर से टकरा गई। हादसे में एक मजदूर की मौत हो गई, जबकि 3 लोग घायल हुए हैं। घायलों को इलाज के लिए प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना गीधा थाना क्षेत्र के कायमनगर पुल की है। मृतक की पहचान मटियारा गांव वार्ड नंबर 8 निवासी महेंद्र सिंह के पुत्र अवध सिंह(50) के तौर पर हुई है। हादसे के बाद ट्रैक्टर ड्राइवर मौके से फरार हो गया। मुआवजे की मांग को लेकर आक्रोशित लोगों ने बीच रोड पर शव रखकर जाम कर दिया। इस दौरान दोनों लेन में वाहनों की लंबी कतारें लग गई। मामले की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। लोगों को समझा-बुझाकर जाम खुलवाया। शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है।

♦ ट्रक से टक्कर के बाद ट्रैक्टर से टकराई ऑटो, मुआवजे की मांग को लेकर सड़क जाम

**मजदूरी करके घर लौटते समय हादसाः** मृतक की पुत्र विशाल कुमार ने बताया कि पिताजी लेबर का काम करते थे। मजदूरी करके घर लौट रहे थे। इस दौरान कायमनगर पुल पर पीछे से आ रही ट्रक ने पहले ऑटो में टक्कर मार दी। इसके बाद ऑटो विपरीत दिशा से आ रही ट्रैक्टर से टकरा गई। घटनास्थल पर ही पिताजी की मौत हो गई। ऑटो चालक भी घायल हुआ है।

# ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

निज संवाददाता। आरा



दानापुर-पीडीडीयू रेलखंड पर ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। घटना के तीसरे दिन मृतक की पहचान सुपौल के कमलपुर निवासी मो. मुर्शीद(18) के तौर पर हुई है। आरा में भाई के साथ मजदूरी करता था। रेलवे ट्रैक पार करते समय हादसा हुआ है। मृतक के बड़े भाई मो.अमजद ने बताया कि बिहिया के साहब टोला में करीब 8 महीना से किराए के घर में रह रहा था। दो महीना पहले मेरे साथ गांव से बिहिया काम करने आया था। मंगलवार शाम करीब साढ़े सात बजे घर से बाजार के लिए निकला था। इस दौरान ट्रेन की चपेट में आ गया। 2 दिन से उसे खोज रहा था। गुरुवार को सोशल मीडिया के जरिए मौत की सूचना मिली।

♦ सुपौल से भाई के साथ मजदूरी करने भोजपुर आया था, रेलवे ट्रैक पर मिला शव

**परिजनों का रो-रोकर बुरा हालः** पहचान के बाद पुलिस ने अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को शव सौंप दिया है। मृतक तीन भाई और एक बहन में सबसे छोटा था। परिवार में मां गुलेशा खातून, दो भाई मो.अमजद, मो.खुर्शीद और बहन रेहाना खातून है। मौत की खबर सुनते ही परिजनों के बीच कोहराम मच गया। मां का रो-रोकर बुरा हाल है।

# चौसा-बक्सर मार्ग पर स्कूल बस का ब्रेक फेल

♦ खड़ी बोलेरो से टकराई बस, सभी स्कूली बच्चे सुरक्षित; दूसरे बस से भेजा स्कूल



निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर के चौसा-बक्सर मुख्य मार्ग पर शुक्रवार सुबह एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। मुफस्सिल थाना क्षेत्र के भैया-बहिनी पुल के पास सिटी इंटरनेशनल स्कूल की एक बस का ब्रेक फेल हो गया और वह सड़क किनारे खड़ी एक बोलेरो से जा टकराई। बस में सवार करीब 20 स्कूली बच्चे पूरी तरह सुरक्षित रहे।

**स्कूल बस का ब्रेक फेल होने से हादसाः** प्रत्यक्षदर्शियों और बच्चों के अनुसार, बस तेज रफ्तार में थी। जैसे ही ड्राइवर को ब्रेक फेल होने का आभास हुआ, उसने सूझबूझ दिखाते हुए बस को सड़क किनारे मोड़ दिया। इस दौरान वह सामने खड़ी बोलेरो से टकरा गई। हादसे में बस का अगला हिस्सा और बोलेरो का पिछला भाग बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

**सभी बच्चे सुरक्षित, दूसरी बस से भेजा गया स्कूलः** बस चालक की पहचान राजपुर थाना क्षेत्र के ओरा गांव निवासी गोपाल पांडेय के रूप में हुई है, जिन्हें हल्की चोटें आईं। उन्हें नजदीकी निजी अस्पताल में प्राथमिक उपचार के लिए भर्ती कराया गया। वहीं, बच्चों को दूसरी बस की व्यवस्था कर स्कूल भेज दिया गया।

**पुलिस ने बस जब्त की, चालक मौके से फरारः** घटना की जानकारी मिलते ही मुफस्सिल थाना पुलिस मौके पर पहुंची और बस को जब्त कर लिया। थाना अध्यक्ष अरविंद कुमार ने बताया कि हादसे के बाद चालक मौके से फरार हो गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**स्थानीयों में आक्रोश, उठी तकनीकी जांच की मांगः** हादसे के बाद स्थानीय लोगों में नाराजगी देखी गई। उन्होंने स्कूल प्रशासन और परिवहन विभाग से मांग की कि स्कूल बसों की नियमित तकनीकी जांच अनिवार्य की जाए।

# प्रोफेसर की मौत के बाद अकालूपुर पुलिया का नवनिर्माण शुरू

**बक्सर।** डुमरांव विधानसभा क्षेत्र के अकालूपुर गांव में 15 साल से जर्जर पुलिया का नवनिर्माण अब शुरू हो गया है। स्थानीय लोगों की सुविधा के लिए पहले डायवर्सन मार्ग बनाया जा रहा है। डुमरांव विधायक डॉ. अजीत कुमार सिंह की मौजूदगी में इस काम की शुरुआत हुई। इस प्रोजेक्ट में ढकाइच से अनुमंडल अस्पताल होते हुए कोरानसराय पुल तक 13.50 किलोमीटर लंबी सड़क बनेगी। इस पर 12 करोड़ रुपए खर्च होंगे। योजना में अकालूपुर और अनुमंडल अस्पताल के पास नहर पर दो नए पुल भी बनेंगे।

**पुलिया से गिरकर प्रभारी प्राचार्य की मौतः** विधायक ने कहा कि यह पुलिया स्कूली बच्चों, राहगीरों, बुजुर्गों और वाहन चालकों के लिए बड़ी समस्या थी। जनता की मांग और लगातार प्रयासों के बाद इस प्रोजेक्ट को मंजूरी मिली है।

# ऑपरेशन सिन्दूर के समर्थन में ब्रह्मपुर विधानसभा के बगेन मंडल में भाजपा ने निकाला तिरंगा यात्रा

निज संवाददाता। बक्सर



ब्रह्मपुर भारतीय जनता पार्टी बगेन मंडल द्वार ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर गुरुवार को ब्रह्मपुर विधानसभा के बगेन मंडल अंतर्गत ब्रजराज सिंह चौक बगेन गोला पर भाजपा बगेन मंडल अध्यक्ष उदय उज्जैन के नेतृत्व मे भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा के दौरान भारत माता की जय के नारे लगे और जय हिंद, भारतीय सेना जिन्दाबाद का जय घोष एवं पकिस्तान मुर्दाबाद का नारा गूंजता रहा। मंडल अध्यक्ष उदय उज्जैन ने कहा कि हमारे सुरक्षा बल दुनिया मे सबसे मजबूत है उन्होंने यह साबित कर दिया कि कोई आंख दिखायेगा तो हम घर मे घुसकर जबाव देगे। आज अगर हम सुरक्षित है तो अपने देश के वीर जवानो के बदौलत अपने घर मे सुरक्षित है। तिरंगा हमारा राष्ट्रीय स्वाभिमान और देश भक्ति का प्रतिक है।मंडल महामंत्री मनजी पासवान ने कहा कि हम सभी भारतवासी पाकिस्तान को इस तिरंगा यात्रा के माध्यम से सीधा संदेश देना चाहते हैं पाकिस्तान अंतकियो को पनाह देकर भारत को कमजोर समझता है वह यह समझ ले अगर भारत को छूने की कोशिश की तो हाथ उखाड़ कर फेंक दिए जाएंगे।अभी लड़ाई खत्म नहीं हुई है तिरंगा यात्रा में लोगों का उत्साह या साबित करता है कि जरूरत पड़ी तो हम लोग खुद बॉर्डर पर जाकर पाकिस्तान के खिलाफ खड़ा हो सकते हैं चार दिन में भारत की सेना ने पाकिस्तान को घुटनों पर ला दिया पाकिस्तान लंबे समय से अपनी हरकतों में लगा है। उसने हमारे निहत्थे और निर्दोष लोगों को मारा है।मंडल उपाध्यक्ष सुनील सिंह ने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी खामोश रहने वाले नहीं है उन्होंने पहले ही चेतावनी दी थी की आंतकवाद और उसके अकाओ को बक्सा नहीं जाएगा, उन्हें मिट्टी में मिला दिया जाएगा। आज देश का नेतृत्व मजबूत और बेहतर है। यह नया भारत है जो हर हमले का जवाब देता है। अब देश की ताकत को पूरी दुनिया मान रही है। हमें ऐसे नेतृत्व पर गर्व है। तिरंगा यात्रा मे भाजपा के वरीय नेता सत्येंद्र मिश्रा, मंडल उपाध्यक्ष धीरज पांडेय, संजय सिंह, मंडल महामंत्री विजय शंकर शुक्ल, मंडल मंत्री मोहन ठाकुर, दीपक कुमार पान्डेय, कोषाध्यक्ष राजु चौधरी, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष गोविंदा बैठा, ददन चंद्रवंशी, सौरभ कुमार चंचल, कृष्णकांत तिवारी, रिषि सिंह, दिपक ठाकुर , मान जी सिंह, गोलू कुमार, रामजी यादव, अजय कुमार सिंह, सहित सैकडा कार्यकर्ता शमिल रहे ।

# सड़क हादसे में 12 साल के बच्चे की मौत

निज संवाददाता। आरा



भोजपुर के बहोरनपुर इलाके में तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने 12 साल के बच्चे को रौंद दिया। घटनास्थल पर ही मौत हो गई। फुफेरी बहन की शादी में बुआ के घर आया था। घटना चारघाट गांव की है। मृतक की पहचान टाउन थाना क्षेत्र के बरहबतरा निवासी चुनमुन पासवान के पुत्र कृष कुमार उर्फ जिगर(12) के तौर पर हुई है। चौथी क्लास में पढ़ता था।

♦ भोजपुर में तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने रौंदा, फुफेरी बहन की शादी में बुआ के घर आया था

**परिजनों का रो-रोकर बुरा हालः** मृतक के चचेरे भाई विशाल ने बताया कि फुफेर बहन रेखा की शादी थी। पूरा परिवार बुआ के गांव आया था। गुरुवार को बारात आने के बाद परिक्षावन किया जा रहा था। कृष परिक्षावन देखने के लिए घर से बाहर जा रहा था। इस दौरान अनियंत्रित ट्रैक्टर ने उसे रौंद दिया। हादसे के बाद ड्राइवर गाड़ी लेकर भाग गया। कृष चार भाई और दो बहन में तीसरे स्थान पर था। परिवार मां अनीता देवी, भाई प्रिंस कुमार, आयुष कुमार, पीयूष कुमार और बहन पुतुल कुमारी, अनु कुमारी है। बच्चे की मौत के बाद सभी का रो-रोकर बुरा हाल है।

# सौवां सब स्टेशन में मेंटिनेंस वर्क, आज रहेगा पावर कट

निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर के सौवां पावर सब स्टेशन में आज सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक आवश्यक मेंटिनेंस कार्य किया जाएगा। इस दौरान सौवां, अरियांव, छतनवार, नचाप और धरौली सहित आसपास के क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। बिजली विभाग ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे अपने जरूरी काम निर्धारित समय से पहले निपटा लें।

**11 केवी फीडरों की होगी तकनीकी जांचः** जेई शैलेश कुमार ने बताया कि यह मेंटिनेंस उपभोक्ताओं को बेहतर और निर्बाध विद्युत सेवा देने के लिए किया जा रहा है। सब स्टेशन से जुड़े सभी 11 केवी फीडरों की तकनीकी जांच, लाइन क्लीयरेंस, आवश्यक मरम्मत और अन्य रखरखाव कार्य आज के दौरान पूरे किए जाएंगे।

**गर्मी और बारिश से पहले जरूरी तैयारीः** बिजली विभाग का कहना है कि गर्मी के मौसम में बिजली की मांग तेजी से बढ़ जाती है और मानसून में फाल्ट की संभावना रहती है। इन दोनों स्थितियों से निपटने के लिए यह मेंटिनेंस बेहद जरूरी है, ताकि भविष्य में तकनीकी गड़बड़ियों और बार-बार होने वाले फाल्ट से राहत मिल सके।

**ग्रामीण-शहरी उपभोक्ताओं से सहयोग की अपीलः** बिजली विभाग ने बताया कि इस दौरान ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों के उपभोक्ताओं को असुविधा हो सकती है। खासकर दुकानदार, छात्र-छात्राएं, छोटे उद्योग और किसान प्रभावित हो सकते हैं। विभाग ने नागरिकों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि किसी भी आपात स्थिति में स्थानीय बिजली कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है।

# मुकेश सहनी पर जे सी बी से हुई फूलों की बारिश

निज संवाददाता। आरा

'हम लोग जुबा सहनी और फूलन देवी के वंशज हैं। हम लोग कभी किसी से छल, कपट, गद्दारी नहीं करते हैं। हमने ईमानदारी से नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री बनाया। मेरे समर्थन से भाजपा ने 74 विधायक बना लिया। लेकिन जब हम आरक्षण की लड़ाई लड़ने लगे तो भाजपा को तकलीफ होने लगा। उन्होंने देखा कि मुंबई से आया है, चार विधायक बना लिया है, इसे रोको नहीं तो आज चार विधायक बनाया है, कल 40 विधायक बना लेगा। फिर 125 विधायक बनाकर आने वाले वक्त में मुख्यमंत्री बन जाएगा। जब मुकेश सहनी मुख्यमंत्री बन जाएगा तो इनका समाज हीरो बन जाएगा, तब हमारी गुलामी कौन करेगा?' ये बातें विकासशील इंसान पार्टी (VIP) के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुकेश सहनी गुरुवार को आरा में कही। मुकेश सहनी यहां 'सरकार बनाओ, अधिकार पाओ' कार्यक्रम में पहुंचे थे। उनके यहां पहुंचने के बाद कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने उनका जोरदार स्वागत किया। मुकेश सहनी को रथ से लाया गया और JCB से उन पर फूलों की बारिश की गई। कार्यक्रम में सैकड़ों लोग मुकेश सहनी को सुनने पहुंचे थे। कार्यक्रम के दौरान मुकेश सहनी ने कई लोगों को पार्टी की सदस्यता भी ग्रहण कराई।



कार्यक्रम में पूर्व IPS सह राष्ट्रीय सचिव ब्रज किशोर सिंह, प्रदेश युवा अध्यक्ष प्रदुम्न बेलदार, जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश बिंद समेत अन्य VIP के नेता मौजूद थे। जिला प्रभारी रामसुभग बिंद के अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

**बोले- आपका बच्चा सिर उठाकर चले, इसके लिए उसे बेहतर शिक्षा दीजिएः** मुकेश सहनी ने कहा कि जिस समय का हमलोग इंतजार कर रहे थे, वो समय अब आ गया है। चार महीने में बिहार का चुनाव होने वाला है। आपने और हमने एक सपना देखा है कि इस आजाद भारत में अब सर उठाकर जिएंगे। इस आजाद भारत में आप चाहते हैं कि आपके बच्चे सर उठाकर जिएं तो इसके लिए दो काम आपको करना है। आप अपने बच्चों को शिक्षित बनाइए और अपने अधिकारों के लिए संघर्ष कीजिए। यह देश पहले गुलाम था, इसके बाद हमारे पूर्वजों ने अंग्रेजों से 150 साल तक लड़ाई लड़ा। हजारों की संख्या में लोग शहीद हुए, उसके बाद देश आजाद हुआ। आजादी के पहले राजा के घर में रानी के कोख से जन्मे बच्चे ही राजा बनते थे,लेकिन आजादी के बाद बाबा साहब भीमराव अंबेडकर ने हमें एक संविधान बनाकर दिया। उस संविधान में बताया कि रानी के कोख से जो बच्चा जन्म लेगा, वह इस देश का राजा नहीं बनेगा। राजा उस देश का वह व्यक्ति बनेगा, जिसके पास वोट होगा। चाहे मजदूर, किसान एवं मछुआरा का बेटा क्यों ना हो? वोट के दम पर ही लालू प्रसाद यादव बिहार के मुख्यमंत्री बने, वोट के दम पर उत्तर प्रदेश में दलित की बेटी मायावती चार-चार बार मुख्यमंत्री बनी।

**बोले- मैं मंत्री भी बना तो आपके वोट से ही बनाः** मुकेश सहनी ने कहा कि 2020 में हमारी पार्टी के चार नेता विधायक बने थे। तब हम राज्य में मंत्री बने और अपने लोगों के लिए काम कर रहे थे। उस वक्त मेरे हाथ में सरकार की चाबी थी। अगर हम उस वक्त नीतीश सरकार को समर्थन नहीं देते, तो वे मुख्यमंत्री नहीं बनते। ये हमारे पास ताकत थी और वो आपके वोट के वजह से ही थी। हमारे गांव, घर में बच्चे बीमार होते हैं, उनके घर में पैसा नहीं होता कि वो अपने बच्चे का इलाज करा पाए।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



# भागलपुर जिले में पति पर पत्नी की हत्या का आरोप

निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर में लाठी- डंडे से पीट कर पति पर पत्नी की हत्या करने का आरोप है। मृतका के भाई का कहना है कि 5 लाख रूपए के लिए उसकी बहन को मार दिया गया। फिर सभी डेड बॉडी को अस्पताल में छोड़ कर भाग गए है। मृतका के भाई ने कहा है कि उसे फोन कर जानकारी दी गई कि बहन के पेट में दर्द हुआ है। जब तक पहुंचे तब तक बहन की मौत हो गई थी। ससुराल वालों ने डेड बॉडी मायागंज अस्पताल लाकर छोड़ दिया और वहां से भाग गए। मृतिका के भाई प्रियरंजन मायागंज अस्पताल पहुंचे तो मृत अवस्था में एक कोने में उसका शव पड़ा हुआ था। ससुराल वालों को जब फोन करने लगे तो किसी ने फोन का रिस्पांस नहीं किया। पूरा मामला, लोदीपुर थाना क्षेत्र के बिशनपुर जीछो का है।


रोमा कुमारी, मृतका

**दहेज में बाइक की थी मांग:** मृतका की पहचान बिशनपुर की छोटी निवासी जयहिंदर यादव के पत्नी रोमा कुमारी (25) के रूप में की गई है। रोमा की शादी साल 2022 में जयहिंदर यादव से हुई थी। शादी के बाद से लगातार पति जय हिंदर दहेज को लेकर प्रताड़ित करता था। दहेज में बाइक और 5 लाख की डिमांड पूरी नहीं करने पर गुरुवार की रात लगभग 9 बजे वारदात को अंजाम दिया है। मृत्तिका के भाई ने बताया कि फोन पर जो मुझसे कहा कि आपकी बहन ने सास ससुर से भी झगड़ा किया है, तो हमने कहा उसे सुबह आकर समझा देंगे। फोन पर इस दौरान बहन रो रही थी। उसकी थोड़ी ही देर बाद कहा कि पेट में दर्द हुआ है और बेहोश हो गई है, मायागंज लेकर जा रहे हैं। हम लोग मायागंज अस्पताल पहुंचे, तो वहां पर डेड बॉडी पड़ी हुई थी। लाठी डंडे से कई बार वार किया गया है। गले और प्राइवेट पार्ट सहित शरीर के विभिन्न अंगों में जख्म के निशान देखे है। इधर पुलिस ने शव को कब्ज में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

**मामले की जांच में जुटी पुलिस:** लोदीपुर थाना अध्यक्ष घनश्याम सिंह ने बताया कि घरेलू विवाद में रोमा देवी की पीट- पीट मारने का आरोप लगाया गया है। मृतका के भाई प्रियरंजन ने लिखित रूप से शिकायत किया है। हम लोग मामले की जांच कर रहे हैं। आरोपी पक्ष से सभी घर से फरार है। छापेमारी की जा रही है। विशेष जानकारी वरीय पदाधिकारी(डीएसपी) दे पाएंगे।

## भागलपुर में बदमाशों ने एक युवक को मारी गोली

**भागलपुर**। भागलपुर में मंगलवार की रात दो पक्षों के बीच विवाद हुआ। ट्रैक्टर हटाने को लेकर शुरू हुआ विवाद देखते ही देखते हिंसक झड़प में बदल गया। ईंट-पत्थर और लाठी-डंडों से लैस लोगों ने एक-दूसरे पर हमला बोल दिया। इस दौरान गोलीबारी हुई है। इसमें एक युवक घायल हो गया, जिसे इलाज के लिए मायागंज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना मंगलवार रात लगभग 11 बजे की है। मामला नाथनगर थाना क्षेत्र के गोसाईदासपुर के वार्ड संख्या-तीन का है। एक पक्ष दियारा क्षेत्र से मकई की फसल ट्रैक्टर पर लादकर गोसाईदासपुर पहुंचा था। मकई उतारने के लिए ट्रैक्टर को सड़क किनारे खड़ा किया गया। इसी बात को लेकर दूसरे पक्ष ने आपत्ति जताई और ट्रैक्टर को हटाने की मांग की।

**समाहरणालय, गढ़वा**
**(जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग)**
**जिला बाल संरक्षण इकाई, गढ़वा।**
**Email-dcpsgarhwa@gmail.com**

**नियुक्ति सूचना।**

मिशन वात्सल्य बाल संरक्षण सेवाएँ अन्तर्गत जिला बाल संरक्षण इकाई (DCPU) गढ़वा में विभिन्न रिक्त पदों पर संविदा आधारित नियुक्ति हेतु विज्ञापन संख्या–PR342216 Women, Child Development & Social Security (2024-25)-D के आलोक में योग्य अभ्यर्थियों का अंतिम मेधा सूची www.garhwa.nic.in पर अपलोड किया गया है। चयनित अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि प्रकाशित तिथि से एक सप्ताह के अन्दर जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग, नया समाहरणालय, भवन, कल्याणपुर, गढ़वा में अपना योगदान करना सुनिश्चित करें। समय–सीमा समाप्ति के पश्चात योगदान स्वीकृत नही किया जाएगा। उक्त परिस्थिति में प्रतीक्षारत अभ्यर्थियों को योगदान कराने हेतु सूचित किया जाएगा।

सहायक निदेशक,
जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग,
गढ़वा।

PR 353395 (Social Welfare,Women and Child Development) 25-26 (D)

## एक महीना नामांकन में बीता, दूसरा छुट्टियों में बीतेगा

**भागलपुर**| टीएमबीयू में पीएचडी से जुड़े रिसर्च मेथडोलॉजी कोर्स में नामांकन के लिए हुए इंटरव्यू का रिजल्ट जारी होने के बाद एक महीना नामांकन की प्रक्रिया में बीत गया। अब दूसरा महीना गर्मी की छुट्टियों मे बीत जाएगा क्योंकि छुट्टी शुरू हो चुकी है और 19 जून तक रहेगी। कोर्स छह महीने का है। अब बचे हुए चार महीने ही कोर्स की पढ़ाई होगी या दो महीने की पढ़ाई की भरपाई आगे कराई जाएगी, तय नहीं हो पा रहा है। छात्रों की बड़ी परेशानी यह है कि अब उनके पीएचडी की कुल तीन साल की अवधि की गिनती रिसर्च मेथडोलॉजी कोर्स में नामांकन से ही होगी। यानी छह महीने रिसर्च मेथडोलॉजी का कोर्स और बाकी ढाई साल में पीएचडी की पूरी प्रक्रिया करनी होगी।

## 27 से 30 तक आयुष्मान कार्ड बनाने को शिविर

**मुंगेर**| जिले के ऐसे लाभार्थी जिनका अबतक आयुष्मान कार्ड नहीं बन पाया है, उनके लिए सुनहरा अवसर है। जिलाधिकारी अवनीश कुमार सिंह के निर्देश पर 27 से 30 मई तक जिले में आयुष्मान कार्ड निर्माण के लिए विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिलाधिकारी ने बताया कि लगातार अभ्यर्थियों से सूचना प्राप्त हो रही थी कि उनका आयुष्मान कार्ड अब तक नहीं बन पाया है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने तत्काल संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को स्पेशल ड्राइव चलाकर विशेष कैम्प लगाने का अनुरोध किया गया था। उन्होंने कहा कि शिविर में 70 वर्ष से ऊपर के लाभुकों को शिविर में सिर्फ अपना आधार कार्ड लेकर जाना है, जबकि अन्य लाभुकों को राशन कार्ड व आधार कार्ड दोनों साथ लेकर जाना है। उन्होंने कहा कि आयुष्मान कार्ड से आमजन को स्वास्थ्य सुविधा संबंधित कई लाभ मिल सकेंगे, इसलिए विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

**पूर्व रेलवे**

प्रधान मुख्य इंजीनियर, पूर्व रेलवे, फेयरली प्लेस, 17, नेताजी सुभाष रोड, कोलकाता–700001 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए ख्यातिप्राप्त एवं योग्य ठेकेदारों से ई–निविदा आमंत्रित की जाती है: **क्रम सं. 1, ई–निविदा सं. : डब्ल्यू_2_623_19_8_195_जेड1_25–26, कार्य का नाम:** जोन नं. I: दिनांक 30.06.2026 तक की समाप्त अवधि के लिए फेयरली प्लेस बिल्डिंग क्षेत्र, पूर्व रेलवे, कोलकाता में पानी की आपूर्ति, स्वच्छता एवं बागवानी कार्यों सहित सिविल रखरखाव। **कार्य का अनुमानित मूल्य:** रु. 62,00,000/–, **बयाना राशि:** रु. 1,24,000/–, **क्रम सं. 2, ई–निविदा सं. डब्ल्यू_2_623_19_8_196_जेड2_25–26, कार्य का नाम:** जोन नं. II: दिनांक 30.06.2026 तक की समाप्त अवधि के लिए ओल्ड कोयलाघाट एवं न्यू कोयलाघाट बिल्डिंग क्षेत्र, पूर्व रेलवे, कोलकाता में पानी की आपूर्ति, स्वच्छता एवं बागवानी कार्यों सहित सिविल रखरखाव। **कार्य का अनुमानित मूल्य:** रु. 66,00,000/–, **बयाना राशि:** रु. 1,32,000/– **समापन अवधि:** 12 माह (क्रम सं. 1 एवं 2 प्रत्येक हेतु)। **निविदा की अंतिम तिथि और समय :** दिनांक 12.06.2025 को 14.00 बजे (क्रम सं. 1 एवं 2 प्रत्येक हेतु)। निविदा कागजात का विवरण वेबसाइट **https:// www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि उपर्युक्त वेबसाइट पर अपना प्रस्ताव ऑनलाइन जमा करें। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जाएगा।

MISC-77/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं.: ईएल/एचडब्ल्यूएच/25/21 (सूचना)/672, दिनांक 22.05.2025,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, रेलवे स्टेशन के पास डीआरएम बिल्डिंग, हावड़ा–711101 द्वारा निम्नलिखित विद्युत कार्यों के निष्पादन के लिए खुली ई–निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं : **क्रम सं. 1, निविदा सं.: ईएल–एचडब्ल्यूएच–25–21–3344, कार्य का नाम :** "हावड़ा स्टेशन (पुराने और नए कॉम्प्लेक्स) पर प्लेटफॉर्म संख्या 5–6, 7–8, 10, 13–14 और 17 के लिए कोच वाटरिंग पाइप लाइन के प्रावधान" के संबंध में सिंगल पॉइंट पावर सप्लाई। **निविदा मूल्य :** रु. 5,51,644/–, **बोली प्रतिभूति (बयाना राशि जमा):** रु. 11,000/–, **क्रम सं. 2, निविदा सं.: ईएल–एचडब्ल्यूएच–25–21–3352, कार्य का नाम :** 1) "एईएन/बर्द्धमान के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत शक्तिगढ़ में नए फुट ओवर ब्रिज (6 मीटर चौड़ाई) के प्रावधान" के संबंध में विद्युत (सामान्य) कार्य। 2) "वरिष्ठ डीईएन/4/हावड़ा की शाखा में बोलपुर शांतिनिकेतन (2 अदद) और गुसकरा (1 अदद) में पाइपलाइन और अन्य सहायक कार्यों के साथ स्टील ओ.एच. टैंक को 50000 गैलन क्षमता के आरसीसी ओ.एच. टैंक से बदलने" के संबंध में विद्युत (सामान्य) कार्य। **निविदा मूल्य :** रु. 19,02,776/–, **बोली प्रतिभूति (बयाना राशि जमा):** रु. 38,100/– **क्रम सं. 3, निविदा सं.: ईएल–एचडब्ल्यूएच–25–21–3327–आर, कार्य का नाम :** 1) "हावड़ा मंडल के तहत बर्द्धमान–बलगोना शाखा में किमी 16/1–2 पर लेवल क्रॉसिंग नं. 8/सी/ई के स्थान पर सीमित ऊंचाई के सबवे (कट एंड कवर विधि द्वारा) के निर्माण" के संबंध में विद्युत (सामान्य) कार्य। 2) "हावड़ा मंडल के तहत बर्द्धमान–बलगोना शाखा में किमी 11/12–13 पर लेवल क्रॉसिंग नं. 6/सी/टी के स्थान पर सीमित ऊंचाई के सबवे (कट एंड कवर विधि द्वारा) के निर्माण" के संबंध में विद्युत (सामान्य) कार्य। 3) "हावड़ा मंडल के तहत बर्द्धमान–बलगोना शाखा में किमी 9/4–5 पर लेवल क्रॉसिंग नं. 4/सी/ई के स्थान पर सीमित ऊंचाई के सबवे (कट एंड कवर विधि द्वारा) के निर्माण" के संबंध में विद्युत (सामान्य) कार्य। 4) "हावड़ा मंडल के तहत बर्द्धमान–बलगोना शाखा में किमी 23/7–8 पर लेवल क्रॉसिंग नं. 14/सी/ई के स्थान पर सीमित ऊंचाई के सबवे (कट एंड कवर विधि द्वारा) के निर्माण" के संबंध में विद्युत (सामान्य) कार्य। 5) "हावड़ा मंडल के तहत बर्द्धमान–बलगोना शाखा में किमी 21/8–9 पर लेवल क्रॉसिंग नं. 13/सी/ई के स्थान पर सीमित ऊंचाई के सबवे (कट एंड कवर विधि द्वारा) निर्माण" के संबंध में विद्युत (सामान्य) कार्य। **निविदा मूल्य :** रु. 52,28,320/–, **बोली प्रतिभूति (बयाना राशि जमा):** रु. 1,04,600/–, **क्रम सं. 4, निविदा सं.: ईएल–एचडब्ल्यूएच–25–21–3381–आर1, कार्य का नाम :** 1) चतरा के लिए विद्युत सामान्य कार्य–वरिष्ठ डीईएन/4/हावड़ा के अधीन हावड़ा मंडल में चतरा गुड्स शेड का उन्नयन और आधुनिकीकरण। 2) वरिष्ठ डीईएन/4/हावड़ा के अधीन हावड़ा मंडल में राजग्राम पब्लिक साइडिंग गुड्स शेड के उन्नयन और आधुनिकीकरण के संबंध में विद्युत (सामान्य) कार्य । 3) वरिष्ठ डीईएन/4/हावड़ा के अधीन हावड़ा मंडल में सांइथिया गुड्स शेड के उन्नयन और आधुनिकीकरण के लिए विद्युत सामान्य कार्य। 4) वरिष्ठ डीईएन/4/हावड़ा के अधीन हावड़ा मंडल में कुलपहाड़ी (तिलभीटा) गुड्स शेड के उन्नयन और आधुनिकीकरण के लिए विद्युत सामान्य कार्य। 5) वरिष्ठ डीईएन/4/हावड़ा के अधीन हावड़ा मंडल में पाकुड़ गुड्स शेड के उन्नयन और आधुनिकीकरण के लिए विद्युत सामान्य कार्य। **निविदा मूल्य :** रु. 3,66,87,969/–, **बोली प्रतिभूति (बयाना राशि जमा):** रु. 3,33,400/–, **समापन अवधि:** 180 दिन (क्रम सं. 1 से 4 प्रत्येक हेतु)। **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 10.06.2025 को 15.00 बजे (क्रम सं. 1 से 3 प्रत्येक हेतु) और दिनांक 13.06.2025 को 15.00 बजे (क्रम सं. 4 हेतु) । यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित अंतिम तिथि को किसी भी कारण से अवकाश/बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा की अंतिम तिथि नहीं बदली जाएगी क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में किया गया आवेदन, निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी सुविधाजनक दिवस को निविदाएँ ऑनलाइन खोली जाएंगी। निविदा का विवरण वेबसाइट: **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि अपने प्रस्ताव को उपर्युक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें।

HWH-99/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**झारखण्ड सरकार**
**श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एंव कौशल विकास विभाग**
**औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, नगरऊँटारी, गढ़वा**

Skill India
कौशल भारत-कुशल भारत

**शैक्षणिक सत्र-2025–2026–2027 में नामांकन से सबंधित सूचना**

निदेशालय, नियोजन एंव प्रशिक्षण, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एंव कौशल विकास विभाग, रांची के पत्रांक–701, दिनाकं–21/05/2025 के अनुपालन में सूचित किया जाता है कि SCVT से मान्यता प्राप्त व्यवसायों में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, नगरऊँटारी, गढ़वा के शैक्षणिक सत्र–2025–2026–2027 में योग्य आवेदकों (महिला सहित) से जो झारखण्ड राज्य के स्थायी/स्थानीय निवासी के श्रेणी में आते हैं और नीचे दिये गये शैक्षणिक योग्यता धारित करते हैं, उनसे ऑनलाइन (https://iti.jharkhand.gov.in के Admission tab) में आवेदन –पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।

1. न्युनतम शैक्षणिक योग्यता– सभी व्यवसायों में नांमाकन के लिए आवेदक को दसवीं कक्षा उत्तीर्ण होना आवश्यक है। केवल वेल्डर व्यवसाय में (आठवीं कक्षा उत्तीर्ण होना आवश्यक है।)
2. आयु अहर्ता :– 01 जुलाई 2025 को न्युनतम आयु 14 वर्ष एंव अधिकतम 40 वर्ष के बीच होनी चाहिए। सैन्य कार्रवाई में मारे गये सैन्य कर्मियों के विधवाओं के मामले में अधिकतम 45 वर्ष के बीच होनी चाहिए।
3. ऑनलाइन आवेदन भरने की तिथि :–

| क्र0. सं0 | विवरणी | तिथि |
|---|---|---|
| 01 | ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन एंव आवेदन पत्र भरने की प्रारंभिक तिथि | 20 मई 2025 |
| 02 | ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन एंव आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि | 13 जून 2025, अपराह्न 5:00 बजे |
| 03 | औपबंधिक मेघा सूचियों (आठवीं एंव दसवीं कक्षा) का प्रकाशन | 16 जून 2025, अपराह्न 5:00 बजे |
| 04 | औपबंधिक राज्य मेघा सूचियों में शामिल आवेदकों द्वारा प्राप्तांक/प्राप्तांक प्रतिशत, कोटि एंव अन्य प्रविष्टियों में त्रूटि में सुधार | 17 जून 2025, 19 जून 2025 |
| 05 | अंतिम मेधा सूची का प्रकाशन | 21 जून 2025 |

4. निदेशालय, नियोजन एंव प्रशिक्षण, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एंव कौशल विकास विभाग, रांची के पत्रांक–701, दिनाकं– 21/05/2025 के आलोक में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में नामांकन लेने वाले अभ्यथियों का वैध मोबाईल नम्बर, ई–मेल आई0डी एंव आधार नम्बर आवश्यक है तथा उतीर्णता प्रमाण पत्र प्राप्त होने तक उसमें परिवर्तन करने की अनुमति नहीं
5. नामांकन सबंधी विस्तृत महत्वपूर्ण सूचना झारखण्ड ITI Webportal (https://iti.jharkhand.gov.in) के Download section के Notification Tab में देखा/Download किया जा सकता है।
6. औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, नगरऊँटारी, गढ़वा में संचालित व्यवसायों की विवरणी :–

| 02 वर्षीय व्यवसाय | सीटें | 01 वर्षीय व्यवसाय | सीटें |
|---|---|---|---|
| इलेक्ट्रीशियन | 40 | वेल्डर | 40 |
| फिट्टर | 40 | मेकेनिक ड़ीजल | 48 |

**HELP DESK IN ITI CAMPUS :-**
AJEET RAM, T.O. FITTER
INDUSTRIAL TRAINING INSTITUTE
NAGARUNTARI, GARHWA, MOB- 6205271405

PR 353327 Labour Employment and Traning (25-26)_D

ह0/– मुख्य प्रशिक्षण अधिकारी
औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान
नगरऊँटारी, गढ़वा

**कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम।**
**अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0 – 11/वर्ष 2025–26**

1. विभाग का नाम :– मेदिनीनगर नगर निगम।
2. विज्ञापनदाता का नाम :– नगर आयुक्त, मेदिनीनगर नगर निगम।
3. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :– दि0 30.05.2025 को 11.00 बजे पूर्वाह्न से 1.00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा प्राप्ति की अन्तिम तिथि एवं समय :– दि0 31.05.2025 को 11.00 बजे अपराह्न से 01.00 बजे अपराह्न तक।
5. निविदा खोलने की तिथि, समय एवं स्थान :– दि0 31.05.2025 को 02:00 बजे पूर्वाह्न नगर निगम सभागार में।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम।
7. निविदा प्राप्ति का स्थान :– कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम।
8. कार्य का नाम

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | Construction of RCC drain and pcc road from from anil ram house to bablu shukla house in ward no 2 under Medininagar Municipal Corporation | 9,36,900/- | 18,750/- | 5,000/- | तीन माह |
| 2 | Construction of pcc road & rcc drain From santosh yadav house to kamleshwar prasad soni house in ward no 2 Medininagar Municipal Corporation, Medininagar | 7,03,870/- | 14,100/- | 5,000/ | तीन माह |
| 3 | Construction of Hume pipe from Tampoo stand via saurabh kumar agrawal house to opposite of green valley school in ward no 6 under Medininagar Municipal Corporation | 9,72,430/- | 19,500/- | 5,000/ | तीन माह |
| 4 | Construction of RCC Drain near GLA college Main road in ward no 6 Under Medininagar Municipal Corporation | 2,06,660/- | 4,150/- | 1,000/- | तीन माह |
| 5 | Construction of Hume pipe culvert near champion chowk baralota in ward no 08 under Medininagar Municipal Corporation | 1,46,330/- | 2,950/- | 1,000/- | तीन माह |
| 6 | Construction of PCC Road & RCC Drain From Sumant Kumar's house to Arbind Mehta's house via Pawan kr Mehta's house Sudna in ward no 09 Under Medininagar Municipal Corporation, Medininagar. | 5,73,230/- | 11,500/- | 5,000/- | तीन माह |
| 7 | Construction of RCC Drain from Ajay Singh's house to Urmila Devi's house Sudna in ward no 09 Under Medininagar Municipal Corporation. | 4,22,170/- | 8,450/- | 1,000/- | तीन माह |
| 8 | Construction of (i) RCC Drain (ii) PCC Road from Jitendra kumar's house to Arbind Mishra's house at kandakhar Hamidganj in ward no 11 Under Medininagar Municipal Corporation | 7,89,060/- | 15,800/- | 5,000/- | तीन माह |
| 9 | Construction of (i) RCC Drain (ii) GUARD WALL (iii) PCC ROAD, near Surendra Singh House (Culvert) at kandakhar Hamidganj in ward no 11 Under Medininagar Municipal Corporation. | 3,70,780/- | 7,450/- | 1,000/- | तीन माह |
| 10 | Construction of (i)PCC Road (ii)RCC Drain From Sharadha Sankar Dubey to Krishna Singh via Anand Giri at kandakhar Hamidganj in ward no 12 Under Medininagar Municipal Corporation | 9,65,280/- | 19,350/- | 5,000/- | तीन माह |
| 11 | Construction of (i)RCC Drain from Rajesh's house to Ajay Singh's house (ii)Paver block near Ramshrya dubey at Siksha colony in ward no 12 Under Medininagar Municipal Corporation | 2,64,854/- | 5,300/- | 1,000/- | तीन माह |
| 12 | Construction of RCC drain from Jail Hata Chowk to Mithlesh Singh house via Vikash Sinha in ward no 13 Under Medininagar Municipal Corporation | 9,95,620/- | 20,000/- | 5,000/ | तीन माह |
| 13 | Construction of RCC drain from Baijulal Prasad House to Kamal Kant Thakur House in ward -24 under Medininagar municipal Corporation | 5,42,580/- | 10,900/- | 5,000/ | तीन माह |
| 14 | Construction of (i) RCC drain from Manoj Pandey house to Surendra ram house and(ii) Slab over drain from deepak kumar house to vinay gupta house (iii) construction of drain & slab over it from Vikah Singh house to bada nala in ward no 25 | 9,97,610/- | 20,000/- | 5,000/ | तीन माह |
| 15 | Construction of (i) Laying of Paver block from Namdhari Coloni to Alok kumar singh (Tutu Singh)'s house & Repair of PCC (ii)Repair of drain near Former Dupty Mayor's house at ward no.-15, Under Medininagar Municipal Corporation | 3,47,310/- | 6,950/- | 1,000/- | तीन माह |
| 16 | CONSTRUCTION OF RCC DRAIN FROM KEDAR NATH SINGH'S HOUSE TO MAIN ROAD & SHAMBHU YADAV 'S HOUSE TO CULVERT AT WARD NO-16,UNDER MEDININAGAR MUNICIPAL CORPORATION | 8,28,820/- | 16,600/- | 5,000/- | तीन माह |
| 17 | CONSTRUCTION OF RCC DRAIN & RETAINING WALL NEAR HONORABLE M.P. SIR'S HOUSE AT WARD NO.-13, UNDER MEDININAGAR MUNICIPAL CORPORATION | 3,34,660/- | 6,700/- | 1,000/- | तीन माह |
| 18 | Construction of RCC Drain from Jama ansari house to Maqwool house in ward no 32 Under Medininagar Municipal Corporation. | 2,18,140/- | 4400/- | 1,000/- | तीन माह |
| 19 | Construction of RCC Drain from Dhiraj chandravansi house to Sanik canten in ward no 34 Under Medininagar Municipal Corporation. | 5,95,960/- | 12,000/- | 5,000/ | तीन माह |
| 20 | Construction of RCC Drain from Sakir roy house to Reshma bibi house via jakir ussain house in ward no 32 Under Medininagar Municipal Corporation. | 6,06,370/- | 12,200/- | 5,000/ | तीन माह |
| 21 | Construction of RCC drain from Ramesh chodhery house to Ashish singh house in ward no 35 Under Medininagar Municipal Corporation. | 3,79,870/- | 7,600/- | 1,000/- | तीन माह |
| 22 | Construction of rcc drain & pcc road over old pcc from Mujahidddin khalifa house to Rajani baitha house in ward no 34 Under Medininagar Municipal Corporation. | 6,41,690/- | 12,900/- | 5,000/- | तीन माह |
| 23 | REPAIR & MAINTANANCE OF PARK NEAR DC RESIDENCE, MEDININAGAR MUNICIPAL CORPORATION, MEDININAGAR, | 575,700/- | 11,600/- | 5,000/- | तीन माह |

ह0/–
नगर आयुक्त –सह– प्रशासक
मेदिनीनगर नगर निगम

PR 353309 District(25-26)D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**लघु सिंचाई प्रमण्डल, मेदिनीनगर**
**g-mail I.D. – eemid041@gmail.com**

पत्रांकः– 198 मेदिनीनगर, दिनांक– 21/05/2025

**शुद्धि पत्र**

इस कार्यालय के द्वारा आमंत्रित ई0– निविदा सूचना सं0:– WRD/MID/MEDININAGAR/B.D./S.L.I.-03/2025-26 PR No:- 352958 Minor Irrigation (25-26)#D Construction of Chhatarpur Solar Lift Irrigation Scheme में निर्गत सूचना में निम्न रूप से आंशिक संशोधन किया जाता है।

उक्त ई0– निविदा सूचना में निर्गत **10 HP Pumps (DC Surface water Pumps)** के स्थान पर **10 HP Pumps (AC Surface Water Pumps)** पढ़ा जाय।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, मेदिनीनगर

**PR 353350 Minor Irrigation(25-26)#D**

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**लघु सिंचाई प्रमण्डल, मेदिनीनगर**
**g-mail I.D. – eemid041@gmail.com**

पत्रांक :– 197 मेदिनीनगर, दिनांक– 21/05/2025

**शुद्धि पत्र**

इस कार्यालय के द्वारा आमंत्रित ई0– निविदा सूचना सं0:– WRD/MID/MEDININAGAR/B.D./S.L.I.-02/2025-26, PR No:- 352961 (Minor Irrigation) 25-26 (D) Construction of Bakhari Solar Lift Irrigation Scheme में निर्गत सूचना में निम्न रूप से आंशिक संशोधन किया जाता है।

उक्त ई0– निविदा सूचना में निर्गत 10 HP Pumps (DC Surface water Pumps) के स्थान पर 10 HP Pumps (AC Surface Water Pumps) पढ़ा जाय।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल
मेदिनीनगर

PR 353348 Minor Irrigation (25-26)_D

**झारखण्ड सरकार**
**श्रम, नियोजन,प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग**
**जिला नियोजनालय,(रोजगार कार्यालय) गढ़वा**

**राज्य के सभी जिलों के तकनीकी एवं गैर तकनीकी क्षेत्र में योग्यता रखने वाले आवेदकों के लिए निजी क्षेत्र में रोजगार पाने का सुनहरा अवसर**

**भर्ती कैम्प सूचना – 2025**

राज्य के बेरोजगार युवाओं/युवतियों को निजी क्षेत्र में नियोजित कराने के उद्देश्य से जिला नियोजनालय, गढ़वा के तत्वावधान में दिनांक–28.05.2025 (दिन–बुधवार ) को पूर्वाह्न–11.00 बजे से अपराहन् 3.00 बजे तक जिला नियोजनालय,गढ़वा परिसर में एक दिवसीय ''दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार योजनान्तर्गत भर्ती कैम्प–2025'' आयोजित किया जा रहा है।
भर्ती कैम्प में निम्न नियोजक ने उपस्थित रहने की सहमति प्रदान की है:–

| S. No. | Name and Add. Of the Employer | Name of the Post | No. Of Vacancy | Qualification | | Experience | Age | Salary | Job Location |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | Essential | Desirable | | | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 01 | S K Safety Wings (P) Ltd. (Amazon) | Associate | 100 | 10th PASS | Can Read English | No | 18-34 Year both male-female | 18,700/- (in hand) | Tamilnadu |
| 02 | Svatantra Micofin Pvt.Ltd | Svatantra Field Officer | 30 | Minimum 10th Pass | KYC (Aadhar Pan, DL) Bike should be Available | Fresher | 18 to 28 Year. | (12,770/- gross) | Garhwa, Ramna Bhawnathpur Chiniya Ranka kandi |
| 03 | Shriram Life Insurence-Co.Ltd | Sales Officer | 40 | Metric (10th ) | Metric Mark sheet+ Aadhar+Pan+Passbook | No | 18 -60 Year | (10,590-22000/-) | Garhwa |
| 04 | ASK HR Solutions ( Metalman Auto Pvt.Ltd And Endurance Technologies) | Machine Operator | 50 | ITI(Any trade) | N/A | N/A | 18-35 year | (18,232/- 12hrs) | Hosur, Bengaluru Maharashatra |
| | | Associate | 50 | 10th Pass | - | | | (17,000/- 12hrs) | |
| | | Operator | 50 | ITI Welder | N/A | N/A | | (21,358/- 12hrs) | |
| 05 | Freedom Employability Academy, Garhwa | Teacher | 10 | Graduation, (Any stream) | Basic English & Computer | N/A | N/A | 14,500/- (Gross) +Medical +HRA | Garhwa, Ranka,Meral,Lagma , Rehla,Bishrampur |

भर्ती कैम्प में भाग लेने वाले निजी नियोजकों एवं उनसे प्राप्त रिक्तियों की विस्तृत विवरणी से संबंधित सूचना झारखण्ड सरकार के वेबसाईट– WWW.jharniyojan.jharkhand.gov.in एवं garhwa.nic.in पर उपलब्ध है।

**भर्ती कैम्प में भाग लेने के इच्छुक अभ्यर्थियों को झारखण्ड के किसी भी नियोजनालय में निबंधित होना अनिवार्य है।** यदि वे पूर्व में निबंधित न हो तो भर्ती कैम्प तिथि के पूर्व अपना निबंधन अपने स्थानीय नियोजनालय में जा कर या स्वयं अधिकृत वेबसाईट–WWW.jharniyojan.jharkhand.gov.in से स्वंय कर सकते हैं। भर्ती कैम्प के दिन निबंधन का कार्य स्थगित रहेगा। रिक्ति निजी क्षेत्र से संबंधित है, इसलिए रिक्ति के शर्तो के लिए सीधे नियोजक उत्तरदायी है। विभाग एवं नियोजनालय मात्र सुविधा प्रदाता के रूप में कार्य कर रहे है। भर्ती कैम्प में भाग लेने के लिए किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नही होगा।

विशेष जानकारी के लिए जिला नियोजनालय,गढ़वा से सम्पर्क कर सकते हैं।

जिला नियोजन पदाधिकारी,
गढ़वा

**PR 353397 Labour Employment and Traning(25-26).D**

# दो अलग-अलग थाना क्षेत्र में फायरिंग एक की मौत, एक गंभीर रूप से घायल



निज संवाददाता | साहिबगंज

गुरुवार की रात जिले के दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों में गोलीबारी की दो घटनाओं ने पूरे इलाके में दहशत फैला दी। तालझारी थाना क्षेत्र और राधानगर थाना क्षेत्र में हुई इन घटनाओं में एक युवक की मौके पर मौत हो गई, जबकि एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से जख्मी होकर अस्पताल में जिंदगी और मौत से जूझ रहा है। पहली घटना तालझारी थाना क्षेत्र के महाराजपुर गांव के डाक बंगला खंता इलाके में घटी, जहां 30 वर्षीय युवक पांचू मंडल की गोली मारकर हत्या कर दी गई। बताया जा रहा है कि यह घटना जुए के दौरान हुए विवाद के बाद हुई, जिसमें पैसे की लेनदेन को लेकर कहासुनी हुई और मामला इतना बढ़ गया कि गोली चल गई। घटना के तुरंत बाद घायल पांचू मंडल को गंभीर हालत में साहिबगंज सदर अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टर मुकेश कुमार ने उसे मृत घोषित कर दिया। डॉक्टर ने बताया कि गोली सीने के ठीक बीचों-बीच लगी थी और आर-पार हो गई थी। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। रिपोर्ट आने के बाद ही यह स्पष्ट हो पाएगा कि उसे कितनी गोलियां लगी थीं। घटना के बाद पांचू मंडल के बड़े भाई फेकन मंडल ने अस्पताल में बताया कि मरने से पहले पांचू ने खुद बताया था कि गदाई दियारा निवासी जॉनी टाइगर नामक युवक ने उसे गोली मारी है। वहीं, स्थानीय सूत्रों के अनुसार, मृतक और आरोपी के बीच पहले से ही जुए और पैसों के लेनदेन को लेकर विवाद चल रहा था।

पुलिस इस मामले को आपसी रंजिश और पुरानी दुश्मनी से भी जोड़कर देख रही है। घटना के बाद क्षेत्र में तनाव फैल गया और आक्रोशित ग्रामीणों ने मुख्य सड़क को जाम कर दिया। सड़क पर टायर जलाकर विरोध प्रदर्शन किया गया, जिससे यातायात बुरी तरह प्रभावित हुआ। पुलिस को स्थिति नियंत्रित करने के लिए अतिरिक्त बल बुलाना पड़ा। वहीं दूसरी घटना राधानगर थाना क्षेत्र में हुई, जहां राधानगर पंचायत भवन के पास 60 वर्षीय कृष्ण घोष को अज्ञात हमलावरों ने गोली मार दी। घटना के समय कृष्ण घोष बाजार से अपने घर लौट रहे थे। रास्ते में पुलिया के पास अचानक गांव के ही तीन युवक झाड़ियों से निकले और किसी ने गोली चलाई तो किसी ने धारदार हथियार से सिर पर वार किया। गंभीर रूप से घायल कृष्ण घोष किसी तरह वहां से भागे लेकिन थोड़ी दूर जाकर गिर पड़े। उन्हें आनन-फानन में पश्चिम बंगाल के फरक्का स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी हालत नाजुक बनी हुई है। घटना की जानकारी मिलते ही राधानगर, बरहरवा और राजमहल थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। घायल कृष्ण घोष ने बयान में बताया कि हमला गांव के ही वासुदेव घोष, संतोष घोष और जोष्टी मंडल के बेटे ने किया है। बताया जा रहा है कि आरोपियों से कृष्ण घोष का जमीन को लेकर पुराना विवाद चल रहा था।

## सड़क हादसे में एक की मौत, दो अन्य घायल

निज संवाददाता | जामताड़ा

जामताड़ा के मिहिजाम में गोरायनाला चड़का पहाड़ी के पास एक सड़क हादसे में जियाजोरी मस्जिद के इमाम जहांगीर अंसारी की मौत हो गई। ईंट से लदे एक ट्रैक्टर ने उनकी बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। 40 वर्षीय जहांगीर अंसारी और 2 अन्य बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया। जहांगीर अंसारी को गंभीर स्थिति में धनबाद रेफर किया गया। वहां इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहन को अपने कब्जे में ले लिया है। हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। पुलिस ट्रैक्टर चालक की लापरवाही और अन्य संभावित कारणों की जांच कर रही है। मृतक जहांगीर अंसारी डुमरिया पालोजोरी के निवासी थे। वे जियाजोरी मस्जिद में इमाम के पद पर कार्यरत थे। उनकी मौत से क्षेत्र में शोक की लहर है। स्थानीय लोग उनके परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त कर रहे हैं। पुलिस फरार ट्रैक्टर चालक की तलाश कर रही है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा जाएगा। इस घटना ने सड़क सुरक्षा के मुद्दे को फिर से सामने ला दिया है।

# पांच किलो गांजा के साथ पतरातू रेलवे स्टेशन के पास दो तस्कर गिरफ्तार

- दिल्ली ले जाने की थी तैयारी
- पुलिस को इनपुट मिला था कि दो युवक भारी मात्रा में गांजा लेकर रांची होते हुए पतरातू पहुंचेंगे



निज संवाददाता | रामगढ़

रामगढ़ पुलिस ने गुरुवार की रात पतरातू रेलवे स्टेशन के पास से दो गांजा तस्करों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों के पास से कुल 25.709 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया है। यह गांजा भुवनेश्वर से लाया गया था और दिल्ली भेजे जाने की तैयारी थी। पुलिस को इस पूरे नेटवर्क की भनक एक गुप्त सूचना के माध्यम से लगी थी, जिसके बाद जिले के वरीय अधिकारियों के निर्देशन में कार्रवाई को अंजाम दिया गया। पुलिस को इनपुट मिला था कि दो युवक भारी मात्रा में गांजा लेकर रांची होते हुए पतरातू पहुंचेंगे और वहां से ट्रेन पकड़ कर इसे दिल्ली पहुंचाएंगे। एसपी अजय कुमार के निर्देश पर एसडीपीओ गौरव गोस्वामी के नेतृत्व में एक विशेष टीम बनाई गई, जिसने पतरातू रेलवे स्टेशन और उसके आसपास के इलाकों में निगरानी शुरू कर दी। इसी दौरान पुतरिया नदी पुल के पास दो संदिग्ध युवकों को देखकर पुलिस को शक हुआ। जैसे ही पुलिस ने उन्हें रुकने का इशारा किया, दोनों युवक भागने लगे, लेकिन मुस्तैद पुलिसकर्मियों ने उन्हें कुछ ही दूरी पर पकड़ लिया। पकड़े गए आरोपियों की पहचान शत्रुघन कुमार और लालू कुमार के रूप में हुई है। पूछताछ में दोनों ने स्वीकार किया कि वे भुवनेश्वर से गांजा लाते हैं और इसे बस और ट्रेन से रांची होते हुए पतरातू लाते हैं। पतरातू में रुकने के बाद योजना के तहत इसे दिल्ली भेजा जाता है। दिल्ली में सकरपुर के चार खंभा इलाके में एक दुकान तक यह गांजा पहुंचाया जाना था, जहां से इसे आगे सप्लाई किया जाता। शत्रुघन कुमार के पास से 6 पैकेट में 11.801 किलोग्राम गांजा मिला, जबकि लालू कुमार के पास से 14 पैकेट में 13.908 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ। पूछताछ के दौरान दोनों के पास गांजा रखने से संबंधित कोई वैध दस्तावेज नहीं पाए गए। पुलिस ने गांजा के साथ-साथ दोनों के पास से मोबाइल फोन, बैग आदि सामान भी जब्त कर लिया है। फिलहाल दोनों आरोपियों को एनडीपीएस एक्ट की धाराओं के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस का मानना है कि यह कोई छोटा मोटा स्थानीय मामला नहीं बल्कि एक अंतरराज्यीय तस्करी नेटवर्क का हिस्सा है, जो ओडिशा से गांजा लाकर दिल्ली और अन्य महानगरों तक पहुंचाता है। पुलिस इस मामले की गहराई से जांच कर रही है और यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि इस नेटवर्क में और कौन-कौन शामिल हैं। साथ ही, यह भी जांच की जा रही है कि दिल्ली में इस गांजा को रिसीव करने वाला कौन था और दुकान के नाम पर यह नशे का कारोबार किस स्तर तक फैला हुआ है।

# शादी समारोह में दूल्हा और दुल्हन पक्षों के बीच हुई मारपीट में कई लोग हुए घायल

निज संवाददाता | रामगढ़



रामगढ़ जिला अंतर्गत गोला प्रखंड के कामता गांव में एक विवाह समारोह उस वक्त हिंसक संघर्ष में तब्दील हो गया जब मामूली कहासुनी ने मारपीट और लाठी-डंडों के हमले का रूप ले लिया। घटना भदानीनगर चोरधरा के विजय साव की बारात से जुड़ी है, जो कामता गांव स्थित लड़की के घर पहुंची थी। परंपरागत रीति-रिवाजों के बीच शादी की रस्में शुरू ही हुई थीं कि अचानक खाने को लेकर विवाद उत्पन्न हो गया, जिसने देखते ही देखते उग्र रूप ले लिया। प्रत्यक्षदर्शियों और बारातियों के अनुसार, बारात के स्वागत में नाश्ते-पानी और भोजन की पर्याप्त व्यवस्था नहीं थी। बारातियों ने शिकायत की कि उनके साथ उचित व्यवहार नहीं किया गया, और भोजन में विशेषकर मटन की गुणवत्ता व मात्रा को लेकर गहरी असंतुष्टि जताई। जब दूल्हे पक्ष की ओर से इस पर आपत्ति जताई गई, तो लड़की पक्ष ने साफ शब्दों में कह दिया कि "जो मिल रहा है, वही खाइए", जिससे दोनों पक्षों के बीच पहले कहासुनी हुई और फिर बात गाली-गलौज तक पहुंच गई। कुछ ही देर में लड़की पक्ष के लोगों ने बारातियों पर लाठी-डंडों और पत्थरों से हमला बोल दिया। शादी के जश्न का माहौल हिंसा में बदल गया और अफरा-तफरी मच गई। भगदड़ में आधा दर्जन से अधिक बारातियों को गंभीर चोटें आईं, जिन्हें आनन-फानन में रामगढ़ सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया।

अस्पताल में घायलों के परिजन घटना के बाद काफी आक्रोशित नजर आए। सूचना मिलते ही गोला थाना प्रभारी अभिषेक प्रताप दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास किया। उन्होंने दोनों पक्षों को समझाने की कोशिश की, लेकिन तब तक मामला पूरी तरह से बिगड़ चुका था। लड़ाई और अपमानजनक स्थिति के चलते लड़की ने शादी से इनकार कर दिया। इस पर दूल्हे पक्ष ने भी शादी से हाथ खींच लिया। दोनों पक्षों ने आपसी सहमति से विवाह प्रक्रिया को वहीं रोक दिया। दूल्हे पक्ष ने इस मामले को लेकर गोला थाना में औपचारिक शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में उन्होंने लड़की पक्ष पर जानलेवा हमला करने, बारातियों को अपमानित करने और शादी की मर्यादा को भंग करने का आरोप लगाया है। दूसरी ओर, लड़की पक्ष की ओर से अब तक कोई शिकायत नहीं की गई है, लेकिन गांव में तनाव की स्थिति बनी हुई है।

## करंट की चपेट में आने से बालक गंभीर रूप से घायल

**साहिबगंज (नि.सं.)**। जिले के बरहेट थाना क्षेत्र अंतर्गत तलबड़ीया चिरु टोला में शुक्रवार की सुबह करंट प्रवाहित बिजली तार की चपेट में आकर एक मासूम बालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल बालक की पहचान उस्मान अंसारी के 10 वर्षीय पुत्र सुभान अंसारी के रूप में हुई है, जो घर के पास ही बांस काटने के लिए गया हुआ था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, जिस स्थान पर बालक बांस काट रहा था, वहां बिजली का एक तार बांस के झुरमुट से सटा हुआ था। जैसे ही सुभान ने बांस पर हाथ बढ़ाया, वह अचानक बिजली की चपेट में आ गया। तेज झटका लगने से वह जोर से जमीन पर गिर पड़ा और अचेत हो गया। घटना के बाद परिजनों में चीख-पुकार मच गई और आनन-फानन में बच्चे को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, बरहेट लाया गया। चिकित्सक डॉ. बबलू कुमार ने सुभान का तत्काल प्राथमिक उपचार किया, लेकिन उसकी हालत गंभीर होने के कारण उसे बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। फिलहाल परिजन उसे लेकर सदर अस्पताल या किसी बड़े निजी अस्पताल की ओर रवाना हो गए हैं। इस घटना ने क्षेत्र में बिजली विभाग की लापरवाही को उजागर कर दिया है।

# आपदा से निपटने एवं बचाव को लेकर दिया जा रहा प्रशिक्षण

निज संवाददाता | देवघर



आपदा की विभीषिकाओं से आमजन को सुरक्षित रखने तथा संकट की घड़ी में त्वरित और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिले में लगातार आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी विशाल सागर के निर्देश पर यह कवायद जिला प्रशासन की एक गंभीर और दूरदर्शी पहल के रूप में देखी जा रही है, जिसके तहत विभिन्न विभागों के कर्मियों को आपदा की विभिन्न संभावित परिस्थितियों में राहत और बचाव कार्यों के लिए तैयार किया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को देवघर प्रखंड कार्यालय के सभागार में एक विशेष प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें एनडीआरएफ की विशेष टीम ने उपस्थित प्रखंड कर्मियों को बहुआयामी आपदाओं से निपटने की व्यवहारिक जानकारी दी। इस प्रशिक्षण सत्र के दौरान टीम ने प्राकृतिक आपदाओं के साथ-साथ मानवजनित आपदाओं की स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया, प्राथमिक चिकित्सा, सुरक्षा मानकों तथा जीवनरक्षक तकनीकों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। एनडीआरएफ के इंस्पेक्टर ने कर्मियों को सिखाया कि किस प्रकार भूकंप, बाढ़, तूफान या आगजनी जैसी स्थितियों में घबराए बिना योजनाबद्ध ढंग से राहत और बचाव कार्य किया जा सकता है। इसके साथ ही उन्होंने रक्तस्राव को रोकने की तकनीक, सीपीआर (कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन), सर्पदंश की स्थिति में तत्काल सहायता, हृदयाघात के लक्षणों की पहचान और उससे बचाव, सड़क दुर्घटनाओं के दौरान घायलों की सुरक्षा और प्राथमिक उपचार जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण में यह भी बताया गया कि अगर कोई व्यक्ति गहरे पानी में डूब जाए, तो उसे सुरक्षित बाहर निकालने के लिए किस तरह की तकनीकें अपनाई जानी चाहिएं। आगजनी की घटनाओं से बचाव तथा ऐसी स्थिति में सुरक्षित निकासी के उपाय भी विस्तार से समझाए गए। इसके अलावा घायल व्यक्ति की रक्तस्राव को कैसे नियंत्रित किया जाए, चोटों को किस प्रकार स्थिर किया जाए और प्राथमिक चिकित्सा के दौरान किन बातों का ध्यान रखना आवश्यक है।

## नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म, दो गिरफ्तार

**जमशेदपुर (पूर्वी सिंहभूम) (नि.सं.)**। जमशेदपुर के सोनारी थाना क्षेत्र में बीती शाम को एक नाबालिग लड़की के साथ सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया। दोनों युवक पीड़िता के परिचित हैं। दोनों ने लड़की को जुबिली पार्क से एक निर्माणाधीन घर पर ले गए और गैंगरेप किया। पीड़िता के अनुसार, वो रोज की तरह ट्यूशन जाने के लिए घर से निकली थी। मोनू कुमार और राहुल टांडी ने फोन कर उसे बुलाया। वे उसे जुबिली पार्क ले गए। वहां से एक सुनसान और निर्माणाधीन घर में ले जाकर दुष्कर्म किया। आरोपियों ने पीड़िता को जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़िता ने घर पहुंचकर परिजनों को घटना की जानकारी दी। इसके बाद परिवार के साथ वह सोनारी थाना पहुंची। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए कार्रवाई शुरू की। टेक्निकल सर्विलांस और सीसीटीवी कैमरों की मदद से 12 घंटे में दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया।

# सामूहिक दुष्कर्म, पांच आरोपी गिरफ्तार

निज संवाददाता | गुमला




गुमला जिले के कामडारा थाना क्षेत्र से एक बार फिर इंसानियत को शर्मसार कर देने वाली घटना सामने आई है, जहां एक युवती के साथ छह युवकों ने सामूहिक दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। यह दिल दहला देने वाली घटना 17 मई की सुबह उस वक्त घटी जब पीड़िता अपनी दो सहेलियों के साथ एक नाच समारोह से वापस लौट रही थी। लौटते वक्त रास्ते में उन्हें कुछ युवकों ने घेर लिया और पीछा करना शुरू कर दिया। पीड़िता की दो सहेलियां किसी तरह भागने में सफल रहीं, लेकिन पीड़िता भय और अंधेरे में खेत में गिर पड़ी, जहां छह युवकों ने उसके साथ बारी-बारी से दुष्कर्म किया और घटना के बाद फरार हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही युवती ने किसी तरह खुद को संभालते हुए हिम्मत जुटाकर कामडारा थाना में पहुंचकर पूरे मामले की जानकारी पुलिस को दी। थाने में शिकायत दर्ज होते ही पुलिस प्रशासन ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल कार्रवाई शुरू की। थाना प्रभारी शशि प्रकाश के नेतृत्व में पुलिस टीम ने आरोपियों की तलाश के लिए सघन छापेमारी अभियान चलाया, जिसके बाद दो नाबालिगों सहित कुल पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपियों की पहचान सलन बारला (20 वर्ष), बंधना बारला (18 वर्ष), बिराज बारला (19 वर्ष) के रूप में हुई है, जबकि दो अन्य आरोपी नाबालिग हैं। पुलिस ने दोनों नाबालिगों को किशोर न्याय अधिनियम के तहत बाल सुधार गृह भेज दिया है, वहीं तीन बालिग आरोपियों को न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है। छठे आरोपी की पहचान अभी पूरी तरह नहीं हो पाई है, लेकिन पुलिस उसे भी जल्द गिरफ्तार करने के लिए लगातार छापेमारी कर रही है। घटना के बाद पीड़िता को तत्काल मेडिकल जांच के लिए भेजा गया, जिसकी रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने भारतीय दंड संहिता की सुसंगत धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। पीड़िता फिलहाल मानसिक रूप से सदमे में है और उसका चिकित्सकीय और मनोवैज्ञानिक उपचार जारी है। वहीं, इस घटना के बाद इलाके में आक्रोश का माहौल है।

# कोडरमा स्टेशन पर गांजा तस्करी का हुआ भंडाफोड़ 52 हजार का गांजा बरामद के साथ युवक गिरफ्तार

निज संवाददाता | कोडरमा



जिले के कोडरमा रेलवे स्टेशन पर रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे 'ऑपरेशन नारकोस' के तहत एक अहम सफलता हासिल करते हुए गांजा तस्करी के प्रयास को नाकाम कर दिया। इस अभियान के तहत 22 मई को आरपीएफ की एक टीम ने स्टेशन परिसर में गहन जांच अभियान चलाया, जिसकी अगुवाई खुद आरपीएफ प्रभारी दीपक कुमार कर रहे थे। इसी दौरान प्लेटफॉर्म संख्या चार पर एक युवक संदिग्ध हालत में पिट्ठू बैग लेकर इधर-उधर घूमता नजर आया, जो जांच अधिकारियों की नजर में तुरंत आ गया। संदेह होने पर आरपीएफ टीम ने उसे रोका और पूछताछ शुरू की। युवक ने अपनी पहचान बिहार निवासी संतोष कुमार (27 वर्ष) के रूप में दी। जब उसके बैग की तलाशी ली गई, तो उसमें से पांच पैकेट में अच्छी तरह से छिपाकर रखा गया गांजा बरामद किया गया।

पूछताछ में पता चला कि संतोष कोलकाता-जम्मूतवी एक्सप्रेस ट्रेन से गया जाने की फिराक में था और गांजा की यह खेप संभवतः किसी नेटवर्क के जरिए आगे पहुंचाई जानी थी। आरपीएफ ने त्वरित कार्रवाई करते हुए युवक को अपनी हिरासत में लिया और उसे आरपीएफ पोस्ट पर ले जाकर आगे की कानूनी प्रक्रिया शुरू की। घटना की सूचना कोडरमा अनुमंडल पदाधिकारी को दी गई, जिसके बाद 23 मई को दंडाधिकारी मनोज कुमार रवि की उपस्थिति में आरोपी युवक से बरामद सामग्री की पुष्टि कराई गई। बरामद गांजा का कुल वजन 5 किलो 262 ग्राम पाया गया, जिसकी बाजार में अनुमानित कीमत करीब 52,500 रुपये बताई गई है। यह बरामदगी इस बात का संकेत है कि नशीले पदार्थों की तस्करी में संगठित गिरोह सक्रिय हैं, जो रेल मार्ग का उपयोग करके अवैध धंधों को अंजाम देने की कोशिश करते हैं। आरपीएफ ने गांजा की जब्ती के बाद सभी आवश्यक कानूनी औपचारिकताएं पूरी करते हुए गवाहों की मौजूदगी में एक विधिवत जब्ती सूची तैयार की और आरोपी युवक को कोडरमा जीआरपी के हवाले कर दिया। अब जीआरपी इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कानूनी प्रक्रिया को आगे बढ़ा रही है। इस पूरी कार्रवाई को स्थानीय प्रशासन और आरपीएफ की सतर्कता का नतीजा माना जा रहा है, जिसने एक बड़े मादक पदार्थ के सौदे को अंजाम तक पहुंचने से पहले ही विफल कर दिया।

# मानव संसाधन के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग मेंलर्न टू लैंड एण्ड सक्सेड इन ऑल काइंड ऑफ विषय पर प्रशिक्षण का आयोजन

निज संवाददाता | बोकारो



बोकारो इस्पात संयंत्र के मानव संसाधन के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग में 22 से 23 मई 2025 तक "लर्न टू लैंड एण्ड सक्सेड इन ऑल काइंड ऑफ सिचुएशन्स" विषय पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन) राजबनर्जी तथा पूर्व निदेशक (कार्मिक), सेल बी.बी. सिंह उपस्थित थे। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में मुख्य महाप्रबंधक (ज्ञानार्जन एवं विकास ) नीता बा ने अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन) राजबनर्जी ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए उन्हें प्रशिक्षण से अधिकतम लाभ उठाने और स्वयं को VUCA (Volatility, Uncertainty, Complexity, Ambiguity) के लिए तैयार रहने का आह्वान किया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम बी.बी. सिंह, पूर्व निदेशक (कार्मिक), सेल एवं निदेशक एवं कार्यक्रम संरक्षक, एक्सीलेंस रियल्म एचआर सॉल्यूशंस प्रा. लि., गाज़ियाबाद द्वारा संचालित किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य ई5 से ई7 स्तर के मध्य एवं वरिष्ठ अधिकारियों को विविध संगठनात्मक चुनौतियों का सामना करने, प्रभावी निर्णय लेने, और परिवर्तनशील वातावरण में अनुकूलन हेतु आवश्यक सोच, रणनीतियाँ एवं नेतृत्व क्षमताओं को विकसित करना था। यह प्रशिक्षण अधिकारियों के व्यक्तिगत एवं पेशेवर दक्षता, लचीलापन और नेतृत्व प्रभाव को सशक्त करने हेतु डिज़ाइन किया गया था। कार्यक्रम का सञ्चालन अमित आनंद, सहायक महाप्रबंधक (ज्ञानार्जन एवं विकास) के द्वारा किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के सफल आयोजन में ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के ऋषिकेश रंजन, पर्यवेक्षक एवं सिधो चरण मुर्मू, प्रशिक्षक का सराहनीय योगदान था।

# बीएसएल में रोल ग्राइंडिंग मशीनों का नवीनीकरण

निज संवाददाता | बोकारो



बोकारो स्टील प्लांट के रोल ग्राइंडिंग एंड बेयरिंग शॉप (आरजीबीएस) के अंतर्गत एचआरएम शॉप में स्थित रोल ग्राइंडिंग मशीनें सीएनसी #9 और सीएनसी #10 का सफलतापूर्वक नवीनीकरण किया गया है। इस महत्वपूर्ण तकनीकी उन्नयन का औपचारिक उद्घाटन अधिशासी निदेशक (संकार्य) सी. आर. महापात्रा द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में आरजीबीएस विभाग के मुख्य महाप्रबंधक के. के. पांडे ने उपस्थित अतिथियों का स्वागत करते हुए नवीनीकरण कार्य में विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों, ठेका श्रमिकों एवं मैसर्स मैक्सिस मोशन की टीम के समर्पित योगदान की सराहना की। उन्होंने बताया कि इस नवीनीकरण के फलस्वरूप सीएनसी मशीनों से उत्पादित रोल की गुणवत्ता तथा परिचालन क्षमता में उल्लेखनीय सुधार हुआ है, जो हॉट स्ट्रिप मिल के उत्पादन पर सकारात्मक प्रभाव डालेगा। मुख्य अतिथि महापात्रा ने अपने संबोधन में विभाग की प्रतिबद्धता, तकनीकी दक्षता और सतत सुधार के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने इस उन्नयन को बीएसएल की उत्पादन क्षमताओं को नई ऊँचाइयों तक ले जाने की दिशा में एक सार्थक पहल बताया और सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को इसी प्रकार समर्पणभाव से कार्य करते रहने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक (अनुरक्षण) शरद गुप्ता, मुख्य महाप्रबंधक (सीईडी) शालिग्राम सिंह, मुख्य महाप्रबंधक (एचएसएम) वी.के. सिंह, मुख्य महाप्रबंधक (सीआरएम-III) आर.के. झा, मुख्य महाप्रबंधक (एचआरसीएफ) पी.के.वर्मा, तथा आरजीबीएस विभाग के महाप्रबंधक पी.पी. राव एवं नागेश रामटेके समेत विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन सहायक महाप्रबंधक (आरजीबीएस) नंद कुमार के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

## पिकअप वैन की चपेट में आने से बाइक चालक घायल, रेफर

**साहिबगंज (नि.सं.)**। थाना क्षेत्र के फूलभंगा गांव में एक पिक अप वैन की चपेट में आकर बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार चुटिया गांव का धनेश्वर तुरी (40),उसका बेटा गरीब तुरी(10), राजीव तुरी (45) फूलभंगा गांव शादी में ढोल बजाने जा रहे थे। इसी क्रम में फूलभंगा गांव के पास विपरीत दिशा से एक तेज रफ्तार पिकअप वैन ने आकर जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे बाइक चालक धनेश्वर तुरी व सवार बाइक सहित गिर गये। पिक अप वैन मौके से फरार होने का प्रयास किया। जिसे फूलभंगा गांव के शरीफ अंसारी ने महुआ टांड़ के पास पकड़ लिया। इसके बाद चालक गाड़ी छोड़कर फरार हो गया। शरीफ अंसारी ने थाना को सूचना देकर अपनी गाड़ी से तीनों घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरहेट लाकर इलाज कराया। घटना में धनेश्वर तुरी को गंभीर चोट को देखते बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया है।

# बीएसएल के इस्पात भवन में मॉक ड्रिल का किया गया आयोजन



**बोकारो (नि.सं.)**। 23 मई को बीएसएल के इस्पात भवन में आपातकालीन स्थिति में लोगों को सुरक्षित बाहर निकालने पर एक मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। मॉक ड्रिल के दौरान निदेशक प्रभारी बी के तिवारी, अधिशासी निदेशक एवं सुरक्षा अभियंत्रण विभाग के वरीय अधिकारी भी उपस्थित थे। मॉक ड्रिल में सबसे पहले सायरन बजा कर सभी को बाहर सुरक्षित स्थान पर निकलने हेतु अलर्ट किया गया। वैसे लोग जो बिल्डिंग में ऊपर के तल पर थे, उन्हें सीआईएसएफ फायर विंग की टीम ने सुरक्षित बाहर निकालने के लिए एरियल हाइड्रोलिक रेस्क्यू प्लेटफार्म का इस्तेमाल किया। ड्रिल में सभी को आपातकालीन स्थिति में क्या सावधानियाँ बरतनी है, उसके विषय में बताया गया। निदेशक प्रभारी बी के तिवारी ने मॉक ड्रिल की अहमियत को रेखांकित करते हुए आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए इसे आवश्यक बताया। मॉक ड्रिल का आयोजन मुख्य महाप्रबंधक (सुरक्षा एवं अग्नि शमन सेवायें) बी के सरतपे के दिशा- निर्देश में सम्पन्न हुआ। ड्रिल के आयोजन में सीआईएसएफ फायर विंग, बीएसएल सुरक्षा अभियंत्रण विभाग, बीजीएच, संपर्क एवं प्रशासन विभाग इत्यादि का अहम योगदान रहा। ड्रिल का संचालन सहायक महाप्रबंधक (अग्नि शमन सेवाएं) कुमार रजनीश ने किया।

# विचार-मंथन

## संपादकीय

### जासूसी के बाद गिरफ्तारी से खुला बड़ा नेटवर्क

**भारत** में पाकिस्तान के लिए जासूसी कर रही एक महिला की गिरफ्तारी चिंता का विषय है। पाकिस्तान की करतूतें किसी से छिपी नहीं हैं। आतंकवादियों को पालने और सीमा पर तनाव बढ़ाने के साथ एक के बाद एक वह साजिशें रचता रहा है। इसमें वह भारतीय नागरिकों को बहला-फुसला या किसी तरह फंसा कर खुफिया जानकारियां जुटाने का प्रयास करता रहा है। बीते कुछ दशक में उसने अपना यह जासूसी संजाल मजबूत कर लिया है। 'आपरेशन सिंदूर' के बाद चलाए गए विशेष अभियान के तहत जिस तरह एक के बाद एक पाकिस्तान के लिए जासूसी कर रहे लोग गिरफ्तार हो रहे हैं, उससे स्पष्ट है कि उसका संजाल काफी फैला हुआ है। पर सवाल यह भी उठता है कि भारतीय खुफिया एजंसियों की जो सतर्कता अब दिखाई दे रही है, वह पहले क्यों नहीं थी। हरियाणा की यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा को दुश्मन देश की खुफिया एजंसियां 'अपने संपर्क' के तौर पर काफी समय से तैयार कर रही थी। हैरानी है कि इसकी भनक भारतीय एजंसियों को इतनी देर से क्यों लगी? इसके अलावा कई भारतीयों का आइएसआइ के संपर्क में आना गंभीर खतरे की ओर इशारा करता है। एनआइए ने कैथल में एक पाक जासूस को पकड़ा, तो पंजाब पुलिस ने सैन्य जानकारी साझा कर रहे गुरदासपुर के दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया। अब तो जासूसी की जांच उत्तर प्रदेश के रामपुर तक जा पहुंची है। ऐसा लगता है कि पहलगाम आतंकी हमले के पहले से पाकिस्तान, भारत में जासूसों का जाल बना रहा था। अगर वह ऐसा कर रहा था, तो इस कड़ी को पकड़ने में चूक कैसे हुई। अगर यह दावा किया जा रहा है कि आतंकी हमले से पहले ज्योति मल्होत्रा पहलगाम गई थी, तो यह निश्चित रूप से गंभीर मामला है और इसकी तह में जाने की जरूरत है। कुछ जासूसों का राजनीतिक संपर्क भी देखा गया है। डीआरडीओ के एक वैज्ञानिक की गिरफ्तारी को लोग आज भी नहीं भूले हैं। तब उसकी राजनीतिक गतिविधियों पर सवाल भी उठा था। जासूसों को वीजा कौन और कैसे दिलवाता है, इसकी जांच भी होनी ही चाहिए।

## सही कहा राहुल जी, देश को सच्चाई जानने का हक है

**(डॉ. आशीष वशिष्ठ)**

**राहुल गांधी ने पोस्ट किया कि 'विदेश मंत्री की चुप्पी केवल बयानबाजी नहीं, बल्कि यह निंदनीय है। मैं फिर से सवाल पूछता हूं- हमने कितने भारतीय विमान खोए क्योंकि पाकिस्तान को पहले से जानकारी थी? यह चूक नहीं थी, यह एक अपराध था। और देश को सच्चाई जानने का हक है। फ्रांसीसी दार्शनिक और लेखक वॉल्टेयर कहते हैं कि किसी भी व्यक्ति को उसके प्रश्नों से पहचानें, न कि उसके उत्तरों से। हमारे द्वारा किसी से भी पूछा गया प्रश्न यूं तो साधारण मालूम होता है, लेकिन यह हमारी संवेदनशीलता और चरित्र का भी मूल्यांकन करता है। इसलिए लिहाज़ा जब भी प्रश्न करना हो तो उससे पहले स्वयं से प्रश्न करना आवश्यक है।**

पिछले लगभग 11 वर्षों में राहुल गांधी भारत सरकार और विशेषकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से प्रश्न पूछते रहते हैं। प्राय- राहुल गांधी के प्रश्नों का मंतव्य देश, सेना और सरकार की छवि धूमिल करना होता है। अपनी आदत से मजबूर राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट कर ऑपरेशन सिंदूर को लेकर विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर को प्रश्नों के कटघरे में खड़ा किया है। एक तरह से कह सकते हैं कि देश की सबसे पुरानी पार्टी के सबसे बड़े नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने ऑपरेशन सिंदूर पर प्रमाण मांगे हैं। ऑपरेशन सिंदूर पर प्रश्न पूछने के कारण राहुल गांधी पुन- एक बार पाकिस्तानी मीडिया की आंखों के तारे बने हुए हैं। राहुल गांधी का यह पोस्ट पाकिस्तानी मीडिया में बड़े पैमाने पर प्रचारित किया जा रहा है।

राहुल गांधी के पोस्ट को पाकिस्तान के प्रमुख मीडिया चैनलों और समाचार पत्रों ने भी हाथों-हाथ लिया है। कई टीवी डिबेट्स में इस पर चर्चा हो रही है। राहुल गांधी ने पोस्ट किया कि 'विदेश मंत्री की चुप्पी केवल बयानबाजी नहीं, बल्कि यह निंदनीय है। मैं फिर से सवाल पूछता हूं- हमने कितने भारतीय विमान खोए क्योंकि पाकिस्तान को पहले से जानकारी थी? यह चूक नहीं थी, यह एक अपराध था। और देश को सच्चाई जानने का हक है। वैसे यह कोई प्रथम अवसर नहीं है जब कांग्रेस या उसके नेता ने देश के गौरव, उपलब्धि और सेना के पराक्रम को प्रश्नों के कटघरे में खड़ा किया है। बालाकोट एयर स्ट्राइक और उरी सर्जिकल स्ट्राइक के समय भी कांग्रेस ने सेना से प्रमाण मांगे थे। भारतीय सेना स्पष्ट कर चुकी कि ऑपरेशन सिंदूर में भारत का कोई विमान हताहत नहीं हुआ। बावजूद इसके राहुल गांधी सेना के बयान को झूठा साबित करने में लगे हैं। ऐसा करके वो यह साबित करना चाहते हैं कि भारतीय सेना सरकार के दबाव और कहने पर झूठ बोल रही है। सरकार ऑपरेशन सिंदूर को लेकर देशवासियों से कुछ छिपा रही है। वास्तविकता यह है कि, भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के जरिए जैसा विध्वंस पाकिस्तान में किया है, उतना 1965 और 1971 के युद्ध में भी नहीं हुआ था। ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेना ने जो किया वह चीन, तुर्किए और अमेरिका को भी सदमे में डालने वाला है। भारतीय सेना हर बार की भांति इस बार भी अतुलनीय, अपराजेय और अगम्य रही। कांग्रेस पार्टी भी सच्चाई से अवगत है। लेकिन, मोदी सरकार को ऑपरेशन सिंदूर का कहीं श्रेय न मिल जाए, इसलिए वो क्षुद्र राजनीति पर उतर आई है। वास्तव में, कांग्रेस प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विरोध करते करते प्राय- राष्ट्र विरोध पर उतर आती है।

यह सर्वविदित है कि पाकिस्तान प्रायोजित आतंकियों ने जम्मू कश्मीर के पहलगाम में निर्दोष हिंदू पर्यटकों को निर्दयता से मारा। बावजूद इसके, राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी ने पाकिस्तान की कड़े शब्दों में निंदा नहीं की? पाकिस्तान ही नहीं हमारे शत्रु चीन के साथ कांग्रेस के मधुर संबंध जगजाहिर हैं। कांग्रेस पार्टी का चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के साथ एमओयू, डोकलाम विवाद के समय राहुल गांधी का चोरी-छिपे चीनी दूतावास के अधिकारियों से मिलना, चीनी झड़प के दौरान सरकार-सेना पर सवाल उठाना, सरकार की जगह पार्टी से परिवार के लोगों का चीन जाना, कैलाश मानसरोवर की यात्रा के दौरान चीनी अधिकारियों से गुपचुप मुलाकात करना यह सब कांग्रेस पार्टी के साथ गांधी परिवार को संदेह के घेरे में खड़ा करता है। 11 नवंबर 2019 को तुर्किए की सरकारी न्यूज एजेंसी 'अनादोलू' ने एक खबर के मुताबिक, भारत की मुख्य विपक्षी पार्टी भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने तुर्की में अपना एक विदेशी कार्यालय खोला है। यह वहीं तुर्की है जो हमारे शत्रु पाकिस्तान को हथियार देता है। कश्मीर को पाकिस्तान का हिस्सा बताता है। कश्मीर के आतंकवादियों को स्वतंत्रता सेनानी कहता है। ऑपरेशन सिंदूर के समय तुर्की ने खुलकर पाकिस्तान का साथ दिया। क्या ये भारत के खिलाफ खड़े देशों से मेलजोल का हिस्सा है? क्या कांग्रेस तुर्की के ज़रिए पाकिस्तान से 'बैकडोर' संवाद कर रही थी? क्या ये भारत के खिलाफ राजनीतिक षड्यंत्र है?

राहुल जी, देश भी आपसे प्रश्न पूछना चाहता है। 1962 के युद्ध में कांग्रेस की सरकार ने हजारों वर्ग किमी जमीन चीन क्यों हड़पने दी? 1971 के युद्ध में कांग्रेस की सरकार अपने 54 वीर सैनिकों को पाकिस्तान से क्यों छुड़ा नहीं पाई? 1971 के युद्ध और शिमला समझौते से भारत को क्या हासिल हुआ? सिंधु जल संधि में भारत के हिस्से का पानी पाकिस्तान को क्यों दिया गया? तुर्की जैसे भारत विरोधी देश में आपकी पार्टी को आफिस खोलने की क्या जरूरत थी? चीन से गुपचुप मिलने और एमओयू साइन करने में कौन सा देश हित छिपा है? आतंकियों और उनके सरपरस्त पाकिस्तान के प्रति कांग्रेस पार्टी का रवैया हमेशा नरम क्यों रहता है? देश को यह सच्चाई जानने का भी हक है।

राहुल जी, पिछले कुछ वर्षों में आपने कई बार विदेशी मंचों का प्रयोग भारत को लेकर विवादास्पद बयान देने के लिए किया है। इस पर आपकी पार्टी का यह तर्क रहा है कि वे भारत की 'असली तस्वीर' दुनिया के सामने रख रहे हैं। लेकिन, राहुल जी आलोचना और अपयश में एक सूक्ष्म अंतर होता है। एक राष्ट्रीय नेता को यह समझना चाहिए कि देश और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर दिए गए वक्तव्य केवल घरेलू राजनीति तक सीमित नहीं रहते, बल्कि वे देश की छवि, निवेशकों के भरोसे और वैश्विक कूटनीतिक संबंधों पर भी प्रभाव डालते हैं।

राहुल जी, पंजाबी के चर्चित कवि शिव कुमार बटालवी ने लिखा है- 'चंगा हुंदा सवाल ना करदा मैंनू तेरा जवाब लै बैठा।' अर्थात प्रश्न न करना ही अच्छा रहता है क्योंकि प्रश्न के उत्तर में जो कहा गया वो प्रश्न करने वाले को ही ले बैठा अथवा उसे ही तोड़ डाला या समाप्त कर डाला। हमारे द्वारा पूछे गए किसी प्रश्न का कोई क्या उत्तर देता है और किस अंदाज़ में देता है यह तो हमारे वश में नहीं होता, लेकिन प्रश्न पूछना अवश्य हमारे वश में होता है। कई बार ऐसे प्रश्न पूछ लिए जाते हैं जिनसे सामने वाले का मूल्यांकन होने के बजाय पूछने वाले का ही मूल्यांकन हो जाता है।

राहुल जी, सच को कभी झुठलाया और छिपाया नहीं जा सकता। देश को सच जानने का हक है। जो सवाल ऑपरेशन सिंदूर को लेकर आपने पूछे हैं उनका जवाब तो सेना पहले ही दे चुकी है। लेकिन सच की आड़ लेकर आप और आपकी पार्टी जो झूठ, अविश्वास, संदेह और भ्रम फैला रही है, उससे सेना और देशवासियों के मनोबल और विश्वास को ठेस पहुंचती है।

(राजनीतिक विश्लेषक और स्तंभकार)(इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

## फील्ड मार्शल या फेल्ड मार्शल? असीम मुनीर का अगला प्रमोशन राष्ट्रपति या प्रधानमंत्री पद पर?

**(नीरज कुमार दुबे)**

अपनी सेना के विफल होने के बावजूद जिस तरह प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने पाकिस्तानी सेनाध्यक्ष की हर मंच से जमकर तारीफ की और फिर उन्हें फील्ड मार्शल बनाना पड़ा वह दर्शाता है कि वह नहीं चाहते कि जैसा उनके भाई ने भुगता वैसा ही वह भी भुगतें। फील्ड में हारने वाले को वैसे तो फेल्ड कहते हैं लेकिन पाकिस्तान ऐसे लोगों को फील्ड मार्शल कहता है। देखा जाये तो भारत और पाकिस्तान के बीच हालिया सैन्य संघर्ष के दौरान बुरी तरह पिटने वाले पाकिस्तानी सेनाध्यक्ष मौलाना असीम मुनीर को पाकिस्तान सरकार की ओर से प्रमोशन देकर उन्हें फील्ड मार्शल बनाना उसी पुरानी कड़ी का दोहराव है जिसके तहत हर हार के बाद पाकिस्तानी सेना को वहां का शासन 'हार' पहनाता है।



इसके अलावा, अपनी सेना के विफल होने के बावजूद जिस तरह प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने पाकिस्तानी सेनाध्यक्ष की हर मंच से जमकर तारीफ की और फिर उन्हें फील्ड मार्शल बनाना पड़ा वह दर्शाता है कि वह नहीं चाहते कि जैसा उनके भाई ने भुगता वैसा ही वह भी भुगतें। उल्लेखनीय है कि शहबाज शरीफ के भाई नवाज शरीफ की सत्ता को पलट कर तत्कालीन पाकिस्तानी सेनाध्यक्ष जनरल परवेज मुशर्रफ ने पाकिस्तान की सत्ता संभाल ली थी। असीम मुनीर भी पाकिस्तान पर राज करना चाहते हैं यह बात वहां के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी और प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ भलीभांति जानते हैं इसलिए वह पर्दे के पीछे से सारा नियंत्रण असीम मुनीर को चलाने दे रहे हैं ताकि उनकी खुद की गाड़ी भी चलती रहे। जरदारी और शहबाज अच्छी तरह जानते हैं कि उनका अपने पद पर बने रहना लोकतंत्र पर नहीं, बल्कि मुनीर की कृपा पर निर्भर करता है।

फील्ड मार्शल बनने के बाद असीम मुनीर अगली पदोन्नति के रूप में कौन-सा पद चाहेंगे यह देखने वाली बात होगी, वैसे यह तो है कि पाकिस्तान के इतिहास में इस पद पर पदोन्नत होने वाले वह दूसरे शीर्ष सैन्य अधिकारी बन गये हैं। उनसे पहले जनरल अयूब खान को 1959 में फील्ड मार्शल का पद दिया गया था।

मुनीर ने पाकिस्तान की दोनों शक्तिशाली जासूसी एजेंसियों- आईएसआई और मिलिट्री इंटेलिजेंस (एमआई) का नेतृत्व किया है। वह पाकिस्तान के इतिहास में एमआई और आईएसआई दोनों का नेतृत्व करने वाले एकमात्र अधिकारी हैं और पहले ऐसे सेनाध्यक्ष भी हैं जिन्हें प्रतिष्ठित 'स्वॉर्ड ऑफ ऑनर' से सम्मानित किया गया है। असीम मुनीर ने नवंबर 2022 में सेना प्रमुख के रूप में पदभार ग्रहण किया था। उन्होंने जनरल कमर जावेद बाजवा का स्थान लिया था जो लगातार तीन वर्षीय दो कार्यकाल के बाद सेवानिवृत्त हुए थे।

वैसे असीम मुनीर ने अब तक कोई लड़ाई जीती नहीं है और सिर्फ कट्टरपंथ को ही आगे बढ़ाया है। लेकिन फिर भी उनकी पदोन्नति को ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य में समझने के लिए यह याद करना ज़रूरी है कि पाकिस्तान के पहले फील्ड मार्शल अय्यूब ख़ान अपने देश के पहले सफल सैन्य तख्तापलट के सूत्रधार भी थे। 1958 में तत्कालीन राष्ट्रपति इस्कंदर मिर्ज़ा के समर्थन से अय्यूब ख़ान ने मार्शल लॉ लागू किया और जल्द ही राष्ट्रपति पद से मिर्ज़ा को हटाकर स्वयं सत्ता संभाल ली थी। यही वह उदाहरण था जिसने पाकिस्तान में सैन्य शासन की परंपरा को जन्म दिया और सेना के नागरिक शासन में दखल को सामान्य बना दिया।

हम आपको बता दें कि पाकिस्तान में फील्ड मार्शल के प्रभाव की कोई संवैधानिक सीमा नहीं है, खासकर उस व्यवस्था में जो बार-बार अपने ही संविधान की अनदेखी करती है। इतिहास भी यही दर्शाता है कि पाकिस्तान में सत्ता मतपेटियों में नहीं, सेना की छावनियों में रहती है। पाकिस्तान का इतिहास यही बताता है कि सरकार के नेतृत्व के लिए यही बेहतर होता है कि वे अपने पासपोर्ट हमेशा तैयार रखें। दरअसल पाकिस्तान में नाममात्र का लोकतंत्र है, वास्तव में वह शुरू से ही सेना-प्रधान राष्ट्र बना हुआ है।

(इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 5740

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | | 3 | | 1 | 6 | | | |
| | 9 | 1 | | | | | 6 | |
| 2 | 6 | 4 | | | | | | |
| | | | 4 | 6 | | | 7 | 2 |
| | 7 | | | 3 | | | 5 | |
| 4 | 3 | | | 5 | 2 | | | |
| | | | | | | 1 | 8 | 5 |
| | 8 | | | | | 7 | 4 | |
| | | | 1 | 7 | | 2 | | 3 |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5739

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 3 | 6 | 9 | 5 | 7 | 1 | 2 | 4 |
| 2 | 7 | 1 | 3 | 8 | 4 | 9 | 6 | 5 |
| 5 | 9 | 4 | 1 | 2 | 6 | 8 | 7 | 3 |
| 3 | 2 | 7 | 4 | 6 | 1 | 5 | 9 | 8 |
| 9 | 1 | 8 | 5 | 7 | 3 | 6 | 4 | 2 |
| 6 | 4 | 5 | 2 | 9 | 8 | 7 | 3 | 1 |
| 7 | 6 | 2 | 8 | 4 | 5 | 3 | 1 | 9 |
| 1 | 8 | 9 | 7 | 3 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 1 | 9 | 2 | 8 | 7 |

## वर्ग पहेली 5740



**संकेत: बाएं से दाएं**

1. 26 जनू 2000 को अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेअ काउंसिल द्वारा इस देश को टेस्ट का दर्जा दिया गया (4)
4. बसा हुआ, बस्तीवाला, संपन्न (3)
6. किसी का नाम किसी बात आदि के लिए निश्चित करने की क्रिया या भाव (5)
8. वर्षा के जल को यह कहते है (2)
10. कलम से लिखा हुआ, कलम काटकर लगाया हुआ (3)
12. रिक्त स्थान की पूर्ति करना (3)
13. महिला, स्त्री, नारी (3)
15. नमूने के तौर पर बनाया हुआ, खुरदरा (2)
16. आश्चर्य से भरा हुआ, विस्मय (4)
17. फौज में रहने वाला, फौज का (2)
18. स्याही को अंग्रेजी में यह कहते है (2)
20. पुराणानुसार ऋक्ष पर्वत से निकलकर गंगा नदी में मिलने वाली एक टौंस नाम की एक नदी (2)
23. यह लेबनान की राजधानी है जो प्रमुख बंदरगाह भी है (2)
24. मवेशी, पशु, ढोर (4)

**ऊपर से नीचे**

1. आलिंगन करना, गले लगाना (6)
2. प्रदान करना, प्रदत्त करना, सौंपना (2)
3. शमन करने वाला, शांत करने वाला (3)
4. बीआर चोपडा की फिल्म जिसमें धर्मेंद्र, फिरोज खान, सायरा बानो आदि की भूमिकाऐं थीं (8)
5. राजद्रोही, बगावत करने वाला (2)
7. पंचतत्वों में से एक, वारि, आब (2)
9. अक्षर, वर्ण (3)
11. हजरत मुहम्मद की छंदोबद्ध स्तुति (2)
14. प्रक्षालनकर्मी, प्रक्षालक (3)
16. जिसे जीता ना जा सके (3)
19. कला आदि सिखलाने वाला व्यक्ति, दीर्घ मात्रा, नव ग्रहों में से एक (2)
22. मयूर, हमारा राष्ट्रीय पक्षी (2)

### वर्ग पहेली 5739 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सु | मि | त्रा | नं | द | न | पं | त |
| न | | स | ब | ल | | जा | ल |
| य | म | | र | प | ट | | ब |
| ना | न | क | | ति | | आ | गा |
| | वां | | श | | स | म | र |
| | छि | त | रा | ना | | द | |
| सा | त | | फ | ल | | र | स |
| थी | | हु | त | | द | फ्त | र |

## आज का राशिफल

### मेष
बिजनस से जुड़े लोगों को कोई पुराना कस्टमर परेशान कर सकता है, लेकिन धैर्य से डील करने पर स्थिति आपके पक्ष में आ सकती है। फाइनेंशियल डील में सावधानी बरतें, खासकर यदि चेक, क्रेडिट या उधार शामिल हो। किसी जरूरी भुगतान में देरी आपके लिए दबाव बन सकती है, पर शाम तक कोई रुका हुआ पेमेंट आ सकता है।

### वृष
नई जॉब तलाश रहे हैं तो इंटरव्यू में सफलता के योग हैं। फाइनेंस सेक्टर, बैंकिंग, बीमा या पॉलिसी से जुड़े लोग कोई नया क्लाइंट जोड़ सकते हैं। धन का प्रवाह बढ़ेगा और पुराने उधार लौटने की भी संभावना है। दोपहर बाद पार्टनरशिप में जुड़े लोगों को नई डील मिलने की खबर मिल सकती है, जो लॉन्ग टर्म में फायदेमंद रहेगी।

### मिथुन
आज दिन करियर के मामले में काफी उतार-चढ़ाव भरा हो सकता है। कार्यस्थल पर अपेक्षित सहयोग न मिलने से योजनाओं में देरी हो सकती है। उच्च अधिकारियों के साथ विचारों में मतभेद उभर सकते हैं, इसलिए संवाद में सावधानी रखें।

### तुला
नौकरीपेशा जातकों को प्रमोशन या नई जिम्मेदारी मिल सकती है जिससे सैलरी में इजाफा होगा। बिजनस में क्लाइंट बेस बढ़ेगा और कोई पुराना ग्राहक दोबारा सेवा ले सकता है। बैंकिंग, सरकारी टेंडर, या एजेंसी कार्यों से जुड़े लोगों को अच्छी सफलता मिलेगी। आर्थिक दृष्टि से दिन शुभ है और कोई पुराना उधार लौट सकता है या कहीं से एकमुश्त धन मिलने के संकेत हैं।

### वृश्चिक
आज भाग?य का साथ मिल रहा है। आपके लिए कई महत्वपूर्ण आर्थिक निर्णय लेने का दिन है। आप धन-संबंधी किसी बड़ी समस्या को हल कर पाएंगे। जॉब में प्रमोशन या बोनस की खबर मिल सकती है। बिजनस में कोई नया प्रस्ताव मिलेगा जो भविष्य में स्थायित्व ला सकता है। कोर्ट-कचहरी से जुड़े मामलों में राहत के संकेत हैं।

### धनु
आज करियर में तेजी से उन्नति के संकेत हैं। नौकरीपेशा लोगों को कोई ऑफिशल ट्रिप या सेमिनार में बोलने का मौका मिल सकता है, जिससे आपकी छवि और मजबूत होगी। बिजनस में पुराने कनेक्शन काम आएंगे और विदेश से कोई बड़ा सौदा होने की संभावना है। फाइनेंशियल प्लानिंग में सुधार होगा और आप दीर्घकालिक निवेश की ओर कदम बढ़ा सकते हैं।

### कर्क
आज कार्यक्षेत्र में योजनाएं कामयाब होंगी और आपके नेतृत्व को सराहा जाएगा। मीडिया, आईटी, डिजिटल मार्केटिंग और एजुकेशन सेक्टर में काम कर रहे लोगों के लिए दिन अवसरों से भरा है। बिजनस में नए पार्टनर से बातचीत हो सकती है और एक बड़ा समझौता हो सकता है।

### सिंह
आज भाग?य का सहारा मिल रहा है। कार्यक्षेत्र में आपकी सूझबूझ और विश्लेषणात्मक क्षमता का लाभ मिलेगा। जो लोग बैंकिंग, अकाउंट्स या डाटा एनालिसिस जैसे क्षेत्रों में हैं, उन्हें बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है। बिजनस में कोई रुकी हुई डील दोबारा सक्रिय हो सकती है।

### कन्या
आज आर्थिक क्षेत्र में प्रगति के कई अवसर मिलेंगे। निवेश से लाभ होने के संकेत हैं, विशेषकर यदि वह रियल एस्टेट, कृषि या मैन्युफैक्चरिंग से जुड़ा हो। बिजनस में सरकार या संस्था से जुड़ा कोई बड़ा सौदा फाइनल हो सकता है, जिससे आपकी प्रतिष्ठा भी बढ़ेगी।

### मकर
आज लोग कार्यक्षेत्र में थोड़ा दबाव महसूस करेंगे। कार्यों की अधिकता और स्वास्थ्य की कमजोरी आपको दबाव में रख सकती है। बिजनस में अधिक दौड़भाग करनी पड़ सकती है लेकिन कोई बड़ी डील फाइनल हो सकती है। आर्थिक मामलों में सतर्क रहना जरूरी है, क्योंकि कोई पुराना लेन-देन विवाद का कारण बन सकता है।

### कुंभ
आज दिन लाभ से भरा होगा और आप काफी व्यस्त रहेंगे, लेकिन हर कार्य में सफलता मिलने के योग हैं। आपके नेतृत्व में कोई विशेष प्रॉजेक्ट शुरू हो सकता है, जिससे आपकी प्रफेशनल पहचान और मजबूत होगी। व्यापार में नए ग्राहक जुड़ने से बिक्री में वृद्धि होगी। आपकी मीठी वाणी और संवाद शैली आपको नई डील्स दिलाने में मदद करेगी।

### मीन
आज भाग्य साथ दे रहा है। आपके प्रयासों का अच्छा परिणाम मिलेगा। नौकरी में स्थायित्व और कार्य संतोष रहेगा। ऑफिस में आपकी कुशलता और नेतृत्व क्षमता को सराहना मिलेगी। बिजनस में कोई नया असाइनमेंट मिल सकता है जो अगले तीन महीने में बड़ा फायदा दे सकता है। आप किसी मुनाफे की योजना पर कार्य शुरू कर सकते हैं।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
**संपादक- श्रीराम अम्बष्ट**, उप संपादक- **साकेत अम्बष्ट** फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, **RNI-BIHHIN/1998/03009**

# जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार की हुई बैठक, दिए गए आवश्यक दिशा-निर्देश



निज संवाददाता | गोड्डा

गोड्डा समाहरणालय स्थित कार्यालय प्रकोष्ठ में शुक्रवार को जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त जिशान कमर की अध्यक्षता में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें जिले में घटित विभिन्न प्राकृतिक आपदाओं से संबंधित मामलों पर विचार-विमर्श करते हुए जरूरी दिशा-निर्देश जारी किए गए। यह बैठक विशेष रूप से उन आवेदनों की समीक्षा और स्वीकृति को लेकर बुलाई गई थी, जो प्राकृतिक आपदाओं से पीड़ित लोगों द्वारा सरकारी सहायता हेतु प्रस्तुत किए गए थे। बैठक की शुरुआत में उपायुक्त के समक्ष विभिन्न घटनाओं से संबंधित कुल 65 आवेदन प्रस्तुत किए गए। ये आवेदन सड़क दुर्घटनाओं, वज्रपात, डूबने से मृत्यु, अग्निकांड, अतिवृष्टि और कोविड-19 जैसी आपदाओं से जुड़े हुए थे। उपायुक्त ने सभी आवेदनों की क्रमवार समीक्षा की और उनके सत्यापन एवं अनुशंसा प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से अधिकारियों को विस्तृत दिशा-निर्देश दिए। बैठक में उपायुक्त ने यह स्पष्ट किया कि सभी आपदा संबंधित आवेदनों की उचित और प्राथमिक स्तर पर गहन जांच आवश्यक है। उन्होंने निर्देश दिया कि प्रत्येक आवेदन के साथ संबंधित अंचल, अनुमंडल एवं अपर समाहर्ता स्तर से जांच कर रिपोर्ट अग्रसारित की जाए। इसके अलावा आवेदन के साथ प्राथमिक सूचना रिपोर्ट (FIR), थाना कांड संख्या, मृतक और आवेदक के बीच के संबंध की स्पष्टता, पोस्टमार्टम रिपोर्ट और मृत्यु के कारणों की चेकलिस्ट जैसे जरूरी दस्तावेज अनिवार्य रूप से संलग्न किए जाएं। हीट एंड रन जैसे मामलों को विशेष रूप से सड़क सुरक्षा समिति के पास भेजने का निर्देश दिया गया, ताकि इस तरह की घटनाओं पर ठोस और समुचित निर्णय लिया जा सके। साथ ही, यह भी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया कि मृतक झारखंड भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के अंतर्गत निबंधित थे या नहीं, इसका स्पष्ट विवरण प्रतिवेदन में अंकित हो।

इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि जो लोग पात्र हैं, उन्हें सरकारी सहायता योजनाओं का लाभ समय पर मिल सके और किसी भी स्तर पर लापरवाही या देरी न हो। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि आपदा पीड़ितों के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाते हुए प्रत्येक आवेदन को गंभीरता से लें और योग्यता के आधार पर यथाशीघ्र सहायता राशि मुहैया कराएं, ताकि आपदा से प्रभावित परिवारों को राहत मिल सके और वे पुनः सामान्य जीवन की ओर अग्रसर हो सकें। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी गोड्डा बैद्यनाथ उरांव, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अशोक प्रियदर्शी, पुलिस उपाधीक्षक हेड क्वार्टर जेपीएन चौधरी, नगर प्रशासक सह जिला जनसंपर्क पदाधिकारी आशीष कुमार सहित आपदा प्रबंधन विभाग के अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक में लिए गए निर्णयों से यह स्पष्ट संकेत गया कि जिला प्रशासन आपदा पीड़ितों को त्वरित और प्रभावी सहायता प्रदान करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और इस दिशा में ठोस कदम उठाए जा रहे हैं।

## मनरेगा व आवास योजना से संबंधित जन शिकायत हेतु हेल्पलाइन नंबर के जारी

निज संवाददाता | दुमका

जिले में ग्रामीणों की समस्याओं के त्वरित समाधान को लेकर जिला प्रशासन ने एक सराहनीय पहल की है। जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त जिशान कमर के निदेशानुसार मनरेगा और आवास योजना से संबंधित जन शिकायतों के समाधान के लिए एक विशेष हेल्पलाइन व्हाट्सएप नंबर '8084145238' जारी किया गया है। इस माध्यम से ग्रामीण अब अपने मोबाइल फोन के जरिए सीधे प्रशासन से जुड़कर अपनी समस्याएं साझा कर सकेंगे, जिससे शिकायतों के निपटारे की प्रक्रिया अधिक पारदर्शी और प्रभावी हो सकेगी। उपायुक्त ने इस संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि शिकायतकर्ता की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी, ताकि कोई भी व्यक्ति बिना किसी भय या संकोच के अपनी समस्या या किसी भी प्रकार की अनियमितता की जानकारी साझा कर सके। प्रशासन का यह प्रयास न केवल योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करेगा, बल्कि यह भी सुनिश्चित करेगा कि कोई भी लाभुक योजनाओं से वंचित न रह जाए। उन्होंने आगे कहा कि यह नई व्यवस्था प्रशासन और जनता के बीच संवाद और विश्वास को मजबूत करने की दिशा में एक अहम कदम है। इस पहल के माध्यम से यह सुनिश्चित किया जाएगा कि ग्रामीण विकास से जुड़ी योजनाओं में पारदर्शिता बनी रहे और वास्तविक लाभार्थियों तक योजनाओं का लाभ समय पर पहुंचे। प्रशासन की मंशा है कि जिले के हर नागरिक को उसके अधिकार के तहत मिलने वाली योजनाओं का पूरा लाभ मिले और कोई भी समस्या लंबित न रहे।

## नाबालिग को भगाने के आरोपित को सश्रम कारावास

गोड्डा (नि.सं.)। जिला न्यायालय में एक महत्वपूर्ण निर्णय सुनाते हुए पोक्सो के विशेष न्यायाधीश सह अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम कुमार पवन ने शादी की नियत से नाबालिग लड़की को भगाने के मामले में देवदांड़ थाना क्षेत्र के जीतपुर निवासी अजय कुमार सेन को दोषी ठहराया और उसे भारतीय दंड संहिता की धारा 366 के तहत छह वर्ष के सश्रम कारावास तथा बीस हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई। न्यायालय ने यह भी आदेश दिया कि यदि आरोपित अर्थदंड की राशि अदा करने में विफल रहता है, तो उसे छह माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। इस प्रकरण में देवदांड़ थाना क्षेत्र में 15 अप्रैल 2023 को दर्ज प्राथमिकी के अनुसार, पीड़िता के पिता ने शिकायत दर्ज कराई थी कि 12 अप्रैल की रात उनकी 13 वर्षीय पुत्री अपनी मां के साथ शौच के लिए उठी थी। उसके बाद वह सोई और फिर अगली सुबह जब परिवार के लोग जागे तो वह घर से गायब पाई गई। परिजनों द्वारा आसपास काफी खोजबीन की गई, लेकिन लड़की का कोई सुराग नहीं मिला। बाद में ग्रामीणों से सूचना मिली कि नाबालिग को जीतपुर निवासी अजय कुमार सेन के साथ देखा गया था। परिवार द्वारा मोटरसाइकिल से पीछा करने का प्रयास किया गया, लेकिन उस वक्त वे दोनों हाथ नहीं आए। पुलिस द्वारा मामले की छानबीन जारी रही और अंततः नाबालिग को अजय कुमार सेन के एक रिश्तेदार के घर से बरामद किया गया। मामले की सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष ने न्यायालय के समक्ष आठ गवाहों को प्रस्तुत किया, जिनके बयानों और प्रस्तुत साक्ष्यों के आधार पर न्यायालय ने यह निष्कर्ष निकाला कि अजय कुमार सेन ने नाबालिग लड़की को शादी की नीयत से बहला-फुसलाकर भगाया था।

# अधिकार मित्रों को दी गई साथी अभियान की जानकारी

निज संवाददाता | गोड्डा



गोड्डा जिला में शुक्रवार को व्यवहार न्यायालय स्थित पुस्तकालय सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डालसा) के अध्यक्ष रमेश कुमार के निर्देशानुसार सचिव दीपक कुमार की अध्यक्षता में जिले भर के अधिकार मित्रों यानी पैरा लीगल वॉलंटियर्स (पीएलवी) ने भाग लिया। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य समाज के सबसे कमजोर वर्गों, विशेष रूप से बेसहारा व पहचानविहीन बच्चों की सहायता को लेकर चलाए जा रहे 'साथी अभियान' की जानकारी साझा करना और उसकी सफलता के लिए समन्वय स्थापित करना था। सचिव दीपक कुमार ने अधिकार मित्रों को संबोधित करते हुए कहा कि यह अभियान सर्वोच्च न्यायालय की पहल पर देशभर में एकजुटता के साथ चलाया जा रहा है, जिसका मुख्य उद्देश्य उन बच्चों को पहचान देना है जो किसी भी सरकारी रिकॉर्ड में दर्ज नहीं हैं, जिनका न तो आधार कार्ड है और न ही कोई अन्य प्रमाण पत्र। उन्होंने बताया कि साथी अभियान 26 मई से 26 जून तक चलेगा और इस अवधि में जिले के दूरदराज गांवों, आदिवासी बस्तियों, विशेषकर पहाड़िया समुदाय में जाकर इन बच्चों की पहचान करनी है। उन्होंने पीएलवी से कहा कि यह कार्य महज एक योजना का हिस्सा नहीं, बल्कि मानवीय सरोकार से जुड़ा हुआ दायित्व है। इसलिए उन्हें आंगनबाड़ी केन्द्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों, स्कूलों और पंचायत प्रतिनिधियों के माध्यम से समाज के उस हिस्से तक पहुँचना है, जहां ऐसे बच्चे मौजूद हैं जिनकी अब तक कोई पहचान नहीं बन पाई है। इसके लिए एक निर्धारित प्रपत्र पर बच्चों की पूरी जानकारी एकत्र कर संबंधित टीम को सौंपनी है, ताकि उन्हें पहचान दिलाकर सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाया जा सके। बैठक में जिला स्तर पर गठित साथी टीम की जानकारी भी साझा की गई, जिसमें प्रशासनिक, स्वास्थ्य, शिक्षा और सामाजिक कल्याण विभाग के अधिकारियों के साथ-साथ पीएलवी की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की गई है। दीपक कुमार ने यह भी कहा कि अधिकार मित्र न्याय व्यवस्था की एक अहम कड़ी हैं, और उन्हें जनहित से जुड़ी योजनाओं में अपनी भूमिका को गंभीरता और प्रतिबद्धता के साथ निभाना होगा। बैठक के अंत में पीएलवी की व्यक्तिगत और कार्यक्षेत्र से जुड़ी समस्याएं भी सुनी गईं और उनका समाधान किया गया। इस अवसर पर जिले के विभिन्न प्रखंडों, पंचायतों, थानों, किशोर न्याय बोर्ड, बाल कल्याण समिति (सीडब्ल्यूसी), सदर अस्पताल, फ्रंट ऑफिस, कियूस (क्लाइंट इंफॉर्मेशन एंड यूनिफाइड सिस्टम) और सूचना केंद्रों से जुड़े अधिकार मित्र उपस्थित रहे।

# लोक अदालत में 12 मामलों का निष्पादन न्यायिक व्यवस्था में विश्वास और समाधान का रास्ता

निज संवाददाता | गोड्डा

जिले में वैकल्पिक विवाद समाधान प्रणाली को मजबूत करते हुए शनिवार को न्यायालय परिसर में लोक अदालत का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 12 मामलों का सौहार्दपूर्ण निष्पादन किया गया। यह लोक अदालत झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (झालसा) के निर्देश पर आयोजित की गई थी, जिसका संचालन जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा) के अध्यक्ष सह प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश रमेश कुमार के मार्गदर्शन में हुआ। लोक अदालत में मामलों के निपटारे के साथ-साथ पक्षकारों के बीच 35,000 रुपए की राशि का आपसी समझौता भी कराया गया, जो विवादों को बिना लंबी कानूनी प्रक्रिया के सुलझाने की दिशा में एक सराहनीय उपलब्धि है। इस लोक अदालत में विभिन्न प्रकार के वादों को प्राथमिकता दी गई थी, जिनमें क्रिमिनल कंपाउंडेबल मामले, बिजली और पानी बिल से जुड़े विवाद, उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम से संबंधित मामले, एमएसीटी (मोटर वाहन दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण) के मामले, वैवाहिक एवं पारिवारिक विवाद, अन्य सिविल वाद, उत्पाद शुल्क और प्रमाण पत्र से संबंधित विवाद शामिल थे। इन सभी मामलों का निष्पादन आपसी सहमति, समझौते और न्यायिक मध्यस्थता के माध्यम से किया गया, जिससे अदालतों पर लंबित मामलों का बोझ कम हुआ और पक्षकारों को त्वरित न्याय मिला।

लोक अदालत के प्रभावी संचालन के लिए कुल छह न्यायिक बेंच का गठन किया गया था, जो विशेष रूप से विभिन्न श्रेणियों के मामलों की सुनवाई और निपटारे के लिए जिम्मेदार थे। प्रत्येक बेंच में संबंधित क्षेत्र के न्यायिक पदाधिकारी एवं विधिक सहायता अधिवक्ता (एलएडीसी) शामिल थे, जिन्होंने न केवल मामलों को सुना, बल्कि पक्षकारों के बीच संवाद और सहमति की प्रक्रिया को भी सहज बनाया। इस प्रक्रिया में पारिवारिक विवादों से लेकर उपभोक्ता व बिजली मामलों तक के वादों का समाधान सौहार्दपूर्वक किया गया, जिससे यह सिद्ध हुआ कि सुलह एवं संवाद के माध्यम से कानून की प्रक्रिया को अधिक मानवीय बनाया जा सकता है। लोक अदालत का यह आयोजन केवल विवादों के समाधान का जरिया नहीं था, बल्कि यह आम जनता में न्यायिक व्यवस्था के प्रति विश्वास और सकारात्मक सोच को भी प्रोत्साहित करने का माध्यम बना। यह पहल उस विचार को सशक्त करती है कि हर विवाद का समाधान अदालतों में लंबी कानूनी लड़ाई लड़ने के बजाय आपसी संवाद, समझौते और न्यायिक मध्यस्थता से भी संभव है। इससे समय, श्रम और आर्थिक संसाधनों की बचत तो होती ही है, साथ ही समाज में सौहार्द और शांति का वातावरण भी बना रहता है।

## बिजली चोरी करने वालों के छह लोगों पर मामला दर्ज

पथरगामा (नि.सं.)। प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्रामीण इलाके में अवैध रूप से बिजली का उपयोग करने वालों के खिलाफ विद्युत विभाग की सख्त कार्रवाई की है। जिसमें सहायक विद्युत अभियंता कंचन टुडू के नेतृत्व में चलाए जा रहे विशेष छापेमारी अभियान के तहत कई स्थानों पर छापेमारी की गई है। अवैध बिजली चोरी करते पाए जाने पर छह लोगों के खिलाफ पथरगामा थाना में कांड संख्या 84/25 के तहत भारतीय विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 और 138 के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है। आरोपियों में काला डुमरिया निवासी सुरेश यादव, पिता स्व. सुखपाल यादव, राकेश यादव, पिता लखीचरण गोप, काला डुमरिया, पीलपाया बरमसिया निवासी कार्तिक पाल, पिता स्व. विपिन बिहारी पाल, बोहा साह टोला निवासी प्रदीप कुमार साह, पिता स्व. लक्ष्मण साह, विनय कुमार साह और दिनेश साह, पिता स्व. लक्ष्मण साह, बोहा, साह टोला शामिल हैं। इस दौरान सहायक विद्युत अभियंता कंचन टुडू ने बताया कि क्षेत्र में अवैध बिजली चोरी के खिलाफ यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

# हरिहरगंज में दूसरे दिन भी अवैध निजी अस्पतालों पर कार्रवाई, आयुष हॉस्पिटल की हुई गहन जांच

निज संवाददाता | हरिहरगंज



अवैध रूप से संचालित निजी अस्पतालों पर शिकंजा कसने के राज्य स्वास्थ्य विभाग के निर्देश के तहत शुक्रवार को हरिहरगंज प्रखंड में दूसरे दिन भी जांच अभियान जारी रहा। यह अभियान पूरी गंभीरता और सख्ती के साथ चलाया गया, जिसमें बिहार सीमा से सटे मेन रोड स्थित आयुष हॉस्पिटल को जांच के दायरे में लिया गया। संयुक्त जांच टीम का नेतृत्व प्रखंड विकास पदाधिकारी पारितोष प्रियदर्शी, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. गोपाल प्रसाद और पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंदन कुमार ने किया। टीम ने मौके पर पहुंचकर अस्पताल के संपूर्ण संचालन, चिकित्सकों की उपस्थिति, उपलब्ध संसाधनों और कानूनी मान्यता से संबंधित दस्तावेजों की गहन जांच की। जांच के दौरान अस्पताल में कार्यरत कर्मियों से भी पूछताछ की गई और अस्पताल के निबंधन, चिकित्सकीय योग्यता, मशीनरी, आपातकालीन सुविधा, औषधि भंडारण आदि की जानकारी ली गई।

जांच के क्रम में जब अस्पताल संचालक सर्जन डॉ. पुष्पेन्द्र कुमार से दस्तावेजों की मांग की गई, तो उन्होंने अस्पताल से संबंधित कुछ कागजात जांच टीम को उपलब्ध कराए। हालांकि, टीम ने दस्तावेजों की वैधता की पुष्टि नहीं की और उनके आधार पर आगे की प्रक्रिया के लिए विभागीय कार्रवाई सुनिश्चित करने की बात कही। बीडीओ पारितोष प्रियदर्शी ने स्पष्ट किया कि यह कार्रवाई सुप्रीम कोर्ट और राज्य स्वास्थ्य विभाग के निर्देशानुसार की जा रही है, जिसका उद्देश्य आम जनता को अवैध, अपंजीकृत और लापरवाह चिकित्सा सेवाओं से बचाना है। उन्होंने कहा कि बिना मान्यता और आवश्यक अनुमतियों के अस्पताल या क्लिनिक चलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी और जिनके दस्तावेज अधूरे या फर्जी पाए जाएंगे, उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी जाएगी। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. गोपाल प्रसाद और थाना प्रभारी चंदन कुमार ने भी दोहराया कि जिले में संचालित सभी निजी चिकित्सा संस्थानों की जांच की जाएगी और जो संस्थान नियमों का उल्लंघन करते पाए जाएंगे, उनके खिलाफ विधिसम्मत सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। इस मौके पर बीपीएम संजय कुमार सिंह, एसआई सतीश गुप्ता, सुनील कुमार समेत कई पुलिसकर्मी और स्वास्थ्य विभाग के कर्मी मौजूद रहे। लगातार चल रही इस जांच से क्षेत्र में हड़कंप मचा हुआ है और कई निजी क्लिनिक संचालक अपने दस्तावेजों को लेकर सतर्क हो गए हैं।

# अदाणी फाउंडेशन के समर कैंप में बच्चों को मिला रचनात्मकता

निज संवाददाता | गोड्डा




बच्चों के सर्वांगीण विकास और शिक्षा को व्यावहारिक बनाने की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए अदाणी फाउंडेशन ने 'उत्थान' कार्यक्रम के तहत गोड्डा जिले के छह सरकारी स्कूलों में समर कैंप का आयोजन किया। यह कैंप पावर प्लांट के आस-पास स्थित गांवों – मोतिया, डुमरिया, बक्सरा, कौड़ी बहियार, परासी और सोनडीहा के स्कूलों में 19 मई से 24 मई 2025 तक चलाया गया। इस शिविर में कक्षा 6 से 8 तक के 500 से अधिक बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जो स्वयं ग्रामीण शिक्षा व्यवस्था में सकारात्मक बदलाव की दिशा में एक महत्वपूर्ण संकेत है। कैंप का मुख्य उद्देश्य पारंपरिक पढ़ाई के ढर्रे से हटकर बच्चों की रचनात्मकता को निखारना, उन्हें स्वच्छता, पर्यावरण और जीवन कौशल की अहमियत सिखाना और सीखने की प्रक्रिया को मजेदार, व्यावहारिक और संवादात्मक बनाना था। हर रोज सुबह आठ बजे से दस बजे तक आयोजित इस समर कैंप में बच्चों को कई तरह की गतिविधियों से जोड़ा गया, जिनके माध्यम से न केवल उनका मनोविज्ञानिक विकास हुआ, बल्कि उन्हें सामाजिक और पर्यावरणीय जिम्मेदारियों के प्रति भी जागरूक किया गया। समर कैंप के दौरान बच्चों ने बैज डिजाइनिंग, यूनिफॉर्म सज्जा, स्कूल परिसर की साफ-सफाई, बिजली की बुनियादी समझ, जल संरक्षण, मनी मैनेजमेंट जैसी गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी की। इन गतिविधियों ने न सिर्फ बच्चों के भीतर रचनात्मक सोच और अभिव्यक्ति की क्षमता को प्रोत्साहित किया, बल्कि उनमें टीमवर्क, नेतृत्व क्षमता, स्वच्छता के प्रति जिम्मेदारी और जल जैसे प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण की भावना भी विकसित की। अदाणी फाउंडेशन के इस प्रयास की सराहना करते हुए जिला शिक्षा अधीक्षक दीपक कुमार स्वयं समर कैंप के उद्घाटन सत्र में मौजूद रहे। उन्होंने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि इस तरह के शिविर बच्चों के जीवन में न केवल ज्ञान का विस्तार करते हैं, बल्कि उन्हें व्यवहारिक जीवन के लिए तैयार भी करते हैं। उन्होंने अदाणी फाउंडेशन के इस प्रयास को ग्रामीण शिक्षा में एक नवाचार की संज्ञा दी और कहा कि इससे बच्चों में आत्मविश्वास और सामाजिक समझ दोनों विकसित होते हैं। गौरतलब है कि अदाणी फाउंडेशन अपने सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत लंबे समय से शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता और सामुदायिक विकास जैसे क्षेत्रों में काम कर रहा है। समर कैंप का यह आयोजन उसी श्रृंखला का एक हिस्सा है, जिसका सकारात्मक असर अब ग्रामीण बच्चों के जीवन में स्पष्ट रूप से देखा जा रहा है।

## एक जून होगा झारखंड होमगार्ड वेलफेयर एसोसिएशन की बैठक

गोड्डा (नि. सं.)। झारखंड होमगार्ड वेलफेयर एसोसिएशन झारखंड रांची के आव्हान पर राज्य के विभिन्न समस्याओं को लेकर 1 जून को झारखंड होमगार्ड वेलफेयर एसोसिएशन की बैठक राजधानी रांची में होगी, इस बैठक में सभी प्रतिनिधि एवं होमगार्ड के जवान सादर आमंत्रित हैं। इस आशय की जानकारी देते हुए वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश संरक्षक मनोज कुमार कुशवाहा ने बताया कि यह बैठक काफी महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि आप सभी प्रयास कीजिए कि इस बैठक में सभी महिला एवं पुरुष ज्यादा से ज्यादा संख्या में शामिल हो। बैठक में आने वाले होमगार्ड जवान अपनी ड्यूटी को देखते हुए आने का प्रयास करें। जो भी जवान बैठक में आए यह ध्यान रहे की ड्यूटी में किसी प्रकार की लापरवाही ना हो।

# नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी के निर्देश पर महागामा शहर में सफाई का कार्य हुआ प्रारंभ

निज संवाददाता | महागामा



महागामा नगर पंचायत क्षेत्र में स्वच्छता को प्राथमिकता देते हुए नगर प्रशासन ने शहर की सफाई व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने की दिशा में ठोस कदम उठाया है। कार्यपालक पदाधिकारी आशीष कुमार के निर्देश पर पर्यवेक्षक मोहम्मद फिरोज अंसारी और दिलदार अंसारी के नेतृत्व में महागामा शहर के विभिन्न हिस्सों में सफाई अभियान की शुरुआत की गई है। इस अभियान के तहत विशेष रूप से उन स्थानों पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है जहां लंबे समय से कचरे का अंबार जमा हो गया था, जिससे न सिर्फ वातावरण दूषित हो रहा था, बल्कि स्थानीय नागरिकों को भी भारी असुविधा हो रही थी। हालांकि अभियान की शुरुआत के दिन सुबह बारिश ने कुछ समय के लिए कार्यों में बाधा उत्पन्न की, लेकिन टीम ने परिस्थितियों से हार न मानते हुए प्राथमिकता के आधार पर सफाई कार्य को आगे बढ़ाया। नगर पंचायत की इस पहल को लेकर स्थानीय प्रशासन की सजगता स्पष्ट रूप से दिखाई दी, जब विधायक प्रतिनिधि विपिन बिहारी सिंह स्वयं निरीक्षण के लिए क्षेत्र में पहुंचे। उन्होंने अभियान की गंभीरता को समझते हुए न केवल इसकी सराहना की, बल्कि यह भी स्पष्ट किया कि स्वच्छता के इस अभियान में किसी भी तरह की लापरवाही या समझौते की कोई गुंजाइश नहीं है।

# मासिक लोक अदालत में 568 वादों का निष्पादन के साथ 23 करोड़ से अधिक की राशि का समझौता

निज संवाददाता | दुमका



दुमका व्यवहार न्यायालय परिसर में शुक्रवार को आयोजित मासिक लोक अदालत ने न्यायिक सुधार और जनहित में समाधान की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि दर्ज की। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में आयोजित इस लोक अदालत की अध्यक्षता प्रभारी प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष शत्रुंजय कुमार सिंह ने की। इस अवसर पर न्यायालय परिसर में एक विशेष न्यायिक वातावरण देखने को मिला, जहां लोगों के वर्षों से लंबित विवादों का शांतिपूर्ण और त्वरित समाधान सुनिश्चित किया गया। लोक अदालत के सफल आयोजन के लिए कुल दो न्यायिक बेंचों का गठन किया गया था। इन बेंचों ने न केवल न्यायालय में लंबित वादों की सुनवाई की, बल्कि दुमका जिले के विभिन्न विभागों में दर्ज फौजदारी प्रकृति के मामलों को भी आपसी सुलह और समझौते के माध्यम से सुलझाने का कार्य किया। यह लोक अदालत वैकल्पिक विवाद निपटान के सिद्धांतों पर आधारित थी, जिसमें न्यायिक प्रक्रिया को सरल, सहज और जनहितकारी बनाने का प्रयास किया गया। इस मासिक लोक अदालत में कुल 568 वादों का निष्पादन किया गया, जिसमें छोटे-बड़े सभी प्रकार के सिविल, क्रिमिनल कंपाउंडेबल, बैंक ऋण, बिजली बिल, आपसी विवाद, दुर्घटना मुआवजा जैसे विभिन्न मामलों को शामिल किया गया। इन मामलों के निपटारे के दौरान कुल 23 करोड़ 73 लाख 65 हजार 619 रुपये की राशि का आपसी समझौते के तहत निस्तारण किया गया। यह आंकड़ा यह दर्शाता है कि लोक अदालत केवल विवादों के समाधान का माध्यम नहीं, बल्कि आर्थिक पुनर्प्राप्ति का भी सशक्त जरिया बन रही है।

## मूसलाधार बारिश से जनजीवन प्रभावित

पथरगामा (नि.सं.)। प्रखंड में शुक्रवार को सुबह से जारी मूसलाधार बारिश ने पूरे इलाके को तरबतर कर दिया। भारी बारिश के चलते क्षेत्र की सभी नदियों के जलस्तर में अचानक वृद्धि देखने को मिली है। विशेष रूप से सोनारचक क्षेत्र से बहने वाली सापिन नदी उफान पर आ गई है, जिससे आसपास के ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। वहीं स्थानीय सूत्रों के अनुसार, सापिन नदी के जलस्तर में तेजी से वृद्धि होने के कारण कई खेतों और घरों को नुकसान पहुँचा है। नदी के किनारे स्थित कुछ इलाकों में जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो गई है, जिससे जनजीवन प्रभावित हो रहा है। बारिश के चलते कुछ ग्रामीण मार्गों पर आवाजाही भी बाधित हुई है। हालांकि, लंबे समय से झुलसा देने वाली गर्मी से परेशान लोगों ने इस बारिश को राहत के रूप में लिया है। वर्षा ने क्षेत्र की सूखी पड़ी जमीन को भी तरोताजा कर दिया है।

# आफ्टर केयर योजना पर जिलास्तरीय एकदिवसीय कार्यशाला आयोजित

निज संवाददाता | गोड्डा



गोड्डा में आफ्टर केयर योजना को लेकर आयोजित एकदिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला ने बाल संरक्षण और युवाओं के पुनर्वास के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण संवाद और जागरूकता की दिशा में कदम बढ़ाया। शुक्रवार को जिला बाल संरक्षण कार्यालय के सभागार में आयोजित इस कार्यशाला का उद्देश्य उन किशोरों और युवाओं को मुख्यधारा से जोड़ना था, जो बाल देखरेख संस्थानों में रहकर 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके हैं या करने वाले हैं। कार्यशाला का नेतृत्व सामाजिक सुरक्षा निदेशालय के सहायक निदेशक अभय कुमार झा ने किया, जबकि तकनीकी सहयोग 'सृजन फाउंडेशन' द्वारा प्रदान किया गया। कार्यशाला की शुरुआत जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी राजेश कुमार गुप्ता ने स्वागत भाषण और कार्यक्रम के उद्देश्यों की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए की। उन्होंने बताया कि आफ्टर केयर योजना का मकसद यह सुनिश्चित करना है कि बाल देखरेख संस्थानों में पले-बढ़े किशोर, बालिग होने के बाद भी सुरक्षित, आत्मनिर्भर और सम्मानजनक जीवन जी सकें। उन्होंने कहा कि यह योजना एक सेतु की तरह है, जो देखभाल और स्वावलंबन के बीच की दूरी को पाटने का कार्य करती है। तकनीकी सहयोगी संजय कुमार ने योजना के विभिन्न पहलुओं की जानकारी देते हुए बताया कि पात्र लाभार्थियों को न केवल एकमुश्त आर्थिक सहायता दी जाती है, बल्कि उन्हें प्रतिमाह 4000 की आर्थिक मदद भी प्रदान की जाती है, जिससे वे शिक्षा, प्रशिक्षण, स्वरोजगार या नौकरी की दिशा में आगे बढ़ सकें। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यह योजना केवल संस्थागत बच्चों तक सीमित नहीं है, बल्कि गैर-संस्थागत बच्चों को भी इसमें शामिल किया जा सकता है, जिससे समाज में हर जरूरतमंद युवा को समान अवसर मिल सके। संरक्षण अधिकारी ओम प्रकाश ने योजना की व्यापकता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आफ्टर केयर केवल एक आर्थिक सहायता योजना नहीं है, बल्कि यह युवाओं को मानसिक, सामाजिक और व्यावसायिक रूप से सशक्त करने की दिशा में एक ठोस प्रयास है। उन्होंने इसे सामाजिक पुनर्वास की एक क्रांतिकारी पहल बताया जो युवाओं को अपराध, भटकाव और उपेक्षा की संभावनाओं से दूर कर एक सकारात्मक जीवन पथ पर ले जाती है। कार्यशाला में बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष एवं सदस्यों ने भी अपने विचार साझा किए और इस योजना को जिले में प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए उपयोगी सुझाव दिए। उन्होंने सुझाव दिया कि योजना की जानकारी पंचायत स्तर तक पहुंचाई जाए, ताकि हर योग्य बच्चा इसका लाभ उठा सके। इसके अलावा योजना के तहत दी जाने वाली सेवाओं को बच्चों की आवश्यकताओं और परिस्थितियों के अनुरूप लचीला बनाया जाए। इस कार्यशाला में जिले के कई सामाजिक कार्यकर्ता, बाल संरक्षण से जुड़े कर्मचारी और स्वयंसेवी संगठनों के प्रतिनिधि मौजूद रहे, जिनमें मो॰ मुजफ्फर आलम, बिनय चौधरी, सालोमी किस्कू, विजय कुमार, मो॰ मेराज, रितेश, युगल, खुशबू, गौतम, फरीद, चाइल्ड हेल्पलाइन के जमील, प्रमोद, चंचल, करण और बीरेंद्र शामिल थे। इन सभी ने सामूहिक रूप से आफ्टर केयर योजना को धरातल पर प्रभावी ढंग से उतारने के लिए जिला प्रशासन के साथ समन्वय कर काम करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

## संक्षिप्त समाचार



### तिरुपति मंदिर परिसर में 10 मिनट तक नमाज पढ़ता रहा शख्स

**तिरुमाला, एजेंसी।** तिरुमाला में हिंदू मंदिर के पास हजरत टोपी पहनकर नमाज अदा करने का वीडियो सामने आने के बाद विवाद खड़ा हो गया है। लोगों का कहना है कि मंदिर के परिसर में नमाज पढ़ने से उनकी भावनाएं आहत हुई हैं। तिरुमाला कल्याण मंडपम के पास इस तरह से नमाज पढ़ने को लेकर लोग विरोध कर रहे हैं। तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम ने वायरल वीडियो सामने आने के बाद जांच शुरू कर दी है।

एक प्रत्यक्षदर्शी ने दावा किया कि शख्स लगभग 10 मिनट तक आराम से नमाज पढ़ता रहा। इसपर बहुत लोगों को आपत्ति थी लेकिन किसी ने विरोध नहीं किया। सीसीटीवी फुटेज में नमाज पढ़ने वाले शख्स का चेहरा भी दिखा है। इसके अलावा उसकी कार का नंबर भी ट्रैक भी नोट कर लिया गया है। इसके जरिए शख्स की तलाश करने की कोशिश की जा रही है। घटना के बाद इस तरह के संवेदनशील धार्मिक स्थान की सुरक्षा को लेकर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। वीडियो सामने आने के बाद श्रद्धालु बुरी तरह भड़के हैं। उनका कहना है कि थोड़े दिन पहले ही पहलगाम में आतंकी हमला हुआ है। इस तरह से मंदिर परिसर में नमाज अदा करना सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े करता है। टीटीडी इस मामले को सुलझाने में लगा हुआ है।

### हिमाचल प्रदेश: बिलासपुर में छात्राओं की यौन उत्पीड़न की शिकायत के बाद कॉलेज प्राचार्य गिरफ्तार

**बिलासपुर , एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर में 'बंदला हाइड्रो इंजीनियरिंग कॉलेज' के निदेशक सह प्राचार्य को, छात्राओं की ओर से यौन उत्पीड़न की शिकायत किए जाने के बाद पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। छात्रों ने बृहस्पतिवार को एक वीडियो वायरल होने के बाद आरोपी की तत्काल गिरफ्तारी की मांग करते हुए विरोध प्रदर्शन किया था। इस वीडियो में कथित तौर पर आरोपी अस्पताल में भर्ती छात्रा को कंबल के अंदर अनुचित तरीके से छूने की कोशिश करते हुए दिखाया गया था। पुलिस ने बताया कि यह कथित घटना मार्च 2024 की है। बिलासपुर के पुलिस अधीक्षक संदीप धवल ने शुक्रवार को 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और उसके खिलाफ यौन उत्पीड़न का मामला दर्ज किया गया है।

### मध्य मुंबई में एक दुकान में लगी आग, बुझाने के दौरान दमकलकर्मी घायल

**मुंबई , एजेंसी।** मध्य मुंबई के वर्ली स्थित गांधी नगर इलाके की एक दुकान में शुक्रवार तड़के आग लग गई, जिसे बुझाने के प्रयास में एक दमकलकर्मी घायल हो गया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी के अनुसार, दुकान में आग सुबह करीब चार बजकर 45 मिनट पर लगी। आग से दुकान में बिजली की वायरिंग, उपकरण, सामान, स्टेशनरी, कपड़े, कंप्यूटर और एक बाइक जलकर क्षतिग्रस्त हो गई। सूचना मिलते ही दमकल विभाग और पुलिस की टीम मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने का अभियान शुरू किया। इस दौरान दमकल विभाग के कर्मी अजिंद्र सावंत के हाथ में चोट लग गई। उन्हें तत्काल उपचार के लिए नायर अस्पताल ले जाया गया। अधिकारी ने बताया कि आग पर सुबह करीब सात बजकर 15 मिनट पर काबू पा लिया गया। आग लगने के कारणों का पता लगाने के लिए जांच की जा रही है।

### दिल्ली पुलिस ने 121 बांग्लादेशियों को हिरासत में लिया

**नईदिल्ली, एजेंसी।** राजधानी दिल्ली में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी नागरिकों के खिलाफ दिल्ली पुलिस का ऐक्शन लगातार जारी है। पुलिस द्वारा अब तक 121 अवैध प्रवासियों की पहचान और कानूनी प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। इसके बाद एफआरआरओ द्वारा उन्हें डिपोर्ट करने का आदेश दिया गया है। इसके साथ ही दिल्ली पुलिस ने देश में अवैध प्रवेश की सुविधा प्रदान करने वाले सिंडिकेट के खिलाफ नरेला औद्योगिक क्षेत्र थाने में एक एफआईआर भी दर्ज की है।

# 7200 टेस्ट हो चुके, दिन-रात युद्ध स्तर पर चल रही तैयारी

## इसरो ने 2025 को घोषित किया गगनयान वर्ष

**कोलकाता, एजेंसी।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के प्रमुख वी. नारायणन ने 2025 को गगनयान वर्ष घोषित करते हुए इसे इसरो के लिए बेहद अहम साल बताया है। उन्होंने कहा कि अब तक 7200 टेस्ट पूरे किए जा चुके हैं और करीब 3000 टेस्ट अभी बाकी हैं। इस समय गगनयान कार्यक्रम की तैयारियां दिन-रात युद्ध स्तर पर चल रही हैं। गगनयान कार्यक्रम को दिसंबर 2018 में मंजूरी मिली थी। इसका उद्देश्य भारत को मानव अंतरिक्ष उड़ान क्षमता प्रदान करना है। इस कार्यक्रम के तहत इंसानों को पृथ्वी की निचली कक्षा में भेजा जाएगा और दीर्घकालिक मानव अंतरिक्ष अन्वेषण के लिए आवश्यक तकनीकों को विकसित किया जाएगा।

वी. नारायणन ने कोलकाता में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान कहा, यह साल हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण है। हमने इसे 'गगनयान वर्ष' घोषित किया है। इंसानों को भेजने से पहले तीन मानव रहित मिशनों की योजना बनाई गई है, जिनमें से पहला मिशन इसी साल दिसंबर में लॉन्च होगा। उन्होंने बताया कि इसरो ने अब तक 7200 से अधिक टेस्ट पूरे कर लिए हैं और लगभग 3000 परीक्षण अभी शेष हैं और काम 24 घंटे चल रहा है।

इसरो प्रमुख ने हाल ही में पूरे हुए स्पैडेक्स मिशन की भी सराहना की। उन्होंने बताया कि इस तकनीकी प्रदर्शन मिशन के लिए केवल 10 किलो ईंधन निर्धारित किया गया था,



लेकिन यह मिशन महज 5 किलो ईंधन में सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया, जिससे शेष ईंधन का उपयोग आगामी प्रयोगों के लिए किया जा सकेगा। स्पैडेक्स मिशन, इसरो की वेबसाइट के अनुसार, एक किफायती तकनीकी प्रदर्शन मिशन है जिसमें दो छोटे सैटेलाइट को पीएसएलवी से प्रक्षेपित कर अंतरिक्ष में डॉकिंग तकनीक का प्रदर्शन किया गया।

वी. नारायणन ने आगे कहा कि 2025 में कई अहम मिशनों की योजना बनाई गई है। इसमें नासा-इसरो सिंथेटिक अपर्चर रडार सैटेलाइट भी शामिल है, जिसे भारत के स्वदेशी लॉन्च वाहन से लॉन्च किया जाएगा। इसके अलावा एक कॉमर्शियल मिशन और संचार सैटेलाइट भी इस साल के कार्यक्रम में शामिल हैं। उन्होंने बताया कि दिसंबर 2025 तक व्योममित्र नामक मानव जैसे रोबोट के साथ पहला मानव रहित मिशन लॉन्च किया जाएगा।

### अपना अंतरिक्ष स्टेशन कक्षा में स्थापित करने के लिए तैयारी कर रहा है इसरो: नारायणन

इसरो के अध्यक्ष वी. नारायणन ने बृहस्पतिवार को कहा कि संगठन खुद का अंतरिक्ष स्टेशन कक्षा में स्थापित करने के लिए तैयारी कर रहा है और यह भारत की अंतरिक्ष महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने की दिशा में एक बड़ी छलांग है। उन्होंने यह भी कहा कि अंतरिक्ष विभाग देश के नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न संगठनों के साथ मिलकर काम कर रहा है। नारायणन इस विभाग के सचिव भी हैं। उन्होंने यहां राममोहन मिशन के एक कार्यक्रम के दौरान पत्रकारों से कहा, उदाहरण के लिए हमारे देश को ही लें – हमारे पास 11,500 किलोमीटर लंबी तटरेखा है, और फिर उत्तरी सीमा है। हमें विशाल सीमा की निगरानी करनी होती है और सरकार हमारी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए लगन से काम कर रही है। नारायणन ने कहा, फिलहाल, कक्षा में हमारे 57 सैटेलाइट हैं, जो मौसम के पूर्वानुमान से लेकर सबसे दूरदराज के क्षेत्रों में शिक्षा पहुंचाने तक, विभिन्न मुद्दों पर ताजा जानकारी और डेटा प्रदान करके जनता की सेवा कर रहे हैं। उन्होंने पीएसएलवी–सी61 मिशन की हालिया विफलता को इसरो की कामयाबी में एक अपवाद बताया।

### नक्सलियों की जिस सोनू को संभालनी थी कमान, वह भी लगा रहा सरेंडर की गुहार




**नागपुर, एजेंसी।** होम मिनिस्टर अमित शाह ने नक्सलवाद के खात्मे के लिए 31 मार्च, 2026 की तारीख ही तय कर रखी है। उससे पहले नक्सलियों को खत्म करने के लिए अभियान तेज है और इसी सप्ताह सीपीआई माओवादी के महासचिव बसवराजू को एनकाउंटर में मार गिराया गया। बसवराजू पर डेढ़ करोड़ रुपये का इनाम घोषित था और वह फिलहाल नक्सलियों का शीर्ष कमांडर था। उसके मारे जाने के बाद से ही सीपीआई माओवादी को उसके विकल्प की तलाश है, लेकिन अब जिस एक बड़े नाम पर चर्चा है, उसके भी सरेंडर करने की उम्मीद है। यह नाम है- एम. वेणुगोपाल राव उर्फ सोनू। उसे उन नक्सलियों में से एक माना जा रहा था, जो अब कमान संभाल सकते हैं।

कहा जा रहा है कि 69 साल का सोनू अब पहले की तरह ऐक्टिव नहीं है। इसके अलावा वह अब पत्नी के रास्ते पर चलते हुए सरेंडर करके पुनर्वास कैंप में जाना चाहता है। तेलुगू ब्राह्मण परिवार से आना वाला सोनू बीकॉम की डिग्री ले चुका है। वह महाराष्ट्र के गढ़चिरौली से लेकर आंध्र प्रदेश और छत्तीसगढ़ तक में सक्रिय रहा है। उसके पास नक्सलियों की एलीट फोर्स कही जाने वाली सी-60 की कमान रही है, लेकिन अब वह आगे फाइट नहीं करना चाहता। यदि उसकी ओर से सरेंडर किया गया तो फिर देश में माओवाद को खत्म करने की दिशा में यह एक बड़ा कदम होगा। एक तरफ बसवराजू का मारा जाना और दूसरी तरफ सोनू का सरेंडर सुरक्षा बलों के लिए बड़ी जीत जैसा होगा।

## मालदीव में समुद्र किनारे शांति खोज रहे तेज प्रताप यादव ने लगाया ध्यान


**पटना, एजेंसी।** बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव और राबड़ी देवी के बड़े बेटे और पूर्व मंत्री तेज प्रकाश यादव विदेश यात्रा पर मालदीव गए हैं जहां से उनका समुद्र किनारे ध्यान लगाने का वीडियो आया है। राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के नेता तेज प्रकाश यादव ने खुद ही यह वीडियो अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर डाला है। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने 14 मई को तेज प्रताप यादव को 17 मई से 23 मई तक एक सप्ताह के मालदीव ट्रिप पर जाने की इजाजत दी थी। बिहार विधानसभा चुनाव से पहले तेज प्रताप यादव पर सबकी नजर है। भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) तेज प्रताप को भड़काने और तोड़ने की ताक में भी है।



तेज प्रताप यादव ने मालदीव में समुद्र किनारे बने हट (कुटिया) के बाहर ध्यान लगाने का वीडियो डाला है जिसके बैकग्राउंड में ओम नमः शिवाय का मंत्रोच्चार चल रहा है। उन्होंने इस वीडियो के साथ लिखा है- शांति जीवन में जरूरी चीज है। हम लगातार शांति खोजते हैं क्योंकि इसके बिना जीवन में अफरातफरी मच जाती है। ध्यान और आत्मचिंतन से हमें अपनी सोच और भावनाओं की गहरी समझ आती है। इससे अपार खुशी मिलती है और लगता है कि कुछ पूरा हुआ।

## तमिलनाडु में पक्षियों की लुप्तप्राय 26 प्रजातियां दर्ज की गई

**चेन्नई, एजेंसी।** तमिलनाडु में मौजूद पक्षियों की 37 लुप्तप्राय प्रजातियों में से 26 और 17 निशाचर पक्षी प्रजातियों को राज्यव्यापी समन्वित पक्षी गणना 2025 के दौरान दर्ज किया गया। इस वर्ष, वार्षिक पक्षी गणना में लुप्तप्राय पक्षियों और निशाचर पक्षियों के दस्तावेजीकरण पर विशेष जोर दिया गया।



दो चरणों वाली गणना के दौरान तमिलनाडु में मौजूद लुप्तप्राय पक्षियों की 37 प्रजातियों में से 26 और 17 निशाचर पक्षी प्रजातियों को दर्ज किया गया। तमिलनाडु में आठ और नौ मार्च को आर्द्रभूमि पक्षियों (अंतरदेशीय और तटीय आर्द्रभूमि दोनों) और 15 और 16 मार्च को स्थलीय पक्षियों (संरक्षित क्षेत्रों के अंदर और बाहर दोनों) के लिए समन्वित पक्षी गणना की गई। आर्द्रभूमि पक्षियों की गणना 934 स्थानों पर की गई और अनुमान के अनुसार 397 पक्षी प्रजातियों के 5,52,349 पक्षियों की गणना की गई। प्रधान मुख्य वन संरक्षक और मुख्य वन्यजीव वार्डन श्रीनिवास आर रेड्डी की ओर से जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि इनमें से 1,13,606 पक्षी प्रवासी पक्षी थे और गिनती किए गए पक्षियों में से 49 प्रतिशत तटीय जिलों से थे। स्थलीय पक्षी गणना 1,093 स्थानों पर की गई और 401 पक्षी प्रजातियों के 2,32,519 पक्षियों की गणना की गई। इनमें से 1,13,606 पक्षी प्रवासी पक्षी थे।

## हिमाचल में फिर गिरेंगे ओले, 25 मई तक येलो और ऑरेंज अलर्ट जारी

**शिमला, एजेंसी।** हिमाचल में इस हफ्ते मौसम में बड़ा बदलाव देखा जाएगा। मौसम विभाग ने अगले 25 मई तक हिमाचल प्रदेश के कई हिस्सों में आंधी के साथ बारिश का येलो और ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। 24 से 27 मई के दौरान हिमाचल प्रदेश के मध्य और निचले पर्वतीय या मैदानी क्षेत्रों में कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है।

मौसम विभाग ने अगले 24 घंटे के दौरान हिमाचल प्रदेश के चंबा, कांगड़ा, कुल्लू, मंडी, शिमला और सिरमौर जिलों के अलग-अलग हिस्सों में गरज चमक के साथ बारिश और वज्रपात का येलो अलर्ट जारी किया है। इस दौरान 40 से 50 किमी प्रति घंटे की स्पीड में हवाएं चलने की संभावना है। 22 मई को सूबे में बारिश नहीं होने का अनुमान है। लेकिन 23 मई को एकबार फिर इन्हीं जिलों में गरज चमक के साथ बारिश देखी जाएगी।



मौसम विभाग ने 23 मई को हिमाचल के चंबा, कांगड़ा, कुल्लू, मंडी, शिमला और सिरमौर जिलों के अलग-अलग हिस्सों में गरज चमक और 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटा की स्पीड वाली तेज हवाओं के साथ बारिश और वज्रपात का येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग की मानें तो 24 और 25 मई को हिमाचल प्रदेश में मौसम ज्यादा खराब रहेगा। इस दिन सूबे के कई हिस्सों में ओले भी गिरने का अनुमान है।

मौसम विभाग ने 24 मई को उना, बिलासपुर, हमीरपुर, कांगड़ा, कुल्लू, मंडी और शिमला जिलों के अलग-अलग हिस्सों में आंधी-तूफान के साथ ओले गिरने और बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इस दौरान हवा की स्पीड 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे रहने की संभावना है। वहीं चंबा, सोलन, सिरमौर, किन्नौर और लाहौल स्पीति में आंधी के साथ बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। इस दौरान हवा की स्पीड 40 से 50 किमी प्रति घंटे तक देखी जा सकती है।

मौसम विभाग ने 25 मई को उना, बिलासपुर, हमीरपुर, कांगड़ा, कुल्लू, मंडी और शिमला जिलों के अलग-अलग हिस्सों में आंधी-तूफान के साथ बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इस दौरान 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की स्पीड से हवाएं चलने की संभावना है। दूसरी ओर चंबा, सोलन, सिरमौर, किन्नौर और लाहौल स्पीति में 40 से 50 किमी प्रति घंटे की स्पीड में हवाएं चलने के साथ बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है।

### रॉयल बंगाल टाइगर को पीट-पीटकर मार डाला, कान और पूंछ काटकर ले गए लोग

**गोलाघाट, एजेंसी।** असम के गोलाघाट इलाके में लोगों ने रॉयल बंगाल टाइगर को पीट-पीटकर मौत के घाट उतार दिया। स्थानीय अधिकारियों के मुताबिक गुरुवार को खुमताई इलाके के दुमुखिया गांव में एक रॉयल बंगाल टाइगर घुस आया, जिसके बाद ग्रामीणों ने मिलकर धारदार हथियारों से नर बाघ को मार डाला। मारने के बाद कई लोग उसके शरीर के हिस्सों को भी अपने साथ ले गए। अधिकारियों के मुताबिक बाघ ने कुछ दिन पहले ही गांव के कुछ लोगों के ऊपर हमला कर दिया था। इस बात से गुस्साए गांव वालों ने बाघ को नर भक्षी समझकर मार डाला। फिलहाल टीम ने शव को अपने कब्जे में ले लिया है। शव की जांच करने पर पता चला कि उसमें से कुछ अंग जैसे की पूंछ और कान और एक पैर इसके अलावा त्वचा का एक हिस्सा और कुछ मांस गायब था। रिपोर्ट्स के मुताबिक गांव के पास में मौजूद बाघ को ग्रामीणों ने अलग-अलग तरफ से घेर लिया और उसका पीछा किया। इसके बाद वह लाठी, डंडा, कुल्हाड़ी और रॉड जैसे हथियारों से उसके ऊपर टूट पड़े। अधिकारियों के मुताबिक हमले की सूचना मिलते ही वन्य अधिकारियों की एक टीम मौके पर पहुंची लेकिन उसके पहले ही बाघ को मार दिया गया था। मौके पर पहुंचे वन्य अधिकारियों को देखकर ग्रामीण भी मौके से फरार हो गए। इसके बाद वन विभाग ने मामला दर्ज कर लिया।

## अंग्रेजी ही जरूरी कर दो, हिंदी बोलने पर नहीं मिली पार्किंग की जगह

### इंजीनियर की पोस्ट पर छिड़ी बहस

**बेंगलुरु, एजेंसी।** भाषा विवाद के बीच बेंगलुरु के एक वायके ने एक बार फिर बहस छेड़ दी है। गूगल के एक इंजीनियर ने दावा किया है कि उन्हें पार्किंग का स्पेस इसलिए नहीं दिया गया क्योंकि वह कन्नड़ की जगह हिंदी भाषा में बोल रहे थे। उन्होंने सोशल मीडिया पर अपनी पोस्ट में कहा कि कम से कम अंग्रेजी को पूरे देश में अनिवार्य कर देना चाहिए। इससे भाषा की समस्या ही खत्म हो जाएगी और कम्युनिकेशन आसान हो जाएगा।

अर्पित भायानी ने अपनी लिंक्डइन आईडी पर लिखा, आज मुझे केवल इसलिए पार्किंग की जगह नहीं दी गई क्योंकि मैंने हिंदी में बात की थी। उन्होंने कहा, हर जगह भाषा और संस्कृति को बचाने की बात हो रही है। महाराष्ट्र, कर्नाटक और अन्य राज्यों में खूब बहस हो रही है। लेकिन क्या आप अपने बच्चों का ऐडमिशन क्षेत्रीय भाषा वाले स्कूल में करवा रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि आज की पीढ़ी अंग्रेजी में बात करने में ज्यादा सहज महसूस करती है। बहुत सारे लोग अंग्रेजी में ही सोचते हैं और टाइप अंग्रेजी में ही करते हैं। उन्होंने कहा, हम अंग्रेजी से घिरे हुए हैं। ऐसे में अंग्रेजी को ही अनिवार्य भाषा क्यों नहीं बना दिया जाता। मैं ज्यादा बहस नहीं करना चाहता लेकिन अंग्रेजी ऐसी भाषा है जिसमें सबको आसानी होती है और बातचीत में आसानी होगी। हमारा जीवन इससे काफी आसान हो जाएगा।

भायानी ने कहा कि अगर इस तरह के मुद्दों का हल निकाल आए तो लोगों का ध्यान असली समस्याओं पर जाएगा जिसमें रोजगार, शिक्षा, शोध, इनोवेशन और सफाई शामिल है। सोशल मीडिया पर एक यूजर ने पूछा, आपने फिर उस शख्स से अंग्रेजी में बात क्यो नहीं की? भायानी ने जवाब दिया, मैंने बात की थी लेकिन उससे पहले मैं हिंदी बोल चुका था। मैं इस मामले को बहुत बढ़ाना नहीं चाहता था। काम बहुत है भाई लाइफ में। मैंने अपनी गाड़ी 15 मीटर दूर खड़ी कर दी और अपना काम कर लिया।

एक अन्य यूजर ने कहा, भारत में लोग फ्रेंच



या जर्मन बोलने को तो कहते नहीं हैं। वे तो केवल स्थानीय भाषा की वकालत करते हैं। इसमें इतना बवाल क्यों करना। इसपर भायानी ने कहा, मैंने उसे कब हिंदी बोलने के लिए मजबूर किया था। मैंने हिंदी में बोला और उसने नहीं जाने दिया। उसने मुझसे कन्नड़ में बोलने को कहा। मैंने हिंदी में निवेदन किया और उसने इनकार कर दिया। उसने कन्नड़ में गुस्से में कुछ कहा मैं चुपचाप हट गया। बिल्कुल रिस्क नहीं लेने का।

बता दें कि इससे पहले एसबीआई अधिकारियों के कथित ट्रांसफर को लेकर भी मामला सामने आया था। एक वीडियो वायरल हो रहा था जिसमें एसबीआई का अधिकारी ग्राहक से कन्नड़ में बात करने से इनकार कर रहा था। वीडियो वायरल होने के बाद कर्मचारी का ट्रांसफर दूसरी ब्रांच में कर दिया गया।

### झारखंड में धान बेचने वाले हजारों किसानों के 290 करोड़ बकाया, सरकार को आंदोलन की चेतावनी

**रांची, एजेंसी।** झारखंड के 25 हजार से ज्यादा किसानों के चेहरे पर मायूसी है। ये वो किसान हैं, जिन्होंने सरकारी पैक्स में पांच से छह महीने पहले धान बेचा लेकिन उन्हें इसके एवज में बकाया राशि का अब तक भुगतान नहीं हुआ है। सरकार के पास किसानों के करीब 290 करोड़ रुपए बकाया हैं। करीब पांच हजार किसान ऐसे हैं, जिन्हें अब तक बेची गई फसल के बदले एक रुपए का भी भुगतान नहीं मिला है। किसानों के एक बड़े समूह ने पंद्रह दिनों में राशि का भुगतान न होने पर रांची में राजभवन के समक्ष भूख हड़ताल पर बैठने की चेतावनी दी है। राज्य के सभी जिलों में ऐसे किसानों की संख्या हजारों में है, जिन्हें धान बेचने के बाद पहली किस्त के रूप में 50 फीसदी राशि का भुगतान हुआ, लेकिन दूसरी और तीसरी किस्त की राशि अब भी बकाया है। सरकारी स्तर पर धान खरीद के जो नियम तय किए गए हैं, उसके अनुसार 72 घंटे के अंदर पहली किस्त के रूप में बेचे गए अनाज की आधी रकम का भुगतान कर दिया जाना है। दूसरी किस्त का भुगतान एक सप्ताह के अंदर करने का नियम है, लेकिन ऐसा हो नहीं पाया।

इस वर्ष राज्य सरकार की ओर से सभी जिलों में बनाए गए सरकारी क्रय केंद्रों पर 30 अप्रैल तक धान की खरीदारी की गई। सरकार ने पूरे राज्य में 60 लाख क्विंटल धान की खरीदारी का लक्ष्य तय किया था, लेकिन निर्धारित समय सीमा पूरी होने के बाद लक्ष्य के विरुद्ध 69 फीसदी खरीदारी हुई। इस वर्ष किसानों को प्रति क्विंटल धान पर बोनस सहित 2400 रुपये प्रति क्विंटल की दर से भुगतान किया जाना है। साढ़े चार माह के दौरान सरकार ने 58,860 किसानों से 40.08 लाख क्विंटल धान की खरीदारी की है। इसके एवज में किसानों को कुल 962.10 करोड़ रुपये की राशि का भुगतान किया जाना चाहिए, लेकिन अब तक लगभग 670 करोड़ का ही भुगतान हो पाया है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## शुभमन गिल को मिल सकती है भारतीय टेस्ट टीम की कप्तानी, इंग्लैंड दौरे के लिए दौड़ में सबसे आगे



**मुंबई, एजेंसी।** विराट कोहली और रोहित शर्मा के संन्यास के बाद भारतीय क्रिकेट में बदलाव के नए दौर की शुरूआत होगी जब पांच टेस्ट मैचों के इंग्लैंड दौरे के लिए राष्ट्रीय चयनकर्ता शनिवार को नए टेस्ट कप्तान का चयन करेंगे। इंग्लैंड दौरे के साथ ही विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के नए चक्र का आगाज होगा और 25 बरस के शुभमन गिल कप्तानी की दौड़ में सबसे आगे हैं। ऑस्ट्रेलिया के पिछले दौरे पर जसप्रीत बुमराह उप-कप्तान थे और उन्हें ही कप्तानी सौंपी जानी चाहिए थी लेकिन उनकी फिटनेस और कार्यभार प्रबंधन को देखते हुए वह दौड़ में पिछड़ सकते हैं। ऋषभ पंत आईपीएल में पूरी तरह से नाकाम रहे लेकिन टेस्ट प्रारूप में बदलाव के दौर से गुजरने जा रही भारतीय टीम का वह अभिन्न अंग होंगे और उन्हें उप-कप्तान बनाया जा सकता है। कप्तान के अलावा टीम में ज्यादा बदलाव की संभावना नहीं है। विराट और रोहित के जाने से खालीपन पैदा हुआ है जिससे केएल राहुल जैसे बल्लेबाजों से उम्मीदें बढ़ जाएंगी। राहुल और यशस्वी जायसवाल 20 जून से लीड्स में शुरू हो रहे पहले टेस्ट में पारी का आगाज कर सकते हैं। आईपीएल में शानदार प्रदर्शन करने वाले साई सुदर्शन रिजर्व सलामी बल्लेबाज हो सकते हैं।

अब देखना यह है कि अतिरिक्त विशेषज्ञ बल्लेबाज के तौर पर करूण नायर, सरफराज खान या श्रेयस अय्यर में से किसी को चुना जाता है क्या। रविचंद्रन अश्विन के संन्यास के बाद रविंद्र जडेजा प्रमुख स्पिनर होंगे लेकिन यह भी देखना होगा कि इंग्लैंड के हालात को देखते हुए क्या दो या तीन स्पिनरों को उतारा जा सकता है। अगर दो को चुना जाता है तो वॉशिंगटन सुंदर को कुलदीप यादव पर तरजीह मिल सकती है।

विकेटकीपिंग में पंत पहली पसंद होंगे और रिजर्व के तौर पर ध्रुव जुरेल को चुना जा सकता है। तेज गेंदबाजी में बुमराह क्या पांच मैचों तक फिट रह पायेंगे, यह एक सवाल है। मोहम्मद शमी की फिटनेस को लेकर भी संदेह है। मोहम्मद सिराज तीसरे तेज गेंदबाज होंगे लेकिन अगर पांच तेज गेंदबाजों को चुना जाता है तो प्रसिद्ध कृष्णा, आकाश दीप और अर्शदीप सिंह चुने जा सकते हैं।

## आईपीएल 2025: हमारे पास प्लेऑफ में जाने के मौके थे, गुजरात पर जीत के बाद छलका पंत का दर्द



**अहमदाबाद, एजेंसी।** लखनऊ सुपर जाइंट्स के कप्तान ऋषभ पंत ने स्वीकार किया कि उनकी टीम ने आईपीएल 2025 में कई मौकों पर अच्छा प्रदर्शन तो किया लेकिन मौके भुना नहीं सकी जिससे प्लेआफ की दौड़ से बाहर होना पड़ा। लखनऊ को प्रदर्शन में निरंतरता का खामियाजा भुगतना पड़ा और कई करीबी मुकाबलों में उसे पराजय भी मिली। पंत ने गुजरात टाइटंस पर 33 रन से जीत के बाद कहा, 'हम अच्छा क्रिकेट खेलने की बात करते हैं और हमने कई मौकों पर खेला भी। टूर्नामेंट में ऐसा भी समय आया जब हमारे पास प्लेऑफ में पहुंचने का मौका था लेकिन हम पहुंच नहीं सके। लेकिन यह खेल का हिस्सा है। उन्होंने दोहराया कि प्रमुख गेंदबाजों की चोट से उनका आक्रमण कमजोर हुआ। लखनऊ ने सत्र में अपने अभियान का आगाज मोहसिन खान, आवेश खान, आकाश दीप और मयंक यादव के बिना किया। शार्दुल ठाकुर को सत्र के बीच में शामिल किया गया जबकि आवेश और आकाश ने वापसी की। मयंक दो मैच खेलने के बाद बाहर हो गए। पंत ने कहा, 'टूर्नामेंट की शुरूआत में कई फिटनेस समस्याएं थी। हमने तय किया था कि इस पर बात नहीं करेंगे। फील्डिंग में हमे कमी खली। हम बहाने नहीं बना सकते।

# श्रीलंका के एंजेलो मैथ्यूज ने टेस्ट क्रिकेट को कहा अलविदा

## 118 मैच, 15 साल से ज्यादा का करियर...



**नई दिल्ली, एजेंसी।** श्रीलंका के महानतम क्रिकेटर्स में शुमार एंजेलो मैथ्यूज ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा कर दी है. मैथ्यूज ने कहा कि वो अपना आखिरी टेस्ट मैच जून में बांग्लादेश के खिलाफ खेलेंगे. यह मुकाबला 17 से 21 जून तक गॉल में खेला जाना है.

मैथ्यूज ने सोशल मीडिया पर 23 मई (शुक्रवार) को एक इमोशनल पोस्ट शेयर करके इस बात की जानकारी दी. मैथ्यूज ने स्पष्ट किया कि वो व्हाइट बॉल क्रिकेट खेलते रहेंगे. लगभग 16 साल लंबे अपने टेस्ट करियर में मैथ्यूज ने न केवल बल्ले से, बल्कि अपनी कप्तानी से भी श्रीलंकाई फैन्स के दिलों में खास जगह बनाई है.

**मैंने क्रिकेट को अपना सब कुछ दिया...** एंजेलो मैथ्यूज ने ह्र पर लिखा, अब समय आ गया है कि मैं क्रिकेट के सबसे पसंदीदा फॉर्मेट, इंटरनेशनल टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कहूं. पिछले 17 सालों से श्रीलंका के लिए क्रिकेट खेलना मेरे जीवन का सबसे बड़ा सम्मान और गर्व की बात रही है. जब कोई खिलाड़ी राष्ट्रीय टीम की जर्सी पहनता है, तो जो देशभक्ति और सेवा की भावना होती है, उसकी तुलना किसी चीज से नहीं की जा सकती. मैंने क्रिकेट को अपना सब कुछ दिया है और बदले में क्रिकेट ने भी मुझे बहुत कुछ दिया, मुझे वो इंसान बनाया जो मैं आज हूं. उन्होंने आगे लिखा, मैं इस खेल के प्रति आभारी हूं और उन हजारों श्रीलंकाई क्रिकेट फैन्स का दिल से धन्यवाद करता हूं जो मेरे करियर के उतार-चढ़ाव में हमेशा मेरे साथ खड़े रहे.

जून में बांग्लादेश के खिलाफ होने वाला पहला टेस्ट मैच मेरे टेस्ट करियर का आखिरी मुकाबला होगा. जैसा कि चयनकर्ताओं से बात हुई है, मैं टेस्ट क्रिकेट से विदाई के बाद व्हाइट बॉल क्रिकेट में चयन के लिए उपलब्ध रहूंगा, अगर मेरे देश को मेरी जरूरत होगी. मैथ्यूज लिखते हैं, मुझे भरोसा है कि यह टेस्ट टीम एक प्रतिभाशाली टीम है, जिसमें भविष्य और मौजूदा दौर के कई महान खिलाड़ी हैं. मुझे लगता है कि यह सही समय है जब किसी युवा खिलाड़ी को मौका दिया जाए, ताकि वह देश के लिए चमक सके. मैं ईश्वर का, अपने माता-पिता का, अपनी पत्नी और बच्चों का, अपने पूरे परिवार व करीबी दोस्तों का धन्यवाद करता हूं जिन्होंने मुझ पर हमेशा भरोसा किया और हर हाल में मेरा साथ दिया. साथ ही मैं श्रीलंका क्रिकेट और सभी कोचों को भी खास धन्यवाद देना चाहता हूं, जिन्होंने मेरे करियर के दौरान मेरा हमेशा सहयोग किया. एक अध्याय खत्म हो रहा है, लेकिन खेल के प्रति मेरा प्यार हमेशा बना रहे.

आईपीएल 2025:

# 11 साल में पहली बार शीर्ष दो में रहने पर पंजाब की नजरें



**जयपुर, एजेंसी।** एक दशक की नाकामी के बाद सफलता की नयी दास्तान लिख रही पंजाब किंग्स इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में शनिवार को दिल्ली कैपिटल्स का सामना करेगी तो उसकी नजरें 11 साल में पहली बार शीर्ष दो में जगह बनाने पर लगी होंगी। इससे पहले 2014 सत्र में पंजाब टीम लीग में शीर्ष पर रही थी लेकिन फाइनल में हार गई।

पंजाब पिछले 18 साल के लीग के इतिहास में एक बार और ही प्लेऑफ में पहुंच सकी है। 11 बरस का इंतजार खत्म करने के बाद अब पंजाब की नजरें शीर्ष दो में रहने पर ही नहीं बल्कि एक और फाइनल खेलकर पहला खिताब जीतने पर लगी है। आत्मविश्वास से ओतप्रोत पंजाब टीम के हौसले और बढ गए जब उसके विदेशी खिलाड़ी मार्कस स्टोइनिस, जोश इंगलिस, आरोन हार्डी और काइल जैमीसन तीन दिन पहले टीम से जुड़े। ये चारों चयन के लिए उपलब्ध होंगे जब उनकी टीम मुंबई इंडियंस से हारकर यहां पहुंची दिल्ली का सामना करेगी।

भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य टकराव के कारण लीग एक सप्ताह के लिए स्थगित होने के बाद ये विदेशी खिलाड़ी स्वदेश लौट गए थे। पंजाब और दिल्ली के बीच आठ मई को धर्मशाला में मैच पहली पारी के बाद बीच में रद्द कर दिया गया था। टूर्नामेंट बहाल होने के बाद पंजाब टीम ने अपने विदेशी खिलाड़ियों को वापिस बुला लिया।

आईपीएल प्लेआफ में तीन अलग-अलग टीमों की कप्तानी करने वाले पहले कप्तान बने पंजाब के श्रेयस अय्यर पर काफी दारोमदार होगा जो बतौर कप्तान अपना शानदार फॉर्म कायम रखना चाहेंगे। पिछले साल कोलकाता नाइट राइडर्स को खिताब दिलाने वाले अय्यर 2019 और 2020 में दिल्ली को प्लेआफ तक ले जा चुके हैं। दिल्ली की टीम 2020 में उनकी कप्तानी में फाइनल में पहुंची थी।

पंजाब के लिए प्रभसिमरन सिंह (458 रन), अय्यर (435 रन), प्रियांश आर्य (356 रन), अर्शदीप सिंह (11 विकेट) और युजवेंद्र चहल (13 विकेट) ने शानदार प्रदर्शन किया है। दूसरी ओर दिल्ली कैपिटल्स को कई मौके मिले लेकिन प्रदर्शन में निरंतरता का अभाव साफ नजर आया। तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क के लौट जाने से भी उसके प्रदर्शन पर असर पड़ा। अब टीम जीत के साथ टूर्नामेंट से विदा लेना चाहेगी।

**टीमें:**

**पंजाब किंग्स:**


श्रेयस अय्यर (कप्तान), युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह, मार्कस स्टोइनिस, नेहल वढेरा, ग्लेन मैक्सवेल, विशाक विजयकुमार, यश ठाकुर, हरप्रीत बराड़, विष्णु विनोद, मार्को जानसन, लॉकी फर्ग्यूसन, जोश इंगलिस, जेवियर बार्टलेट, कुलदीप सेन, पायला अविनाश, सूर्यांश शेडगे, मुशीर खान, हरनूर पन्नू, आरोन हार्डी, प्रियांश आर्य, अजमतुल्लाह उमरजई।

**दिल्ली कैपिटल्स:**

अक्षर पटेल (कप्तान), जेक फ्रेजर-मैकगर्क, अभिषेक पोरेल, करुण नायर, लोकेश राहुल, ट्रिस्टन स्टब्स, आशुतोष शर्मा, विपराज निगम, मिचेल स्टार्क, कुलदीप यादव, मोहित शर्मा, मुकेश कुमार, समीर रिजवी, दर्शन नालकंडे, डोनोवन फरेरा, त्रिपुराना विजय, दुष्मंता चमीरा, फाफ डु प्लेसी, टी नटराजन, अजय जादव मंडल, मनवंत कुमार एल और माधव तिवारी।
समय : शाम 7 :30 बजे।

पंजाब किंग्स में संकट

## टीम के सह-निदेशकों के खिलाफ कोर्ट पहुंचीं प्रीति जिंटा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** पंजाब किंग्स में मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। टीम के मालिकों के बीच विवाद छिड़ गया है। टीम की सह-मालकिन प्रीति जिंटा अदालत पहुंच गई हैं। उन्होंने टीम के सह निदेशकों मोहित बर्मन और नेस वाडिया के खिलाफ चंडीगढ़ की एक अदालत में लीगल केस दायर किया है। यह मामला ऐसे समय सामने आया है, जब इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 में टीम शानदार फॉर्म में है।

श्रेयस अय्यर की अगुआई में पंजाब किंग्स प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई कर चुकी है। उसके 12 मैच में 17 अंक हैं और वह आईपीएल 2025 की अंक तालिका में तीसरे स्थान पर है। उसके अभी दो मुकाबले बाकी हैं। उसे अब 24 मई को दिल्ली कैपिटल्स और 26 मई को मुंबई इंडियंस से भिड़ना है। मुंबई इंडियंस भी आईपीएल 2025 प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई कर चुकी है। दिल्ली कैपिटल्स बाहर हो चुकी है। पंजाब किंग्स की नजर दोनों मैच जीतकर अंक तालिका में शीर्ष पर रहते हुए नॉकआउट चरण में प्रवेश करने पर है। आईपीएल 2014 के बाद से यह पहली बार है जब पंजाब प्लेऑफ में पहुंची है। अब उसकी नजर खिताब का सूखा खत्म करने और अपनी पहली आईपीएल ट्रॉफी जीतने पर होगी।

**विशेष आम बैठक की वैधता को दी चुनौती**

प्रीति जिंटा की ओर से दायर याचिका में 21 अप्रैल को आयोजित विशेष आम बैठक की वैधता को चुनौती दी गई है। आरोप लगाया गया है कि टीम के अन्य सह निदेशकों ने नियमों का उल्लंघन करते हुए बैठक की। बॉलीवुड स्टार प्रीति जिंटा, मोहित बर्मन और नेस वाडिया केपीएच ड्रीम क्रिकेट प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक हैं। यही कंपनी इंडियन प्रीमियर लीग की फ्रेंचाइजी पीबीकेएस (पंजाब किंग्स) की मालिक है।

## अंपायर या चीयरलीडर, IPL टूर्नामेंट में ज्यादा कौन कमाता है? इनकी सैलरी जानकर उड़ जाएंगे होश



**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग केवल एक टूर्नामेंट नहीं, बल्कि एक बिजनेस मॉडल भी है. इस खेल में टीम के मालिकों के साथ ही खिलाड़ी भी करोड़ों रुपये कमाते हैं. वहीं चीयरलीडर्स और अंपायर को भी खूब पैसा मिलता है. टीम के खिलाड़ियों की नीलामी लगती है, जिससे उन्हें मिलने वाली रकम का खुलासा हो जाता है. लेकिन क्या आप जानते हैं कि चीयरलीडर्स और अंपायर को एक मैच के लिए कितने रुपये मिलते हैं.

**चीयरलीडर्स की एक आईपीएल मैच की सैलरी:** आईपीएल मैच के दौरान चौके-छक्के पड़ने पर या किसी टीम की विकेट गिरने पर चीयरलीडर्स अपनी-अपनी टीम को सपोर्ट करती नजर आती हैं. सभी टीमों की चीयरलीडर्स की सैलरी अलग-अलग होती है. सभी फ्रेंचाइजी अपने-अपने मुताबिक इनकी सैलरी निर्धारित करती हैं. चीयरलीडर्स आईपीएल के एक सीजन से दो से चार लाख रुपये तक कमा सकती हैं. आईपीएल में जहां कोई टीम अपनी चीयरलीडर्स को एक मैच के लिए 14 हजार रुपये के करीब देती हैं. वहीं कोई टीम 24 हजार रुपये तक भी देती है. इस तरह टीम के मुताबिक चीयरलीडर्स को अलग-अलग पैसे मिलते हैं.

**अंपायर को मिलते हैं इतने रुपये:** अंपायर का काम मैच को सही तरीके से चलाने का होता है और ये मैच में निर्णायक भूमिका निभाते हैं. अंपायरों का काम चीयरलीडर्स की तुलना में ज्यादा होता है और इसी वजह से इनकी सैलरी भी ज्यादा होती है. आईपीएल 2019 में सबसे प्रमुख अंपायर जवागल श्रीनाथ को 52.45 लाख रुपये मिले थे. वहीं मनु नायर को आईपीएल में अंपायरिंग करने के लिए 41.96 लाख रुपये मिल चुके हैं. आईपीएल मैच में फर्स्ट अंपायर के निर्णय को बदलने के लिए रिव्यू भी लिया जा सकता है, जिसे डीआरएस कहते हैं. फील्ड अंपायर के निर्णय को थर्ड अंपायर बताता है.

इंडिया वर्सेस इंग्लैंड:

# टीम इंडिया को बड़ा झटका, मोहम्मद शमी का इंग्लैंड टेस्ट सीरीज में खेलना मुश्किल

## मेडिकल टीम ने बीसीसीआई को दी अहम जानकारी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देवेंद्र पांडे। इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैच की टेस्ट सीरीज के लिए टीम का चयन करने को लेकर भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के पास अब बस कुछ ही दिन बचे हैं।

पता चला है कि सीनियर चयन समिति तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को दौरे से बाहर कर सकती है। बीसीसीआई की मेडिकल टीम ने बोर्ड को सूचित किया है कि 34 वर्षीय तेज गेंदबाज लंबे स्पैल नहीं कर पाएंगे। उनके सभी पांच टेस्ट मैच खेलने की संभावना भी बहुत कम है।

### शमी को लेकर दुविधा में चयनकर्ता

मोहम्मद शमी को भारतीय टीम के साथ ले जाने और उन्हें कुछ मुकाबलों में खिलाने पर विचार-विमर्श किया गया। चूंकि जसप्रीत बुमराह ने पहले ही बीसीसीआई को सूचित कर दिया है कि उनका शरीर तीन टेस्ट मैच से अधिक नहीं झेल सकता है। ऐसे में चयन समिति इस दुविधा में है कि क्या इसी तरह के अनिश्चित गेंदबाज को टीम में शामिल किया जाए, जो शायद कुछ ही मैच खेल पाए। इससे भारतीय टीम की योजना भी प्रभावित होती है।



### लंबे स्पैल गेंदबाजी करने वाले खिलाड़ी की मांग

पता चला है कि चयनकर्ता भारतीय टीम में फिट गेंदबाजों को शामिल करना चाहते हैं, जो जरूरत पड़ने पर लंबे स्पैल में बॉलिंग कर सकें। एक सूत्र ने बताया, 'शमी आईपीएल 2025 में सनराइजर्स हैदराबाद के लिए 4 ओवर गेंदबाजी कर रहे हैं। बोर्ड और चयनकर्ताओं को नहीं पता कि वह एक दिन में 10 ओवर से ज्यादा गेंदबाजी कर सकते हैं या नहीं। इंग्लैंड में टेस्ट मैच में तेज गेंदबाजों से लंबे स्पैल की मांग हो सकती है। हम कोई जोखिम नहीं उठा सकते।'

### अर्शदीप सिंह या अंशुल कम्बोज को मिल सकता है मौका

मोहम्मद शमी ने अपना आखिरी टेस्ट मैच जून 2023 में भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल के दौरान ओवल में खेला था।

शमी के बाहर होने से बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह या हरियाणा के दाएं हाथ के तेज गेंदबाज अंशुल कम्बोज के लिए जगह खुल सकती है। अंशुल कम्बोज ने 22 प्रथम श्रेणी मैच में 74 विकेट लिए हैं। अर्शदीप सिंह खासतौर पर काउंटी क्रिकेट के अपने पिछले सीजन के अनुभव को देखते हुए डार्क हॉर्स साबित हो सकते हैं। तब उन्होंने केंट का प्रतिनिधित्व किया था। चयन समिति ने इंग्लैंड दौरे के लिए पहले ही इंडिया ए टीम के लिए कम्बोज को चुन लिया था।



इंग्लैंड वर्सेस जिम्बाब्वे:

# जिम्बाब्वे के खिलाफ शतक लगाते ही इंग्लैंड के ओली पोप ने रच दिया इतिहास

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंग्लैंड के नंबर 3 ओली पोप ने गुरुवार 22 मई 2025 की रात इतिहास रचा। उन्होंने जिम्बाब्वे के खिलाफ एकमात्र टेस्ट मैच में घरेलू मैदान (नॉटिंघम के ट्रेंट ब्रिज स्टेडियम) पर शतक लगाया।

जिम्बाब्वे के खिलाफ शतक लगाने के साथ ही वह विभिन्न देशों के खिलाफ अपने पहले 8 टेस्ट शतक लगाने वाले दुनिया के पहले बल्लेबाज बन गए। खास यह है कि ओली पोप ने अब तक 9 टीमों के खिलाफ टेस्ट मैच खेला है। इसमें से 8 टीमों के खिलाफ उन्होंने शतक लगाये हैं। वह भारत, साउथ अफ्रीका, न्यूजीलैंड, वेस्टइंडीज, श्रीलंका, पाकिस्तान, आयरलैंड और जिम्बाब्वे के खिलाफ टेस्ट मैच में शतक लगा चुके हैं। सिर्फ ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ ही वह अब तक टेस्ट मैच में शतक नहीं लगा पाए हैं। इस साल के अंत में उनके ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलने की संभावना है। अगर वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भी टेस्ट शतक बनाने में सफल हो जाते हैं तो एक बेहतरीन क्लब में शामिल हो जाएंगे।

### ओली पोप ने 109 गेंद में पूरा किया शतक

ओली पोप ने 109 गेंद में अपना 8वां टेस्ट शतक पूरा किया। उन्होंने 3 अंकों का आंकड़ा पार करते हुए कई रिकॉर्ड्स अपने नाम किये। ओली पोप ने नंबर 3 पर अपना सातवां शतक बनाया। इससे वह इस स्थान पर इंग्लैंड के बल्लेबाजों में जोनाथन ट्रॉट के बराबर आ गए। केवल दिग्गज वैली हैमंड, केन बैरिंगटन और डेविड गॉवर ने नंबर 3 पर इंग्लैंड के लिए उनसे अधिक टेस्ट शतक बनाए हैं। ओली पोप कम से कम आठ विभिन्न देशों के खिलाफ शतक बनाने वाले 30वें टेस्ट बल्लेबाज हैं। यदि वह इस साल के अंत में एशेज सीरीज में शतक लगाते हैं तो सचिन तेंदुलकर, जैक्स कैलिस, रिकी पोंटिंग, कुमार संगकारा और राहुल द्रविड़ जैसे दिग्गज क्रिकेटर्स के क्लब में शामिल हो जाएंगे।

### जिम्बाब्वे के खिलाफ इंग्लैंड के शीर्ष 3 बल्लेबाजों ने शतक लगाए

नॉटिंघम के ट्रेंट ब्रिज में चार दिवसीय टेस्ट के पहले दिन पहले बल्लेबाजी करते हुए इंग्लैंड ने 88 ओवर में 3 विकेट पर 498 रन बनाए। बेन स्टोक्स की अगुआई वाली इंग्लैंड के शीर्ष तीनों बल्लेबाजों ने शतक बनाए। सलामी बल्लेबाज बेन डकेट ने घरेलू मैदान पर 100 गेंद मे शतक जड़ा, जबकि जैक क्रॉली ने अपेक्षाकृत धीमे शतक (145 गेंद में) लगाया। वह 171 गेंद में 124 रन बनाकर आउट हुए। दिन का खेल खत्म होने के समय ओली पोप 163 गेंद में 169 और हैरी ब्रूक 18 गेंद में 9 रन बनाकर क्रीज पर थे। जो रूट 44 गेंद में 3 चौके की मदद से 34 रन बनाकर पवेलियन लौट चुके थे।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## न्यूज बाइट्स

### पुलिस केंद्र में अनुशासन सुदृढ़ करने हेतु पीटी, परेड एवं योग सत्र का आयोजन

औरंगाबाद (एसवीवी.सं.)। शुक्रवार को प्रतिदिन की भांति पुलिस केंद्र, औरंगाबाद में पुलिस पदाधिकारियों एवं पुलिसकर्मियों के लिए पीटी (फिजिकल ट्रेनिंग), परेड एवं योग अभ्यास का नियमित आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य पुलिस बल में अनुशासन, शारीरिक फिटनेस तथा मानसिक संतुलन बनाए रखना है। सुबह के समय आयोजित इस सत्र में बड़ी संख्या में जवानों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। फिजिकल ट्रेनिंग और परेड के जरिए जवानों के शरीर को चुस्त-दुरुस्त बनाए रखने पर बल दिया गया, वहीं योग अभ्यास के माध्यम से मानसिक तनाव को कम करने और आत्मिक शांति को बढ़ावा देने का प्रयास किया गया।

### एसपी द्वारा आयोजित जनता दरबार में आमजनों की सुनी समस्याएं

औरंगाबाद (एसवीवी.सं.)। जिले से सामने आई है, जहां पुलिस अधीक्षक के द्वारा जनता की समस्याओं को सुनने और उनका समाधान करने के उद्देश्य से एक विशेष जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दरबार में बड़ी संख्या में आमजन अपनी-अपनी समस्याओं को लेकर पहुंचे थे। कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक ने एक-एक व्यक्ति की बातों को गंभीरता से सुना और उन्हें आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं का जल्द समाधान किया जाएगा। कई लोगों ने अपने पारिवारिक, सामाजिक, भूमि विवाद, थाने में लंबित मामलों, साइबर क्राइम जैसी विभिन्न प्रकार की शिकायतें दर्ज कराई। पुलिस अधीक्षक ने हर शिकायत को गंभीरता से लेते हुए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई हेतु निर्देशित किया। जनता दरबार में आये लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन से आमजन की आवाज सीधे प्रशासन तक पहुंचती है, जिससे विश्वास की भावना मजबूत होती है। कई शिकायतकर्ताओं ने बताया कि पहले वे अपनी शिकायतों को लेकर महीनों तक भटकते थे, लेकिन अब इस दरबार के माध्यम से उन्हें समाधान की उम्मीद दिख रही है। पुलिस अधीक्षक ने मीडिया से बातचीत में बताया कि जनता दरबार का आयोजन नियमित रूप से किया जाएगा ताकि जिले में सुशासन स्थापित हो सके और पुलिस-प्रशासन तथा जनता के बीच बेहतर समन्वय बन सके।

### मुफ्त कानूनी सहायता प्रणाली पर निगरानी व सलाह समिति की बैठक

औरंगाबाद (एसवीवी.सं.)। जिला विधिक सेवा प्राधिकार, औरंगाबाद के अंतर्गत मुफ्त कानूनी बचाव पक्ष सहायता प्रणाली की प्रगति की समीक्षा हेतु निगरानी एवं सलाह समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम मो. इसरार अहमद ने की। इस बैठक में समिति अध्यक्ष के साथ प्राधिकरण की सचिव तान्या पटेल और वरिष्ठ अधिवक्ता रसिक बिहारी सिंह ने भाग लिया। बैठक में माह मई के द्वितीय सप्ताह में दिये गए वादों में अधिवक्ताओं द्वारा किये गए कार्यों की समीक्षा की गई, जिसे संतोषजनक बताया गया।

राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक में धीमी प्रगति पर डीएम ने जताई नाराजगी, अधिकारियों को दिए निर्देश

# जिलाधिकारी ने दाखिल-खारिज और भूमि विवादों के शीघ्र निष्पादन का दिया निर्देश

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद




जिले में राजस्व संबंधी कार्यों की स्थिति और प्रगति को लेकर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में एक विस्तृत समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में जिले के सभी प्रमुख राजस्व संबंधी विभागों की अब तक की उपलब्धियों, कमियों और आगे की कार्ययोजना पर गहन विचार-विमर्श हुआ। बैठक में पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से विभागवार प्रगति की प्रस्तुति दी गई। बैठक में शामिल प्रमुख विभागों में खान एवं भू-तत्व, जिला निबंधन कार्यालय, परिवहन विभाग, वाणिज्य कर, राष्ट्रीय बचत योजना, नगर परिषद औरंगाबाद एवं दाउदनगर, नगर पंचायत रफीगंज व नबीनगर, वन प्रमंडल, माप एवं तौल विभाग, सिंचाई व नहर प्रमंडल, तथा जिला नीलाम पत्र कार्यालय शामिल रहे। बैठक के दौरान यह जानकारी सामने आई कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए निर्धारित कुल राजस्व लक्ष्य के मुकाबले अभी तक केवल 13.57 प्रतिशत की ही प्राप्ति हो सकी है। इस पर जिलाधिकारी ने गहरी चिंता व्यक्त की और कहा कि यह स्थिति अत्यंत असंतोषजनक है। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे विभागीय समन्वय के साथ कार्य करते हुए राजस्व वसूली की गति तेज करें और मासिक लक्ष्य को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करें। बैठक में दाखिल-खारिज से जुड़े मामलों की भी समीक्षा की गई, जिसमें बताया गया कि 125 मामले 75 दिनों से अधिक समय से लंबित हैं। इनमें औरंगाबाद सदर अंचल में सर्वाधिक 95 मामले लंबित हैं, जिस पर डीएम ने संबंधित अंचलाधिकारी को फटकार लगाई और एक सप्ताह के अंदर सभी मामलों के निष्पादन का निर्देश दिया। वहीं, हसपुरा और दाउदनगर अंचलों में दाखिल-खारिज का कोई लंबित मामला नहीं पाया गया, जिसे जिलाधिकारी ने सराहनीय बताया। अभियान बसेरा फेस-2 के अंतर्गत अब तक 2221 लाभुकों का सर्वेक्षण हुआ, जिनमें से 1481 को भूमि पर्चा वितरित किया गया है, जबकि 657 आवेदक अयोग्य पाए गए हैं। अंबेडकर समग्र सेवा समाधान योजना के अंतर्गत 252 लाभुकों का सर्वे हुआ, जिनमें से 202 को भूमि पर्चा जारी किया गया और 10 को अयोग्य घोषित किया गया। ई-मापी योजना के अंतर्गत खेत स्तर पर डिजिटल नक्शों के सत्यापन व अद्यतन कार्य की प्रगति धीमी पाई गई, जिस पर डीएम ने इसे शीघ्र गति देने को कहा।

परिमार्जन प्लस योजना के अंतर्गत जमाबंदी त्रुटियों को ठीक करने, अद्यतन करने व रिकॉर्ड को समयबद्ध रूप से ऑनलाइन प्रविष्ट करने के स्पष्ट निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने सभी अंचल अधिकारियों को आदेश दिया कि प्रत्येक शनिवार को भूमि विवादों से संबंधित विशेष बैठक आयोजित की जाए ताकि ऐसे मामलों का निष्पादन तेजी से हो सके और आम जनता को न्याय मिल सके। इस बैठक में अपर समाहर्ता ललित भूषण रंजन, बंदोबस्त पदाधिकारी शैलेश कुमार दास, प्रभारी राजस्व शाखा सच्चिदानंद सुमन, सदर भूमि सुधार उप समाहर्ता श्वेतांक लाल, जिले के सभी अंचलाधिकारी, राजस्व पदाधिकारी और संबंधित विभागों के प्रतिनिधि वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने अंत में यह स्पष्ट किया कि राजस्व व्यवस्था को पारदर्शी, समयबद्ध और डिजिटल बनाने की दिशा में जिले को अग्रणी बनाना है और इसके लिए सभी पदाधिकारियों को गंभीरता और जिम्मेदारी से काम करना होगा।

### दाखिल-खारिज मामलों में भी खामियां

जिलाधिकारी ने दाखिल-खारिज मामलों में लापरवाही पर भी नाराजगी जताई। बताया गया कि 125 मामले 75 दिनों से अधिक समय से लंबित हैं, जिनमें औरंगाबाद सदर अंचल में सबसे ज्यादा 95 मामले लंबित हैं। इस पर अंचलाधिकारी को एक सप्ताह में सभी मामलों के निष्पादन का निर्देश दिया गया। हसपुरा और दाउदनगर अंचलों में कोई लंबित मामला नहीं पाया गया, जो संतोषजनक बताया गया

# पति ने की गला दबाकर पत्नी की हत्या

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



पति ने गला दबाकर पत्नी की हत्या कर दी। वारदात के बाद मौके से फरार हो गया। मृतका के पिता ने दामाद को मानसिक रूप से विक्षिप्त बताया है। घटना मुफस्सिल थाना क्षेत्र के ओरा शेखपुरा गांव की है। परिजनों ने बताया कि शुक्रवार की सुबह सोनी देवी(30) स्नान करने के लिए बाथरूम गई थी। इस बीच पति रंजन राम ने जबरदस्ती दरवाजा खुलवाया और उसका गला घोंट दिया। सास ने शोर मचाकर आसपास के लोगों को बुलाया। मामले की सूचना मिलते ही सोनी के पिता श्यामसुंदर राम मौके पर पहुंचे। बेटी को जिंदा समझकर अस्पताल लेकर गए, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। श्यामसुंदर राम ने बताया कि 2014 में बेटी की शादी रंजन राम के साथ हुई थी। दामाद की मानसिक हालत ठीक नहीं थी। रांची से इलाज चल रहा है। शादी के कुछ दिन बाद ही बेटी को प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। दोनों के बीच अक्सर विवाद होता था। मारपीट भी करता था। 5 साल के बेटे ऋषभ के साथ सोनी ज्यादतर मायके में ही रहती थी। कई बार समझौता हुआ था, लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। रंजन के पिता सुरेंद्र राम होमगार्ड में थे। एक महीना पहले उनकी मौत हो गई थी। ससुर की मौत के बाद सोनी अपने ससुराल आई थी। बेटा ऋषभ अपने नानी घर में था। आरोपी का बड़ा भाई उसी घर में पत्नी और बच्चों के साथ अलग रहता था। बेटी कुछ दिनों में मायके आने वाली थी। उससे पहले उसे मार डाला। वहीं, मुफस्सिल थानाध्यक्ष अशोक कुमार ने बताया शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। परिजनों की ओर से अभी आवेदन नहीं मिला है। मामले की छानबीन की जा रही है।

# खरीफ फसल के लिए नहरों की सफाई कार्य में तेजी

औरंगाबाद (एसवीवी सं.)। जिले में खरीफ सीजन की शुरुआत से पहले जल संसाधन विभाग ने अपनी तैयारियों को तेज कर दिया है। विभाग की ओर से नहरों की सफाई, मरम्मत और निरीक्षण का कार्य तेजी से किया जा रहा है, ताकि इस बार किसानों को पानी की कोई कमी न हो और सिंचाई कार्य पूरी तरह सुचारू रूप से चल सके। जानकारी के अनुसार, औरंगाबाद परिक्षेत्र में 'शीर्ष 2700' योजना के अंतर्गत कुल 5 योजनाओं को चिह्नित किया गया है। इनमें से 2 योजनाएं निविदा प्रक्रिया के अंतिम चरण में हैं और बाकी की तीन योजनाओं पर भी बहुत जल्द काम शुरू होने वाला है। इन योजनाओं का उद्देश्य खरीफ फसल के लिए जल आपूर्ति को समय पर और बिना रुकावट के उपलब्ध कराना है। विभाग ने नहरों की समयबद्ध सफाई, टूटे किनारों की मरम्मत, जल संरचनाओं की तकनीकी जांच जैसे कामों को प्राथमिकता दी है। इसके साथ ही, आगामी सीजन में जल प्रवाह को सुचारू बनाए रखने के लिए समेकित प्रयास किए जा रहे हैं। औरंगाबाद यांत्रिक प्रमंडल द्वारा नहरों के गेटों की जांच कर ली गई है और जहां जरूरत पड़ी, वहां सुधार कार्य भी किया जा रहा है। जल संसाधन विभाग ने यह भी स्पष्ट किया है कि इस बार किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए हर संभव तैयारी की जा रही है। नहरों के संचालन के लिए आवश्यक मानव संसाधन की सूची तैयार कर ली गई है, जिससे किसी भी आपात स्थिति में तुरंत कार्रवाई की जा सके। कुल मिलाकर, औरंगाबाद में खरीफ सीजन से पहले विभाग की सक्रियता किसानों के लिए राहत भरी खबर है। यदि सब कुछ तय योजना के अनुसार चलता रहा, तो इस बार की खेती में पानी की कमी की समस्या नहीं होगी और किसान संतोषजनक उत्पादन कर पाएंगे।

# डीएम ने सुनी जनता दरबार में ग्रामीणों की समस्याएं

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



शुक्रवार को समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में जिला पदाधिकारी श्रीकान्त शास्त्री (भा.प्र.से.) की अध्यक्षता में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दरबार में कुल दो परिवादी अपनी शिकायतों के साथ पहुंचे, जिन्हें जिला पदाधिकारी ने पूरी गंभीरता से सुना और समाधान के लिए संबंधित विभागों को स्पष्ट निर्देश भी दिए। पहली शिकायत औरंगाबाद प्रखंड के ग्राम खान, थाना मुफस्सिल से आई थी। गांव के रहने वाले कामता कुमार मेहता और अन्य ग्रामीणों ने बताया कि गांव में एक व्यक्ति द्वारा चलाया जा रहा मुर्गी फार्म गांववासियों के लिए मुसीबत बन गया है। फार्म से निकलने वाली दुर्गंध और गंदगी के कारण आसपास का वातावरण अत्यधिक प्रदूषित हो गया है, जिससे लोगों का जनजीवन प्रभावित हो रहा है। उन्होंने जिला प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग की। दूसरी शिकायत रफीगंज प्रखंड के ग्राम गम्हरिया, पंचायत लोहारा की सुनीता देवी द्वारा की गई। उन्होंने गांव के स्कूल में चल रहे मध्यान्ह भोजन योजना में चावल की चोरी और अन्य अनियमितताओं की जानकारी दी। उन्होंने आरोप लगाया कि बच्चों के भोजन में लगातार गड़बड़ी हो रही है और गुणवत्ता पर भी कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा। दोनों मामलों को गंभीर मानते हुए जिला पदाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे बिना किसी देरी के जांच करें और दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनहित से जुड़ी ऐसी शिकायतों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जनता दरबार के समापन पर डीएम ने आश्वस्त किया कि शिकायतकर्ताओं को समयबद्ध और निष्पक्ष न्याय मिलेगा और प्रशासन का उद्देश्य ही यही है कि आम जनता को हर स्तर पर राहत और न्याय मिल सके।

# बाल श्रम के विरुद्ध कार्रवाई, युवाओं के कौशल विकास और योजनाओं के निष्पादन पर डीएम ने दिए सख्त निर्देश

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



शुक्रवार को समाहरणालय के सभा कक्ष में जिला पदाधिकारी श्रीकान्त शास्त्री (भा.प्र.से.) की अध्यक्षता में श्रम विभाग, जिला नियोजन कार्यालय और जिला निबंधन एवं परामर्श केंद्र (डीआरसीसी) की संयुक्त समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस अहम बैठक में जिले में संचालित विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों की प्रगति की बारीकी से समीक्षा की गई। बैठक की शुरुआत श्रम अधीक्षक की प्रस्तुति से हुई, जिसमें उन्होंने बताया कि बाल श्रम के खिलाफ जिले में चलाए जा रहे अभियान के तहत अब तक 5 बाल श्रमिकों को कार्यस्थलों से मुक्त कराया गया है। इन मामलों में दोषी नियोजकों पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है, साथ ही दो नियोजकों द्वारा 20,000 रुपये की राशि जिला बाल श्रमिक पुनर्वास कोष में जमा की गई है। इस पर डीएम ने विभाग की सराहना करते हुए निर्देश दिया कि बाल श्रम के उन्मूलन के लिए जागरूकता अभियान को और तेज किया जाए, ताकि औरंगाबाद जिला बाल श्रम से मुक्त हो सके। डॉ. अम्बेडकर समग्र सेवा अभियान के तहत मिले आवेदनों की समीक्षा करते हुए डीएम ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी आवेदनों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि कौशल विकास योजना और स्वयं सहायता योजना के लंबित आवेदनों को प्राथमिकता देते हुए निपटाया जाए, जिससे युवाओं को समय पर लाभ मिल सके। इसके साथ ही 'सात निश्चय योजना' के अंतर्गत संचालित योजनाओं की प्रगति पर भी चर्चा हुई। डीएम ने स्पष्ट निर्देश दिया कि इन योजनाओं के कार्यान्वयन को शिविर मोड में किया जाए ताकि लक्ष्य को तय समय-सीमा में पूरा किया जा सके और अधिक से अधिक लाभार्थी जोड़ सकें। कुशल युवा कार्यक्रम (केवाईपी) पर चर्चा करते हुए डीएम ने केंद्र संचालकों से कहा कि वे केवल प्रशिक्षण ही न दें, बल्कि बच्चों के शैक्षणिक और व्यवहारिक विकास पर भी विशेष ध्यान दें, जिससे उनका समग्र विकास हो सके। इसके अलावा औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) में पढ़ रहे युवाओं को व्यावहारिक अनुभव दिलाने के लिए ऑन-जॉब ट्रेनिंग की व्यवस्था को और सुदृढ़ करने का भी निर्देश दिया गया।

# प्रसून प्रवर ने जेईई बी.प्लानिंग में ऑल इंडिया रैंक 68 पाकर जिले को दिलाई राष्ट्रीय पहचान

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



जिला मुख्यालय स्थित पीएम श्री अनुग्रह मध्य विद्यालय के प्राचार्य उदय कुमार सिंह के सुपुत्र प्रसून प्रवर ने जेईई (बी.प्लानिंग) परीक्षा में ऑल इंडिया रैंक 68 हासिल कर औरंगाबाद जिले का नाम पूरे देश में रोशन कर दिया है। साथ ही, बी.आर्क में भी उन्होंने शानदार प्रदर्शन करते हुए ऑल इंडिया रैंक 1052 प्राप्त की है। प्रसून के पिता उदय कुमार सिंह, जो खुद एक राजकीय पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक हैं और वर्तमान में पीएम श्री अनुग्रह मध्य विद्यालय में प्राचार्य के पद पर कार्यरत हैं, ने इस उपलब्धि को परिवार के लिए गौरवपूर्ण क्षण बताया। वहीं, उनकी माता किरण सिंह ने बताया कि प्रसून ने जेईई मेन्स टू में आईआईटी खड़गपुर, आईआईटी रुड़की जैसे देश के प्रतिष्ठित संस्थानों में दाखिले हेतु परीक्षा दी थी, जिसमें उन्हें उल्लेखनीय सफलता मिली है। प्रसून डीपीएस रांची के छात्र रहे हैं और वहीं से उन्होंने बोर्ड परीक्षा में भी टॉप रैंक हासिल की थी। जेईई मेंस की दोनों परीक्षाओं में उन्होंने 99 प्लस परसेंटाइल लाकर अपनी मेधा और मेहनत का परिचय दिया है। बेहद विनम्र स्वभाव और रचनात्मक दृष्टिकोण रखने वाले प्रसून प्रवर का सपना है कि वे देश के लिए एक मजबूत और सृजनशील भूमिका निभाएं। उनकी इस अद्भुत सफलता से न सिर्फ उनके परिजन बल्कि पूरा विद्यालय परिवार और जिलेवासी गौरव की अनुभूति कर रहे हैं। औरंगाबाद जिले के लिए यह क्षण शिक्षा के क्षेत्र में एक प्रेरणा बन गया है, जो आने वाले छात्र-छात्राओं को भी उच्च लक्ष्य के लिए प्रेरित करेगा।

# देसी कट्टा लेकर शादी में जा रहे दो युवक गिरफ्तार

- आदित्य कुमार (निवासीः नालबंद टोली, वार्ड नं-8, दाउदनगर)
- आकाश कुमार (निवासीः विषैनी कला, थाना राजपुर, जिला रोहतास)

निज सं. | दाउदनगर (औरंगाबाद)



औरंगाबाद से एक सनसनीखेज खबर सामने आई है। दाउदनगर थाना क्षेत्र में पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान दो युवकों को देसी कट्टा के साथ गिरफ्तार किया है। दोनों युवक बाइक पर सवार होकर शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे, लेकिन रास्ते में पुलिस के हत्थे चढ़ गए। पकड़े गए युवकों की पहचान दाउदनगर शहर के वार्ड नंबर-8 स्थित नालबंद टोली निवासी आदित्य कुमार और रोहतास जिले के राजपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत विषैनी कला गांव निवासी आकाश कुमार के रूप में हुई है।

जानकारी के अनुसार, गुरुवार रात दाउदनगर थाना में पदस्थापित पुलिस पदाधिकारी अभिषेक कुमार के नेतृत्व में सशस्त्र बलों के सहयोग से एक विशेष छापेमारी और वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा था। इसी क्रम में बम रोड पर पुलिस को देखकर चौरम की ओर से आ रही एक बाइक पर सवार दो युवक अचानक दिशा बदलकर भागने लगे। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए उन्हें खदेड़कर धर दबोचा।

जांच के दौरान आकाश कुमार की कमर से एक देसी कट्टा बरामद हुआ। इस बरामदगी के बाद दोनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया गया और उनकी बाइक को भी जब्त कर थाने लाया गया। पूछताछ में दोनों ने बताया कि वे एक शादी समारोह में जा रहे थे। हालांकि, पुलिस इस दावे की पुष्टि कर रही है। इस संबंध में एसडीपीओ ने बताया कि दोनों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है और उन्हें रिमांड पर भेजने की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। साथ ही, आकाश कुमार का आपराधिक इतिहास पता लगाने के लिए रोहतास पुलिस से संपर्क किया गया है। पुलिस इस बात की भी गहराई से जांच कर रही है कि आखिर युवकों के पास हथियार कहां से आया और क्या वे किसी आपराधिक वारदात को अंजाम देने की फिराक में थे? फिलहाल, इस घटना से इलाके में हड़कंप मचा हुआ है और पुलिस हर पहलु की बारीकी से जांच कर रही है। आने वाले दिनों में पूछताछ के आधार पर और भी खुलासे होने की संभावना जताई जा रही है।

# महिला ने पति पर लगाया अवैध संबंध और दहेज के लिए मारपीट का आरोप

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

औरंगाबाद में एक महिला ने अपने पति पर दूसरी महिलाओं से अवैध संबंध रखने और दहेज के लिए मारपीट करने का आरोप लगाया है। महिला का कहना है कि जब मैं अपने पति को अवैध संबंधों को लेकर टोकती हूं, तो वो मेरे साथ मारपीट करता है। मामला नगर थाना क्षेत्र के जरमाखाप गांव का है। महिला ने बताया कि दहेज की मांग को लेकर शुक्रवार को पति ने मारपीट की, जिसके बाद मुझे गंभीर चोट आई। सदर अस्पताल में इलाज कराने पहुंची महिला की पहचान जरमाखाप गांव के रहने वाले शख्स की 22 साल की पत्नी के रूप में हुई है। शुक्रवार को सदर अस्पताल में इलाज के दौरान प्रियंका देवी ने बताया कि उनकी शादी साल 2022 में हिंदू रीति-रिवाज से हुई थी। उसका मायका झारखंड के पलामू जिले के जपला स्थित बेनीकला गांव में है। उसकी दो बेटियां हैं। प्रियंका देवी ने बताया कि शादी के समय मायके वालों ने दहेज में कुछ सामान दिया था, कुछ सामान बाकी रह गया था। बार-बार वह मायके वालों से दहेज में बकाया सामान मांग कर लाने के लिए दबाव बनाता है। इसी बात को लेकर पति अक्सर मारपीट करता है। मांग पूरी न होने पर तलाक देने की धमकी देता है। महिला ने आरोप लगाया कि पति के अन्य लड़कियों से अवैध संबंध हैं। वो घर तक लड़कियों को लेकर आता है और उन्हें वापस छोड़ने जाता है। जब मैं इसका विरोध करती हूं तो मेरे साथ मारपीट किया जात है। महिला ने बताया कि उसका पति शहर के रमेश चौक स्थित एक निजी अस्पताल में कंपाउंडर है। शुक्रवार सुबह पति ने मायके से शादी का बकाया पैसा लाने को कहा। विरोध करने पर पीट दिया। इसके बाद महिला अकेली सदर अस्पताल पहुंची। इलाज के बाद महिला थाना में आवेदन देने चली गई। उधर, आरोपी पति ने पत्नी के आरोपों को बेबुनियाद बताया। कहा, घरेलू विवाद को लेकर झगड़े होते रहते हैं। पत्नी हमेशा गलत केस में फंसाने की धमकी देती है।

# जिला जज ने की निगरानी व सलाह समिति की बैठक



निज संवाददाता | औरंगाबाद

औरंगाबाद व्यवहार न्यायालय की निगरानी और सलाह समिति की एक बैठक शुक्रवार को समिति के अध्यक्ष व जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश-1 मो. इसरार अहमद की अध्यक्षता में उनके प्रकोष्ठ में संपन्न हुई। बैठक में जिला विधिक सेवा प्राधिकार की सचिव तान्या पटेल, वरिष्ठ अधिवक्ता तथा निगरानी और सलाह समिति के सदस्य रसिक बिहारी सिंह ने मुफ्त कानूनी बचाव पक्ष सहायता प्रणाली के कार्यो की समीक्षा की। बैठक में मुफ्त कानूनी बचाव पक्ष सहायता प्रणाली को माह मई के द्वितीय सप्ताह में प्रदत्त वादों में किये गये कार्यो को संतोषप्रद बताते हुए और बेहतर कार्य करने एवं वाद के निस्तारण कराने हेतु और अधिक प्रयास करने का निर्देश दिया। कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार में वैसे लोग जो अत्यन्त ही गरीब वंचित, अनुसूचित जाति, जनजाति, महिला आदि जो विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम की धारा 12 के अधीन आते हैं, उन्हें उनके वादों में सशक्त एवं बेहतरीन बचाव हेतु एक नई प्रणाली के तहत यह सब व्यवस्था की गई है। आप सभी से उम्मीद है कि आप उन्हें त्वरित और सशक्त बचाव करते हुए न्याय दिलाने में अग्रणी भूमिका का निर्वह्व ईमानदारीपूर्वक करें। गौरतलब है कि मुफ्त कानूनी बचाव पक्ष सहायता प्रणाली के तहत सभी अधिवक्ताओं की पूर्णकालिक नियुक्ति इसलिए की गयी है कि आप अपने निजी वकालत के कार्य को छोड़कर सिर्फ विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम की धारा 12 के अधीन आने वाले बचाव से संबंधित वाद में कार्य करते हुए उन्हें सशक्त बचाव करते हुए न्याय देना है।

# एसपी ने लाइन डे पर किया पुलिस केंद्र का निरीक्षण जवानों की समस्याओं के समाधान का दिया निर्देश

- पुलिस अधीक्षक ने भरोसा दिलाया कि ऐसे निरीक्षण आगे भी नियमित रूप से जारी रहेंगे।

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



पुलिस अधीक्षक द्वारा लाइन डे के अवसर पर पुलिस केंद्र, औरंगाबाद का गहन निरीक्षण किया गया। इस मौके पर उन्होंने पुलिस पदाधिकारियों और जवानों से मुलाकात कर उनके विभिन्न मुद्दों और समस्याओं को विस्तारपूर्वक सुना। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने जवानों की समस्याओं जैसे – आवासीय सुविधा, भोजन व्यवस्था, ड्यूटी में संतुलन, चिकित्सा सुविधा, अवकाश संबंधित विषयों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित शाखाओं को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि पुलिस बल की मजबूती और मनोबल ऊंचा रखने के लिए उनकी परेशानियों को प्राथमिकता के आधार पर हल करना जरूरी है। इस दौरान उन्होंने केंद्र परिसर की साफ-सफाई, कार्यालयों की व्यवस्था, असलहाखाना, बैरक, मेस तथा वाहनों की स्थिति का भी बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने कई जरूरी निर्देश दिए ताकि अनुशासन और व्यवस्था में और अधिक सुधार लाया जा सके। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि लाइन डे जैसे आयोजन का मुख्य उद्देश्य यह है कि पुलिसकर्मियों की आंतरिक समस्याओं को सीधे सुना जाए और उनका त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने यह भी जोड़ा कि हर स्तर पर संवाद और सहयोग की भावना को बढ़ावा देकर पुलिस बल को और अधिक प्रभावशाली व उत्तरदायी बनाया जा सकता है।

इस अवसर पर पुलिस बल के बीच एक सकारात्मक ऊर्जा और भरोसे का माहौल देखा गया। जवानों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की नियमित पहल से उन्हें अपने उच्चाधिकारियों से संवाद स्थापित करने का अवसर मिलता है और कार्य में नया उत्साह आता है। पुलिस अधीक्षक ने आश्वस्त किया कि भविष्य में भी इस तरह के निरीक्षण जारी रहेंगे और पुलिस बल की भलाई हेतु हरसंभव कदम उठाए जाएंगे।

# रेफरल अस्पताल में लापरवाही से नवजात की मौत परिजनों का हंगामा, डॉक्टर-स्वास्थ्यकर्मी फरार

निज संवाददाता | कुटुंबा (औरंगाबाद)



शुक्रवार को कुटुंबा रेफरल अस्पताल में डॉक्टर और स्वास्थ्यकर्मियों की लापरवाही के कारण एक नवजात की मौत हो गई। इस घटना के बाद अस्पताल परिसर में परिजनों और स्थानीय लोगों ने जमकर हंगामा किया। आक्रोशित भीड़ को देख अस्पताल के डॉक्टर और स्टाफ अपने चेंबर छोड़कर फरार हो गए। घटना टंडवा थाना क्षेत्र के घुरा सागर गांव निवासी शैलेश सिंह की पत्नी सुगंधा देवी (25 वर्ष) के साथ घटी। गुरुवार रात 2 बजे उन्हें प्रसव पीड़ा के कारण कुटुंबा रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया गया था। लेकिन परिजनों का आरोप है कि भर्ती के बाद घंटों तक कोई डॉक्टर या स्टाफ उन्हें देखने तक नहीं आया। न तो पर्ची कटी, न ही रजिस्ट्रेशन हुआ। सिर्फ कुछ एएनएम ने मौखिक रूप से इलाज का भरोसा दिलाया, लेकिन कोई ठोस चिकित्सा व्यवस्था नहीं की गई। शैलेश के चचेरे भाई राकेश कुमार ने बताया कि रातभर इलाज के इंतजार में समय निकल गया। सुबह रिश्तेदार मृत्युंजय सिंह के प्रयासों से सुबह 8 बजे पर्ची कटी और रजिस्ट्रेशन हुआ। बावजूद इसके इलाज शुरू नहीं हुआ। अंततः जब हालात और बिगड़ने लगे तो परिजनों ने हंगामा किया। इसके बाद सुबह करीब 11 बजे मरीज को सदर अस्पताल औरंगाबाद रेफर किया गया, जहाँ पहुंचते ही डिलीवरी हुई, लेकिन दुर्भाग्यवश बच्चा मृत पैदा हुआ। मृत नवजात का शव लेकर परिजन दोबारा कुटुंबा अस्पताल लौटे और वहां कई घंटे तक हंगामा किया। इस दर्दनाक घटना से मां-पिता और परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। उन्होंने जिला पदाधिकारी और सिविल सर्जन से लिखित शिकायत करने की बात कही है। हंगामे के दौरान अस्पताल के सुरक्षा कर्मियों ने स्थिति को संभालने का प्रयास किया। पुलिस की मौजूदगी में धीरे-धीरे स्वास्थ्यकर्मियों को बुलाया गया और बाद में कुटुंबा थाना पुलिस भी पहुंची। भीड़ को हटाया गया लेकिन लोगों ने अस्पताल प्रशासन और पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। थानाध्यक्ष अक्षयवर सिंह ने प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी से बात कर व्यवस्था में सुधार का आश्वासन दिया। ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर सूचित पांडेय ने कहा कि वे पिछले 24 घंटे से लगातार ड्यूटी पर थे और मरीज की गंभीर स्थिति सुबह ही पता चली।